16 जुलाई 2025 | रांची, बुधवार | वर्ष-26, अंक- 164, पृष्ठ-12 | श्रावण कृष्ण पक्ष 06, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास


# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

1. आईएसएस की यात्रा करने वाले पहले भारतीय हैं शुभांशु शुक्ला
2. सात दिनों तक क्वारंटाइन किए जाएंगे चारों अंतरिक्ष यात्री



## अंतरिक्ष मिशन पूरा कर तीन और अंतरिक्ष यात्रियों के साथ सकुशल पृथ्वी पर वापस लौटे शुक्ला

# भारत के गर्व शुभांशु ने रचा इतिहास

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अपना अंतरिक्ष मिशन पूरा कर मंगलवार को सकुशल पृथ्वी पर वापस लौट आए। उनके कैप्सूल ने कैलिफोर्निया के तट पर सफल लैंडिंग की। इसके बाद वे विशेषज्ञों की मदद से मुस्कुराते हुए ड्रैगन कैप्सूल से बाहर आए। यह क्षण भारत के लिए ऐतिहासिक था। शुक्ला पहले भारतीय हैं, जिन्होंने किसी निजी मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की यात्रा की और सुरक्षित लौटे। राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले दूसरे भारतीय बने हैं शुभांशु शुक्ला। राकेश शर्मा ने यह यात्रा वर्ष 1984 में की थी। एक्सिओम 4 मिशन के तहत ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के ड्रैगन कैप्सूल ने मंगलवार को भारतीय समय के अनुसार दिन में 3:02 बजे कैलिफोर्निया के पास प्रशांत महासागर में स्प्लैशडाउन किया। इस दौरान उन्होंने हाथ उठाकर सबका अभिवादन किया। उन्होंने 18 दिनों में पहली बार गुरुत्वाकर्षण का अनुभव किया। इसके बाद शुभांशु शुक्ला को आइसोलेशन रूम में ले जा गया। अगले एक हफ्ते तक शुभांशु और अन्य एस्ट्रोनॉट्स को क्वारंटाइन (पृथकवास) रखा जाएगा।

मंगलवार को पूरा देश अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की सफल वापसी पर नजरें गड़ाए बैठा था। अनुसंधान भवन में उनकी वापसी की लाइव कवरेज भी दिखाई जा रही थी। शेष पेज 11 पर

**अंतरिक्ष में शुभांशु शुक्ला ने सात प्रयोग पूरे किए :** भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने इस मिशन पर 7 प्रयोग पूरे किए। इसमें भारतीय टार्डिग्रेड, मायोजेनेसिस, मेथी और मूंग के बीज का अंकुरण, सायनोबैक्टीरिया, माइक्रोएल्गी, फसल बीज और वोयाजर डिस्प्ले पर प्रयोग योजना के अनुसार पूरे किए गए हैं।

**शुभांशु ने 310 से ज्यादा बार पृथ्वी की परिक्रमा की :** आईएसएस पर अपने दो सप्ताह से अधिक के प्रवास के दौरान, शुभांशु शुक्ला ने कुल 310 से ज्यादा बार पृथ्वी की परिक्रमा की और लगभग 1.3 करोड़ किलोमीटर की दूरी तय की। यह दूरी पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी से 33 गुना अधिक है।

## एक्सिओम मिशन 4 में किए गए 31 देशों के 60 वैज्ञानिक प्रयोग

*ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का अंतरिक्ष यात्रा के बाद पृथ्वी पर हार्दिक स्वागत है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए एक्सिओम मिशन 4 के संचालन में उनकी भूमिका ने भारत के अंतरिक्ष अन्वेषण के साथ-साथ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए नया मील का पत्थर स्थापित किया है। इस मिशन से जुड़े सभी लोगों को मेरी ओर से बधाई।*

**- द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति** (सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर)

*स्पेसएक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, ड्रैगन के सुरक्षित उतरने की पुष्टि हो गई है। एस्ट्रोपैगी, शक्स, एस्ट्रोस्लावोज और टिबी, पृथ्वी पर आपका स्वागत है!*

**- स्पेसएक्स** (सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर)

*मैं देशवासियों के साथ ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का पृथ्वी पर ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन से लौटने पर स्वागत करता हूं। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा करने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री के रूप में उन्होंने समर्पण, साहस और पायनियरिंग स्पिरिट के जरिए देश के एक अरब सपनों को प्रेरणा दी है। यह हमारे मानव अंतरिक्ष मिशन 'गगनयान' की दिशा में एक और उपलब्धि है।*

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री** (सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर)



मुस्कुराते हुए ड्रैगन कैप्सूल से बाहर आए भारत के लाल शुभांशु

## सैनिक भाइयों-बहनों! आप पर अभिमान है

राष्ट्रीय नवीन मेल




**अरुणा झा**

पहलगाम की दिल दहला देने वाली वह वीभत्स घटना। कुछ क्षण तो लगा कि हमारी सांसे बंद हो गई हैं। खूबसूरत वादियों को जिन नापाक हाथों ने रक्त-रंजित कर दिया, जिसने खुशियों को पल भर में आंसुओं से तर कर दिया, उनसे 'बदला', 'बदला' केवल 'बदला' चारों तरफ से एक ही आवाज और फिर 'ऑपरेशन सिंदूर।' हमारे जवानों ने ऐसा बदला लिया कि दुनिया देखती रह गई। हमारे सैनिकों ने खतरों से खेलकर आतंकियों को ऐसा सबक सिखाया कि एक इतिहास रच गया। हमारे जवानों का शौर्य विश्व ने देखा। धर्म की आड़ लेकर शेष पेज 11 पर

## नामकुम के ग्रिड सब स्टेशन पर हथियारबंद लुटेरों ने बोला धावा

- बिजली ऑफिस के कर्मचारियों और होमगार्ड जवानों को बनाया बंधक
- कीमती सामान चोरी करने की भी कोशिश की, पुलिस कर रही जांच

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में अपराधियों के हौसले इतने बढ़ गए हैं कि अब उन्होंने बिजली विभाग के कार्यालय को भी अपना निशाना बनाया। रांची के नामकुम स्थित ग्रिड सब स्टेशन और ट्रांसमिशन सेंट्रल स्टोर पर सोमवार की देर रात हथियारों से लैस करीब 15 से 20 अपराधियों ने धावा बोल दिया। बदमाशों ने ड्यूटी पर तैनात ऑपरेशनल स्टाफ और होमगार्ड के जवानों को तीन घंटे तक बंधक बनाकर रखा। साथ ही, कॉपर मैटेरियल, रिले सहित कई कीमती सामान चोरी करने की कोशिश की।

कर्मचारियों के अनुसार, सोमवार की रात 10:30 बजे करीब 25 की संख्या में हथियारबंद अपराधी स्टोर के पिछले हिस्से से घुसे और सभी को बंधक बना लिया। अपराधियों ने सभी कर्मचारियों के मोबाइल फोन छीन लिए और उन्हें लगभग तीन घंटे तक बंद कमरे में कैद रखा। बदमाशों ने स्टोर रूम और जीएसएस के ताले कटर से काट डाले और कॉपर मैटेरियल, रिले जैसे कीमती उपकरण चुराने की कोशिश की। हालांकि, कितना सामान ले जाया गया, इसकी पुष्टि फिलहाल नहीं हो पाई है। रात में करीब 1:30 बजे अपराधी सभी कर्मचारियों के मोबाइल वापस करके वहां से फरार हो गए। कंट्रोल रूम के स्टाफ के अनुसार, अपराधी जाते-जाते यह धमकी भी देकर गए कि अगर किसी ने पुलिस या अधिकारियों को जानकारी दी, तो वे दोबारा लौटकर आएंगे। इससे कर्मचारियों में दहशत का माहौल है।

शेष पेज 11 पर

*घटना में करीब 15 से 20 लोग शामिल थे। वे नकाबपोश थे। उनमें से कुछ लोग गंजी और लुंगी पहने हुए थे। मामले में कार्रवाई की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज भी खंगाला जाएगा।*

**- प्रवीण पुष्कर,** ग्रामीण एसपी, रांची।

## सीसीएल मैनेजर समेत 4 गिरफ्तार

- **गिद्दी-ए कोलियरी प्रोजेक्ट में भ्रष्टाचार का मामला**

**रांची/हजारीबाग।** हजारीबाग में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सीबीआई ने सेंट्रल कोल फील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के गिद्दी-ए कोलियरी प्रोजेक्ट से जुड़े मैनेजर, दो क्लर्क और एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इन सभी पर कोयला उठाने और उसके परिवहन में रिश्वत लेकर फायदा पहुंचाने का आरोप है। इस मामले में सीबीआई जांच पड़ताल कर रही है। गिरफ्तार किए लोगों में गिद्दी-ए कोलियरी प्रोजेक्ट के मैनेजर अयोध्या करमाली, लिपिक मुकेश कुमार एवं प्रकाश महली तथा विजय कुमार सिंह शामिल हैं। जांच एजेंसी ने मंगलवार को सभी आरोपियों को रांची के विशेष न्यायाधीश के समक्ष पेश किया। जांच एजेंसी के अनुसार, मामले की जांच अभी जारी है। अन्य लोगों की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है। ज्ञात हो कि सीबीआई ने 6 मार्च 2025 को संयुक्त आकस्मिक जांच के बाद यह मामला दर्ज किया था।

### राज्यपाल ने मारवाड़ी कॉलेज के 5वें ग्रेजुएशन समारोह में लिया भाग, कहा

## उपाधि प्रमाणपत्र नहीं, दायित्व की शुरुआत है

**नवीन मेल डेस्क**



**बोले गवर्नर**

- ज्ञान को समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का साधन बनाएं
- विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करने में युवाओं की भूमिका निर्णायक

**रांची।** राज्यपाल सह झारखंड के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने रांची के मारवाड़ी कॉलेज के विवेकानंद प्रेक्षागृह में मंगलवार को आयोजित कॉलेज के '5वें ग्रेजुएशन समारोह' में भाग लेकर उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा उन्हें प्रेरित किया। राज्यपाल गंगवार ने कहा कि यह अवसर न केवल विद्यार्थियों, बल्कि उनके अभिभावकों, शिक्षकों एवं संपूर्ण महाविद्यालय परिवार के लिए हर्ष एवं गौरव का क्षण है। उपाधियां केवल शैक्षणिक उपलब्धियां नहीं हैं, बल्कि ये अनुशासन, परिश्रम और समर्पण का प्रमाण हैं तथा जीवन के एक नए अध्याय की शुरुआत का संकेत भी हैं। यह केवल प्रमाणपत्र नहीं है, बल्कि एक नए दायित्व की शुरुआत है। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे ज्ञान को केवल रोजगार प्राप्त करने का माध्यम न मानें, बल्कि उसे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का साधन बनाएं। उन्होंने कहा, भारत जैसे विविधतापूर्ण और संभावनाओं से भरे देश को आज आपके नवाचार, विचार और संवेदनशीलता की आवश्यकता है। राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा, आज हमारा देश विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हो चुका है और 'विकसित भारत @2047' की दिशा में तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को साकार करने में देश के युवाओं की निर्णायक भूमिका होगी। उन्होंने आशा प्रकट करते हुए कहा कि मारवाड़ी कॉलेज के विद्यार्थी विज्ञान, कला, प्रशासन, शिक्षा, उद्यमिता एवं सामाजिक सेवा जैसे विविध क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देंगे।

राज्यपाल महोदय ने यह भी कहा कि वे राज्य के विश्वविद्यालयों की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं और इस दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी साझा किया कि विगत एक वर्ष में उन्होंने राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों के दीक्षांत समारोहों में भाग लिया है और विद्यार्थियों से संवाद का अवसर प्राप्त किया है। समारोह में रांची विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति डॉ दिनेश कुमार सिंह, कॉलेज के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार सहित सभी शिक्षक और अन्य गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।


समारोह में कुल 128 गोल्ड मेडल दिए गए और लगभग 11,000 डिग्रियां बांटी गईं। इसमें स्नातक सत्र 2016-19, सत्र 2017-20, सत्र 2018-21 और स्नातकोत्तर सत्र 2017-19, सत्र 2018-20 और सत्र 2019-21 के उत्तीर्ण विद्यार्थियों को डिग्री दी गई हैं। शेष पेज 11 पर

## इंडिया | पुरुषों की सुंदरता में बाजार ढूंढती बहुराष्ट्रीय कंपनियां

किसी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर महिलाओं की तरह सजे धजे पुरुष को देखकर पहले लोगों को आश्चर्य होता था अब कम हो गया है क्योंकि फिल्मों से लेकर महानगरों तक में फिटनेस और सुंदरता के लिए दीवानगी उसी दिशा में बढ़ रही है जब मेरी मर्जी वाला भाव आ जाए पर समाप्त होता समाज का यह लिहाज बहुत खतरनाक है क्योंकि यह हमें बेशर्म और निरंकुश बनाता है और हम पशु बन जाते हैं।फैशन की दुनिया में हर रोज नए-नए ट्रेंड्स चलते रहते हैं। यदि इन्हें बड़ी सेलिब्रिटीज के द्वारा चलाया जाए, तो ये बहुत जल्दी गति पकड़ते हैं। जाहिर है कि सेलिब्रिटीज इन्हें किसी न किसी कंपनी के विज्ञापन के तौर पर चलाते हैं। इससे उन्हें भारी कमाई होती है। लेकिन लोग इनसे प्रभावित होकर उस ब्रांड के उत्पादों को हाथों-हाथ लेते हैं। इन दिनों पुरुषों की दुनिया का नया ट्रेंड है, सजना-संवरना। अपने नाखूनों पर तरह-तरह की नेल पॉलिश लगाना। इसके पक्ष में कुछ पुरुष कह रहे हैं कि फैशन या सजना-संवरना, लैंगिक भेदभाव से मुक्त होना चाहिए। पुरुष क्यों नहीं नेल पॉलिश लगा सकते? वे क्यों नहीं अपने नाखूनों को सुंदर रख सकते? किसने कहा कि नेल पॉलिश पर सिर्फ स्त्रियों का ही अधिकार है? कहा जा रहा है कि आदमियों द्वारा नेल पॉलिश लगाना कोई नई बात नहीं है। अंगरेजी गायक डेविड बोवी जब मंच पर गाते थे, तो हमेशा उनके नाखूनों में नेल पॉलिश लगी रहती थी। आजकल सिर्फ नेल पॉलिश ही नहीं लगवाई जा रही, बल्कि तरह-तरह के डिजाइन भी बनवाए जा रहे हैं। उंगलियों में भी तरह-तरह की अंगूठियां पहनी जा रही हैं। पुरुषों के लिए साज-सज्जा का काम करने वाले विशेषज्ञ कह रहे हैं कि इसमें गलत क्या है! जो पुरुषों को अच्छा लगता है, वह वे कर सकते हैं। प्रतीक बब्बर से लेकर बहुत से लोग अपने रंगीन नाखूनों को दिखाकर खुश हो रहे हैं। पुरुषों का कहना है कि इस तरह से वे स्त्री नहीं हो जाते, पुरुष ही रहते हैं। हां, पुरुषों को भी सुंदर और आकर्षक दिखने का हक है। दुनिया के बहुत से मशहूर गायक और अभिनेता इसे अपना रहे हैं। यह भी बताया जा रहा है कि नाखूनों पर तरह-तरह के रंगों की नेल पॉलिश आदमी की सामाजिक स्थिति भी बताती है। जैसे कि काला रंग ऊंची आर्थिक स्थिति का प्रतीक है, तो हरा रंग साधारण लोगों के लिए है। कमाल यह है कि रंगों ने भी अमीर-गरीब का भेद सीख लिया है! सिर्फ नेल पॉलिश ही नहीं, पुरुषों में बालों को भी तरह-तरह से रंगवाने, सजाने, काढ़ने का फैशन बढ़ रहा है। उनके लिए तरह-तरह के शृंगार-प्रसाधन बाजार में आ रहे हैं। वे बड़ी मात्रा में इनका उपयोग भी कर रहे हैं। यह भी कहा जा रहा है कि पुरुषों को ब्यूटी मिथ्स को तोड़ना चाहिए। वे क्यों नहीं मेकअप कर सकते! सारा मेकअप का सामान और सारा प्रसाधन उद्योग आखिर स्त्रियों को ही क्यों समर्पित हो? लोग कह रहे हैं कि मेकअप के प्रति जितना आकर्षण इन दिनों पुरुषों में देखा जा रहा है, वह पहले कभी नहीं देखा गया। वे अपनी त्वचा की देखभाल पहले से अधिक कर रहे हैं। इसके लिए तरह-तरह के प्रसाधनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। हो सकता है कि आने वाले दिनों में वे लिपस्टिक का भी बड़े पैमाने पर इस्तेमाल करने लगें। पुरुषों का इस तरह से सजना-संवरना कोई नया नहीं है। हजारों वर्षों से पुरुष ऐसा करते आए हैं। अपने यहां भी राजा-महाराजाओं की तस्वीरें देखें, तो वे खूब गहने पहने दिखते हैं। उनके माथे पर तिलक भी लगे होते हैं। भगवानों की मूर्तियां भी खूब गहने पहने रहती हैं। शादी विवाह में पुरुष भी सजते हैं । सखी संप्रदाय के पुरुष स्त्री भाव से सजते हैं। वैसे ही सिंदूर लगाते हैं और चूड़ियां पहनते हैं। पांवों में आलता और महावर लगाते हैं। ओडिशा निवासी उत्तर प्रदेश के एक आईजी रैंक के पुलिस अफसर भी इसी तरह सजते थे और वह खुद को राधा बताते थे। लेकिन आज का पुरुषों का फैशन ट्रेंड पश्चिम से आयातित है। जैसा कि होता है, पश्चिम से चला हर फैशन ट्रेंड, भारत में बहुत जल्दी अपनी जगह बना लेता है। इसकी शुरुआत भी हो चुकी है। वैसे भी कंपनियों की इच्छा होती है कि उनके उत्पादों को किसी एक वर्ग तक ही सीमित न रखा जाए! यदि कोई उत्पाद स्त्री-पुरुषों के भेद से मुक्त है, तो उसका उपयोग बढ़ता है और इस बहाने कंपनियां भारी मुनाफा कमाती हैं। वे उत्पादों को सौंदर्य और दूसरे से हमेशा अलग दिखने की चाहत से जोड़ देती हैं। और इस तरह घर-घर पहुंच जाती हैं।महानगरों तक तो बात चल जाती है पर गांवों के देश भारत में ऐसे लोग हंसी के पात्र बन जाते हैं।



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक



## जेजेएमपी के सबजोनल कमांडर ने किया आत्मसमर्पण




**नवीन मेल डेस्क**

**लातेहार।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन झारखंड जन मुक्ति परिषद (जेजेएमपी) का सब जोनल कमांडर लवलेश गंझु ने मंगलवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। लवलेश पर सरकार की ओर से पांच लाख रुपए का इनाम भी घोषित है। यह बालूमाथ थाना क्षेत्र के बालू गांव का रहने वाला है। लातेहार एसपी के कार्यालय के सभागार में मंगलवार को एक समारोह में आईजी सुनील भास्कर और एसपी कुमार गौरव ने माला पहनाकर लवलेश का स्वागत किया। इस मौके पर सीआरपीएफ के कमांडेंट यादराम बुनकर, एसएसबी के कमांडेंट राजेश सिंह एवं अन्य पुलिस अधिकारी भी उपस्थित थे। मौके पर आईजी सुनील भास्कर ने कहा कि लवलेश के आत्मसमर्पण करने के बाद उग्रवादी संगठन जेजेएमपी काफी कमजोर हो गया है। उन्होंने कहा कि लातेहार पुलिस की ओर से पिछले कई दिनों से लगातार उग्रवादियों और नक्सलियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसके बाद वे भयभीत हैं और सरेंडर कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले शेष पेज 11 पर

# सीयूजे के सिविल इंजीनियरिंग विभाग की सक्रिय पहल सराहनीय : प्रो पाधी

## सीयूजे में 'सस्टेनेबल इंजीनियरिंग : कांसेप्ट्स एंड अप्रोचेज' पर एफडीपी का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे), रांची के सिविल इंजीनियरिंग विभाग ने सोमवार को 'सस्टेनेबल इंजीनियरिंग : कांसेप्ट्स एंड अप्रोचेज' पर छह दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का उद्घाटन किया। यह एफडीपी एआईसीटीई-एटीएएल अकादमी द्वारा प्रायोजित है और 19 जुलाई, 2025 तक चलेगा।

उद्घाटन सत्र में डीन (अनुसंधान एवं विकास), प्रो एके पाधी, समन्वयक एवं डीन स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, प्रो अजय सिंह, एफडीपी की सहसमन्वयक डॉ शिखा चौरसिया और सिविल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष, प्रो एचपी सिंह उपस्थित थे। प्रो एके पाधी ने अपने संबोधन में विभाग की सक्रिय पहल की सराहना की और सतत शिक्षा एवं अनुसंधान में इसके प्रभावशाली योगदान की आशा व्यक्त की। प्रो एचपी सिंह ने कार्यक्रम को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया पर संतोष व्यक्त किया। प्रो अजय सिंह ने कहा कि इंजीनियरों को डिजाइन और प्रक्रियाओं का लोगों और पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव को ध्यान में रखना चाहिए। डॉ शिखा चौरसिया ने सतत विकास के स्तंभों पर चर्चा की




और धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। उन्होंने सीयूजे के कुलपति प्रो केबी दास के सहयोग, प्रोत्साहन और आशीर्वाद के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। कुलपति उद्घाटन सत्र में उपस्थित नहीं हो सके, लेकिन उन्होंने आयोजक और प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दीं।

पहले दिन, टीटीआई कंसल्टिंग इंजीनियर्स (आई) प्राइवेट लिमिटेड के डॉ अनिल कुमार ने 'स्थायित्व के तीन स्तंभ' पर गहन व्याख्यान दिया। छह दिवसीय एफडीपी के दौरान, आईआईटी खड़गपुर के प्रो ब्रजेश कुमार दुबे, ग्रांट थॉर्नटन के गोविंदा सोमानी, सी2एस2, नई दिल्ली के डॉ अजय प्रधान, आईआईटी कानपुर के प्रो मनोज तिवारी, एक्सेंचर दिल्ली के अभिषेक कुमार सिंह, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर के पूर्व प्रोफेसर डॉ केएन तिवारी, आयन एक्सचेंज इंडिया लिमिटेड कोलकाता के देबालय गांगुली सतत विकास इंजीनियरिंग से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे।

कार्यक्रम का समापन एक प्रश्नोत्तरी, चिंतन पत्रिका गतिविधि, प्रतिभागियों की प्रतिक्रिया और न्यूनतम 80 प्रतिशत उपस्थिति और सक्रिय भागीदारी वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण के साथ होगा। प्रत्येक दिन लेख चर्चा, प्रश्नोत्तरी और व्यावहारिक सत्र आयोजित किए जाएंगे, जो सिद्धांत और अनुप्रयोग का संतुलन प्रदान करेंगे।

कार्यक्रम समन्वयक प्रो अजय सिंह और सह-समन्वयक डॉ शिखा चौरसिया ने इस बात पर जोर दिया कि एफडीपी को फैकल्टी को वैश्विक जलवायु परिवर्तन रणनीतियों और संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के साथ अपने शैक्षणिक प्रयासों को जोड़ कर सशक्त बनाने के लिए डिजाइन किया गया है।

# रेलवे ई-टिकट दलाल गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सोमवार को कमांडेंट पवन कुमार के निर्देशन में आरपीएफ पोस्ट रांची द्वारा 'ऑपरेशन उपलब्ध' के तहत एक संयुक्त छापेमारी की गई। यह कार्रवाई आरपीएफ पोस्ट रांची, सीआईबी रांची टीम और पंडरा ओपी के सहयोग से दोपहर पंडरा थाना क्षेत्र स्थित 'बब्लू इंटरनेट कैफे' अदिवासी चौक में की गई। छापेमारी के दौरान एक व्यक्ति को ऑनलाइन कार्य करते हुए पकड़ा गया, जिसने अपना नाम पंकज कुमार ठाकुर हिनू निवासी बताया। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि अपने व्यक्तिगत यूज़र आईडी से अवैध रूप से रेलवे ई-टिकट बनाकर अतिरिक्त राशि लेकर लोगों को बेचता था। उसके कंप्यूटर सिस्टम से कुल 20 रेलवे ई-टिकट जिसका कुल मूल्य 29,600 है बरामद किया गया। इसके साथ ही एक एसर एलईडी मॉनिटर, सीपीयु, कीबोर्ड, माउस और रेअल्मे मोबाइल फोन भी जब्त किया गया। सभी सामान को मौके पर मौजूद गवाहों के समक्ष जब्त किया गया और आरोपी को रेलवे अधिनियम की धारा 143 के तहत गिरफ्तार कर आरपीएफ पोस्ट रांची लाया गया। वहीं, इस संबंध में केस पंजीकृत किया गया।

# झारखंड सरकार ग्रामीण सशक्तिकरण को लेकर गंभीर : मंत्री दीपिका पांडे सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नई दिल्ली में मंगलवार को एक अहम बैठक हुई, जिसमें झारखंड की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने हिस्सा लिया। उनके साथ भारत सरकार के ग्रामीण विकास सचिव शैलेश कुमार सिंह और झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास सचिव के. श्रीनिवासन भी मौजूद थे। बैठक में कई जरूरी मुद्दों पर चर्चा हुई, खासकर झारखंड के गांवों को कैसे तेजी से विकसित किया जाए, इस पर फोकस रहा। बैठक की बड़ी बातें कुछ इस तरह रहीं।



लंबित राशि पर बात – केंद्र सरकार से कहा गया कि झारखंड के लिए जो पैसे बाकी हैं, उन्हें जल्द से जल्द जारी किया जाए ताकि गांवों की योजनाएं रुकें नहीं. योजनाओं का असर जमीन पर दिखे – तय हुआ कि ग्रामीण योजनाओं को और आसान और तेजी से लागू किया जाएगा, ताकि गांव के लोग सीधे फायदा उठा सकें।

रोजगार बढ़ाने पर जोर – गांवों में लोगों को रोजगार कैसे मिले, इस पर रणनीति बनाई गई। खासतौर पर गरीब और जरूरतमंद परिवारों को काम देने की योजना बनाई जा रही है।

राज्य-केंद्र की साझेदारी मजबूत होगी – यह भी तय हुआ कि झारखंड सरकार और केंद्र मिलकर काम करेंगे ताकि विकास योजनाओं में कोई रुकावट न आए।

दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि राज्य के हर गांव और हर परिवार तक विकास की रोशनी पहुंचे। सरकार की कोशिश है कि कोई भी इलाका पीछे न छूटे और हर ग्रामीण को योजनाओं का सीधा फायदा मिले।

# सुदेश महतो ने दिल्ली में सीएम हेमंत से गुरुजी के स्वास्थ्य की जानकारी ली

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आजसू प्रमुख एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने नई दिल्ली स्थित न्यू झारखंड भवन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर गंगाराम अस्पताल में भर्ती पूर्व उपमुख्यमंत्री शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बताया कि गुरुजी के स्वास्थ्य में धीरे धीरे सुधार हो रहा है। सुदेश महतो ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इससे पूर्व आजसू सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने भी हेमंत सोरेन से नई दिल्ली में मुलाकात कर शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली थी।

उल्लेखनीय है कि शिबू सोरेन को 19 जून को अस्पताल में भर्ती किया गया था। उन्हें ब्रेन स्ट्रोक और किडनी संबंधी समस्याओं के कारण आईसीयू में रखा गया था। सर गंगा राम अस्पताल के डाक्टरों के अनुसार न्यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी और नेफ्रोलॉजी के विशेषज्ञ उनकी देखभाल कर रहे हैं।



## सीएम सोरेन से मिलकर लंबोदर महतो ने गुरुजी का हालचाल जाना



**रांची।** पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो मंगलवार को नई दिल्ली में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। डॉ महतो ने सीएम सोरेन से राज्यसभा सदस्य दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। उन्होंने गुरुजी के शीघ्र स्वस्थ होने तथा उनके दीर्घायु होने की कामना की है। डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि दिशोम गुरु झारखंड लौटकर फिर से लोगों की सेवा करेंगे।

## अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को मिले भारत रत्न : अजय राय



**रांची।** झारखंड पैरेंट्स एसोसिएशन ने मंगलवार को अंतरिक्ष में 18 दिन के ऐतिहासिक मिशन को सफलतापूर्वक पूरा कर पृथ्वी पर लौटे भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि शुभांशु शुक्ला ने भारत की वैज्ञानिक और तकनीकी क्षमता को वैश्विक स्तर पर स्थापित किया है। यह मिशन केवल वैज्ञानिक उपलब्धि नहीं, बल्कि राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ऐसे युवाओं को सर्वोच्च सम्मान देकर देश की नई पीढ़ी को विज्ञान और नवाचार की दिशा में प्रेरित किया जा सकता है। संघ ने शुभांशु को भारत का गौरव और युवाओं की प्रेरणा बताया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सरकार विकास से सीधे जुड़े विभागों की अनदेखी कर रही है : प्रतुल शाहदेव

- विकास कार्य करने वाले कई विभागों में अभियंताओं के महत्वपूर्ण पद रिक्त या प्रभार में

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने हेमंत सरकार पर विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विभागों की अनदेखी करने का बड़ा आरोप लगाया। प्रतुल ने कहा कि



हेमंत सरकार ने कई महीनो से जल संसाधन विभाग, पथ निर्माण विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग में अभियंताओं के महत्वपूर्ण पदों पर स्थाई नियुक्ति नहीं किया है। पूरा सिस्टम प्रभार पर चल रहा है या ठप हो गया है।प्रतुल ने कहा कि इसके कारण बड़े टेंडर का निष्पादन नहीं हो रहा है और विकास की बड़ी योजनाएं धरातल पर नहीं उतर पा रही हैं। प्रतुल ने कहा कि जल संसाधन विभाग की स्थिति अत्यंत ही दयनीय है ।अभियंता प्रमुख के दो- दो पदों पर पूर्णकालिक नियुक्ति नहीं हुई है। सिस्टम प्रभार पर है। जिसके कारण बड़े टेंडर का निष्पादन नहीं हो पा रहा है। पथ निर्माण विभाग में भी अभियंता का जो प्रमुख पद है वह प्रभार पर चल रहा है और पूर्णकालिक नियुक्ति नहीं हुई है। प्रतुल ने कहा कि भवन निर्माण विभाग में भी लंबे समय से मुख्य अभियंता का पद रिक्त है। वर्तमान में अधीक्षण अभियंता को प्रभार देकर काम चलाऊ व्यवस्था लागू की गई है। आरईओ में भी पूर्ण कालिक अभियंता प्रमुख का पद रिक्त है। प्रतुल ने कहा कि 5 करोड रुपए से ऊपर के टेंडर के लिए अभियंता प्रमुख की अध्यक्षता में टेंडर कमेटी निर्णय लेती है जिसमें मुख्य अभियंता और वित्त अधिकारी भी होते हैं। प्रतुल ने हेमंत सोरेन सरकार से जानना चाहा कि क्या उनको इन पदों के लिए योग्य अभियंता मिल नहीं पा रहे हैं या सरकार ने योग्यता का कुछ और पैमाना तय किया है जिस पर कोई अभियंता खरा नहीं उतर रहा है। विकास के बड़े-बड़े दावे करने वाली हेमंत सरकार के समय विकास की बड़ी योजनाओं की बहुत दयनीय स्थिति हो गई है। इसलिए सरकार को रिक्त पदों और प्रभार पर चलने वाले पदों पर पूर्णकालिक अभियंताओं की नियुक्ति करनी चाहिए। प्रतुल ने कहा कि हेमंत सरकार ने तुगलकी फरमान जारी करते हुए सावन महीने में दलमा पहाड़ पर स्थित भोले बाबा के प्राचीन मंदिर में पैदल जाने वाले लोगों पर भी टैक्स लगा दिया है। विभाग ने इसका विधिवत नोटिस भी जारी किया है। नोटिस में स्पष्ट रूप से लिखा हुआ है की सावन के महीने को देखते हुए ये शुल्क लगाया जा रहा है। प्रतुल ने कहा की डीएफओ सबा आलम इसे उचित कदम भी बता रहे हैं और इसको सही ठहरा रहे हैं।

# धुर्वा और डोरंडा कॉलेज में पहुंची तटरक्षक बल की टीम



- विद्यार्थियों को बताया तटरक्षक बल के कार्य और जिम्मेदारी
- रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की पहल पर आरंभ हुआ है अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारतीय तटरक्षक दल के द्वारा जेएन कॉलेज और डोरंडा कॉलेज में जागरूकता सह भर्ती अभियान चलाया गया। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की पहल पर आरंभ हुए इस अभियान में भारतीय तटरक्षक बल के डीआईजी केएल अरुण, डिप्टी कमांडेंट नलिन भार्गव, इस अभियान के स्कूल कॉलेज के समन्वयक एसडी सिंह, रमेंद्र कुमार, डोरंडा कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ आरके शर्मा, जेएन कॉलेज की प्रिंसिपल शमशुर नेहर प्रमुख रूप से मौजूद रहे। अभियान के दौरान विद्यार्थियों के बीच एक प्रेजेंटेशन दिया गया, जिसमें भारतीय तटरक्षक बल की कार्यप्रणाली और गतिविधियों को समझाया गया। कैसे तटरक्षक बल कार्य करता है। इसकी क्या जिम्मेदारियां है। भारत की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा, समुद्री जीव जंतुओं की सुरक्षा, प्रदूषण रोकने जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों पर इनकी क्या भूमिका है। इस पर विद्यार्थियों को विस्तार से बताया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने भी तटरक्षक बल से जुड़े जिज्ञासा को टीम के सामने रखा, इन जिज्ञासाओं का समाधान भी टीम के द्वारा किया गया। तटरक्षक बल की टीम के द्वारा कार्यक्रम में शामिल हुए बच्चों के बीच बैग का वितरण किया गया। इसके साथ ही जानकारी से संबंधित किट बच्चों को उपलब्ध कराई गई। यह पहला अवसर है जब रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की पहल पर रांची के स्कूल-कॉलेज में ऐसा अभियान आरंभ किया गया है। इसके पीछे का उद्देश्य है कि अधिक से अधिक संख्या में लोग भारतीय तटरक्षक बल को जाने और रोजगार के साथ देश की सेवा के प्रति अपना समर्पण दिखाएं।

## कोतवाली डीएसपी को मिलेगा वीरता पुरस्कार

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय को मिलेगा वीरता पुरस्कार, सीएम हेमंत सोरेन पुरस्कार देंगे।

# बीएसएनएल के दैनिक भोगी मजदूरों के बकाया वेतन को लेकर हुई वार्ता

- क्षेत्रीय श्रमायुक्त कार्यालय में हुई वार्ता में मजदूरों की मांग मजबूती से रखी गई
- ठेकेदार ने भुगतान के लिए मांगा समय

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बीएसएनएल रांची सर्किल में कार्यरत दैनिक भोगी मजदूरों के बकाया वेतन भुगतान और छंटनी को लेकर बीएसएनएल दैनिक भोगी मजदूर संघ के नेतृत्व में मंगलवार को क्षेत्रीय श्रमायुक्त कार्यालय में वार्ता हुई। वार्ता में मजदूरों की ओर से उनके अधिकारों की मांग मजबूती से रखी गई।

मौके पर बीएसएनएल मजदूर संघ के अध्यक्ष भवन सिंह ने कहा कि पीएफ विभाग को पत्र भेजा जाएगा, ताकि जमा की प्रक्रिया पूरी हो सके। भवन सिंह ने बताया कि वार्ता में क्षेत्रीय श्रमायुक्त (आरएलसी) ने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि ठेकेदार जल्द मजदूरों का बकाया वेतन भुगतान नहीं करता है, तो बीएसएनएल को बतौर प्रधान नियोक्ता भुगतान का आदेश दिया जाएगा। इसके साथ ही जिन मजदूरों को काम से हटाया गया है, उन्हें छंटनी लाभ और अन्य बकाया का भुगतान भी बीएसएनएल की ओर से सुनिश्चित किया जाना चाहिए।




### ठेकेदार बकाया भुगतान सीधे बैंक खातों में भेजें

बैठक में यह भी तय किया गया कि ठेकेदार मजदूरों का बकाया भुगतान सीधे उनके बैंक खातों में भेजें। उन्होंने सभी मजदूरों से अपील की है कि अगर आगामी 25 जुलाई तक भुगतान नहीं होता है, तो सभी साथी दोपहर तीन बजे श्रम विभाग में एकजुट होकर पुन: प्रदर्शन करेंगे।

क्षेत्रीय श्रमायुक्त ने कहा कि यदि यह प्रक्रिया पूरी नहीं हुई, तो ठेकेदार और बीएसएनएल दोनों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, मामला श्रम न्यायालय को सौंपा जाएगा।


भवन सिंह ने कहा कि ठेकेदार ने शुरू में टालमटोल की कोशिश की, लेकिन अंततः उसने भुगतान करने के लिए समय मांगा। अगली सुनवाई की तिथि 25 जुलाई को निर्धारित की गई है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बीएसएनएल के दैनिक मजदूर भी श्रम विभाग पहुंचे और श्रम पदाधिकारी को अपनी कठिनाइयों से अवगत कराया।

संगठन की ओर से बताया गया कि फ्यूचर एजेंसी के तहत कार्यरत मजदूरों के पांच महीने के वेतन का जो भुगतान हुआ है, उसका पीएफ अंशदान अब तक पीएफ विभाग को नहीं भेजा गया है।

बैठक में के. महतो, कोषाध्यक्ष, युसूफ अंसारी, अनील पासवान, शिवजी सिंह, ललन प्रसाद, सिकंदर आलम, फिरोज, बहादुर प्रसाद सिंह, किसको कुमार, एसएन पांडे, जेवियर एक्का, रणजीत विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में दैनिक मजदूरों और यूनियन के पदाधिकारी मौजूद थे।

# न्यूज बॉक्स

## धर्मपाल सिंह की माता को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने दी श्रद्धांजलि



**रांची।** उत्तर प्रदेश भाजपा के संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह की माताजी का निधन कुछ दिन पूर्व हो गया था। मंगलवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ उत्तर प्रदेश के बिजनौर स्थित उनके पैतृक आवास पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए। पुण्यात्मा को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर, नमन किया।

## नगर आयुक्त से मिला रांची सिटीजन फोरम का प्रतिनिधिमंडल



**रांची।** रांची नगर निगम के प्रशासक सह नगर आयुक्त सुशांत गौरव से रांची सिटीजन फोरम का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष दीपेश निराला की अध्यक्षता में मुलाकात की। वहीं बताया कि रांची सिटीजन फोरम कुल 53 वार्ड अंतर्गत 12778 से अधिक सदस्य फोरम के साथ जुड़ चुके हैं। हम लोग लगातार विभिन्न वार्ड का स्थल निरीक्षण कर वहां पर स्थानीय नागरिकों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं के संदर्भ में चर्चा, संवाद, और जागरूकता का काम कर रहे हैं, जिस क्रम में विभिन्न समस्याएं हमें देखने को मिली है। अब 53 व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से हमारे सदस्य पूरे रांची नगर निगम क्षेत्र से जुड़ चुके हैं, जिससे कई प्रमुख समस्याएं जैसे नियमित रूप से कूड़ा कचरा का उठाव नहीं होना। टूटी फूटी गढ्ढे युक्त सड़क, जाम नाली, बरसात में जल जमाव और गर्मी में पेयजल का संकट, महीनों से खराब पड़े स्ट्रीट लाइट, जैसी दर्जनों समस्याएं हैं, जिससे आम नागरिक जूझ रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष दीपेश निराला, उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह, सचिव रेणुका तिवारी, कोषाध्यक्ष विनोद जैन बेगवानी, संयुक्त सचिव हरीश नागपाल, शाहिद आलम, स्वरूप कुमार सेठी, मनीष बक्शी, सुशील कुमार शर्मा, वार्ड नंबर 3 के संयोजक निशांत सिंह, वार्ड नंबर 1 के संयोजक राजेश कुमार, इत्यादि शामिल थे।

## रांची में गिरफ्तार किए गए पांच गांजा तस्कर



- पुलिस ने 8.59 ग्राम गांजा, मोबाइल, बाइक और नकदी बरामद की

**रांची।** मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के पास से सोमवार को लालपुर थाने की पुलिस ने डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर पांच ब्राउन शुगर तस्कर को गिरफ्तार किया। मामले की जानकारी देते हुए एसएसपी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर रांची सिटी एसपी, सिटी डीएसपी और लालपुर थाना प्रभारी के निर्देश में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। छापामारी दल ने मोरहाबादी मैदान स्थित बापू बाटिका के पास पांच लड़कों को पकड़ा, जिसकी तलाशी लेने पर उनलोगों के पास से करीब 8.59 ग्राम ब्राउन सुगर, एंड्रॉयड मोबाइल और मोटरसाइकिल सहित 60,050 रुपए नगद बरामद किए गए। लड़कों से पूछताछ दौरान इनके द्वारा ब्राउन सुगर का व्यवसाय करने की बात स्वीकारी गई। पांचों लड़कों पर केस दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है कि इस छापेमारी में लखनऊ मिलिट्री इंटेलिजेंस टीम का भी सहयोग रहा।


## श्रावणी मेले के लिए चार सहायक नगर आयुक्तों की प्रतिनियुक्ति

**रांची।** नगर विकास विभाग ने राजकीय श्रावणी मेले के सफल आयोजन और नागरिक मूलभूत सुविधाओं को बेहतर ढंग से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चार सहायक नगर आयुक्तों की प्रतिनियुक्ति की है। इसकी अधिसूचना विभाग के उप सचिव राजकुमार ने मंगलवार को जारी की है। अधिसूचना के अनुसार रांची नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त सूरज प्रकाश चौधरी, चंद्रदीप कुमार, धनबाद नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त मोटाय बानरा और जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र के सहायक नगर आयुक्त अरविंद तिर्की को देवघर श्रावणी मेले के लिए प्रतिनियुक्त किया गया है। ये सभी अधिकारी तत्काल प्रभाव से देवघर नगर निगम में अपना योगदान समर्पित करेंगे। जिन अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है, उनसे संबंधित नगर निकायों के प्रमुखों को अविलंब विरमित करने का निर्देश दिया गया है। प्रतिनियुक्त अधिकारियों के आवास की व्यवस्था देवघर नगर निगम की ओर से की जाएगी। यह आदेश श्रावणी मेले के अंत तक प्रभावी रहेगा।

## झारखंड में एक माह में हुई 527 मिमी बारिश

**रांची।** झारखंड में दक्षिणी पश्चिमी मानसून के लगभग एक माह में ही 527.6 मिलीमीटर से बारिश रिकॉर्ड की गई है। जबकि बरसात का मौसम शेष बचा हुआ है। राज्य में इस अवधि तक 326 मिमी बारिश होती है। राज्य में सामान्य से 62 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है। झारखंड में सबसे अधिक बारिश पूर्वी सिंहभूम में हुई है। यहां अब तक 925.5 मिमी बारिश हुई है जो सामान्य से 153 प्रतिशत अधिक है। वहीं राजधानी रांची में 799 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है जो सामान्य से 138 प्रतिशत अधिक है। वहीं राज्य के जिन जिलों में सामान्य से अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई है उनमें पश्चिमी सिंहभूम में 81मिमी, सिमडेगा में 70, सरायकेला-खरसावां में 121, रामगढ में 113, लोहरदगा में 48, लातेहार में 116, बोकारो 74, चतरा में 64, धनबाद में 73, खूंटी में 61, जामताड़ा में 46, गुमल में 39, हजारीबाग में 36 और कोडरमा में 27 प्रतिशत सामान्य से अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई है। इधर पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश पश्चिमी सिंहभूम के मनोहरपुर में 82 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई है। वहीं, इस दौरान राजधानी रांची में 13 मिमी बारिश हुई है। मंगलवार को रांची और आसपास के इलाकों में तड़के सुबह से जोरदार बारिश हुई हालांकि बाद में बारिश रुक गई, लेकिन आसमान में काले बादल छाए रहे। रांची में अधिकतम तापमान 31.4 डिग्री, जमशेदपुर में 34.3, डालटेनगंज में 33.8, बोकारो में 33.1 और चाईबासा में तापमान 32 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## ऑपरेशन 'नन्हे फरिश्ते' के तहत आरपीएफ ने भटके नाबालिग को किया रेस्क्यू



**रांची।** ऑपरेशन 'नन्हे फरिश्ते' के तहत कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर कार्य के दौरान रांची मंडल में आरपीएफ ने सोमवार को एक भटके नाबालिग को रेस्क्यू किया। बताया गया कि आरपीएफ पोस्ट लोहरदगा के अधिकारियों ने प्लेटफॉर्म संख्या 01 पर नियमित जांच के दौरान एक 12 वर्षीय नाबालिग बालक जीत उरांव को भटकता हुआ पाया। पूछताछ में पता चला कि वह बिना बताए घर से निकल आया था। आरपीएफ ने तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन (सीएचएल) को सूचित किया। सभी कानूनी प्रक्रिया पूरी कर बालक को सीएचएल समन्वयक रवि कुमार के सौंपा गया।

## जर्जर पुलिस बैरक और क्वार्टर के स्थान पर बनेंगे नए भवन : मुख्य अभियंता

# पुलिस भवनों की पूर्ण राशि में से 20 % मरम्मत के लिए रखा जाएगा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची के ग्रामीण से लेकर शहरी क्षेत्र के थानों की स्थिति खराब है। कई जर्जर जगह जहां बरसात में कई तरह की परेशानियां होती है। जिसमें राजधानी का हिंदपीढ़ी थाना शामिल है। जो रखरखाव और मरम्मत की मोहताज है। नवीन मेल संवाददाता ने जब थानों का जायजा लिया तो तस्वीरें देखने लायक थी। कई जगहों पर भवन जर्जर है तो कहीं नए भवन तैयार होने के बावजूद उद्घाटन नहीं हो पा रहा है। नए भवनों के साथ साथ समबंधित थाना पुलिस को भी उद्घाटन का इन्तेजार है। थानों के अलावा पुलिस कर्मियों को रहने के लिए मिले भवन की भी स्थिति जर्जर है।




नवीन मेल ने खस्ता हाल पुलिस क्वार्टर के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था




हिंदपीढ़ी थाना रखरखाव और मरम्मत का इंतजार कर रहा है



चान्हो थाना के लिए नया भवन तैयार, लेकिन उद्घाटन नहीं हुआ

### रिपेयरिंग हेड की होगी नियुक्ति : मुख्य अभियंता

पुलिस आवास निगम के मुख्य अभियंता जयप्रकाश सिंह का कहना उन्होंने कहा कई जगहों पर नए भवन और बैरक बनाये जा रहे हैं। अभी तक लगभग 1200 से 1300 भवन बनाये जा चुके हैं। वहीं, पुराने भवनों की जर्जर हालत और रखरखाव ना होने के सवाल पर उन्होंने कुछ खास प्रतिक्रिया नहीं दी। हालांकि उन्होंने इशारों इशारों में कहा मरम्मत या रखरखाव के लिए अलग से कोई फंड नहीं मिलता था। उन्होंने कहा अबसे फंड से मरम्मत और रखरखाव के लिए फंड का 20 प्रतिशत रखा जायेगा। मुख्य अभियंता का कहना है अब एक रिपेयरिंग हेड की नियुक्ति की जाएगी जो सभी जर्जर जगहों और भवनों को देख कर बताएगा की भवन को रिपेयरिंग की जरुरत है या जीर्णोद्धार की जरुरत है।

### निर्माण और मरम्मत के लिए देना होगा आवेदन

उल्लेखनीय है कि राजधानी के चान्हों थाना के लिए नया भवन बन कर तैयार है लेकिन अभी तक उद्घाटन नहीं हुआ है। वहीं, राजधानी के शहरी क्षेत्र में स्थित हिन्दपीढ़ी थाना की भी स्थिति भी बदत्तर है। जिस पर पुलिस आवास निगम के मुख्य अभियंता जयप्रकाश सिंह ने कहा पुलिस थाना के नए भवन या रखरखाव के लिए जिले के सबंधित पुलिस आलाकमान के द्वारा आवेदन डाले जाने के बाद पुलिस भवन मरम्मत की प्रक्रिया शुरु होती है। वहीं, थानों के निर्माण के लिए भी उसी प्रक्रिया के साथ जगह आलाकमान ही देंगे, जिसके बाद पुलिस आवास निगम के द्वारा भवन का निर्माण किया जायेगा। या बाते तब उठी जब नवीन मेल ने समाचार प्रकाशित कर मुख्य अभियंता से खबर और जर्जर स्थिति के विषय में सवाल किया।

# पंजीकृत अस्पतालों में कैशलेस इलाज की सुविधा मिलेगी : डीसी

- उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने पदाधिकारियों एवं कर्मियों के बीच वितरित किया हेल्थ कार्ड




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत मंगलवार को रांची समाहरणालय में पदस्थापित पदाधिकारियों एवं कर्मियों के बीच हेल्थ कार्ड का वितरण किया गया। उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में 13 पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सांकेतिक रूप से स्वयं हेल्थ कार्ड प्रदान किया। रांची जिले में अभी तक 75,000 लाभुकों का हेल्थ कार्ड बनाया जा चुका है। इस अवसर पर रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि यह योजना राज्य कर्मियों एवं उनके आश्रितों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुगम स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई है। हेल्थ कार्ड के माध्यम से पंजीकृत अस्पतालों में कैशलेस इलाज की सुविधा प्राप्त होगी। इससे सरकारी कर्मियों को इलाज में होने वाली आर्थिक कठिनाइयों से राहत मिलेगी। कार्यक्रम में जिले के वरीय पदाधिकारी, समाहरणालय कर्मी एवं स्वास्थ्य बीमा योजना से जुड़े प्रतिनिधि उपस्थित थे। मौके पर योजना से संबंधित जानकारी भी कर्मियों को दी गई तथा कार्ड से जुड़ी तकनीकी सहायता भी उपलब्ध कराई गई।




## ऑक्सीजन पार्क में चला ड्रग्स को ना कहें हस्ताक्षर अभियान

**रांची।** जोहार भारत फाउंडेशन के तत्वावधान में ड्रग्स को ना कहें हस्ताक्षर अभियान मंगलवार को मोराबादी स्थित ऑक्सीजन पार्क में चलाया गया। इस अभियान में रांची के सैकड़ों छात्र-छात्राएं, युवा और आम नागरिकों ने भाग लिया और हस्ताक्षर कर इस जनजागरूकता मुहिम का समर्थन किया। मौके पर अभियान के विवेक ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य झारखंड को नशा मुक्त राज्य बनाने की दिशा में जनसहभागिता को बढ़ावा देना और विशेषकर युवाओं में नशे के दुष्प्रभावों को लेकर चेतना का प्रसार करना था। जोहार भारत फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने कहा कि यह अभियान आगे भी विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों पर चलाया जाएगा। ताकि नशा विरोधी सोच को जन आंदोलन का रूप दिया जा सके। फाउंडेशन के सदस्यों ने आमजन से अपील किया कि वे इस मुहिम से जुड़ें और अपने परिवार, मोहल्ला व समाज को नशामुक्त बनाने में योगदान दें। पार्क में लगाए गए हस्ताक्षर बोर्ड पर युवाओं ने प्रेरणादायक संदेश लिखे और से नो टू ड्रग्स जैसे नारों के माध्यम से नशे के खिलाफ अपनी एकजुटता दिखाई। मौके पर कई छात्र छात्राएं सहित अन्य मौजूद थे।

## श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में हुआ खाटूनरेश का विशेष दिव्य श्रृंगार



**रांची।** खाटूनरेश का विशेष शृंगार फूलों और फूलों की मोटी-मोटी मालाओं से मंगलवार की सुबह किया गया। लोधमा निवासी पुष्कर महतो, प्रभा देवी, दीपिका देवी, प्रेमिका देवी, होलिका कुमारी, जितेंद्र कुमार ने विशेष शृंगार की सेवा निवेदित की। श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 162वें श्री सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा के पाठ का भी आयोजन किया गया। पुष्कर महतो, प्रभा देवी, जितेंद्र कुमार, रोशन लाल, अयांश लाल ने परिवार के साथ बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्वलित कर केसरिया पेड़ा, गुड़-चना, फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया। पुष्कर महतो ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन-वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत, ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया गया। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी हुआ। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद सेवा, पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेड़ा सेवा, मुकेश मित्तल ने गिरिगोला सेवा, एवं राजेश जयसवाल ने फल प्रसाद सेवा निवेदित की।

# नेत्र चिकित्सा शिविर में 90 लोगों की हुई आंखों की जांच

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पुंदाग स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में एएसजी आई हॉस्पिटल के सौजन्य से एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र चिकित्सा जांच लगाया गया। शिविर में आंखों की गंभीर बीमारियों का इलाज नेत्र चिकित्सक डॉ मो. रियाज ने आधुनिक तकनीक मशीनों द्वारा किया गया। उन्होंने मरीजों की आंखों की बारीकियां से जांच के साथ-साथ इलाज के लिए परामर्श भी दिया। उन्होंने कहा कि बढ़ती उम्र, प्रदूषण और पोषण की कमी के कारण नेत्र रोगों की संख्या में इजाफा हो रहा है और समय पर जांच एवं देखभाल से इन समस्याओं से बचा जा सकता है। शिविर में सद्गुरु कृपा अपना घर



आश्रम में रह रहे 40 मंदबुद्धि दिव्यांग निराश्रितों सहित 50 अन्य लोगों का नेत्र की जांच की गई, कुल 90 लोगों की नेत्रों की जांच की गई एवं जरूरतमंदों को दवाइयां भी दी गई। नेत्र विशेषज्ञ के साथ सहायक के रूप में रूपेश कुमार झा, श्रेया शुभम, निखिल गुप्ता, नीतिका कुमारी ने सहयोग दिया। इस अवसर पर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा कि शिविर का उद्देश्य था समाज के वंचित जरूरतमंद और असहाय वर्ग के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी मूलभूत सुविधाएं प्रदान करना विशेष कर नेत्र जांच जैसी महत्वपूर्ण चिकित्सा सुविधा जो अनेक बार इन वर्गों तक नहीं पहुंच पाती है। उन्होंने कहा कि सदानंद सेवा धाम मंदिर में समय-समय पर सभी बीमारियों के इलाज हेतु का स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है। तथा मरीजो को दवाइयां भी निःशुल्क दी जाती है। इस अवसर पर- ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल,अरविंद अग्रवाल, शिवभगवान अग्रवाल, मधु जाजोदिया,बसंत वर्मा, आदि उपस्थित थे।

### आज / कल




# महिला से चेन छिनतई का अरोपी गिरफ्तार

- पहले भी कई छिनतई को दे चुका है अंजाम



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

चेन छिनतई करने के एक आरोपी को रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले की जानकारी देते हुए डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि विगत 11 जुलाई को एक महिला पूजा कर घर वापस लौट रही थी, उस दौरान जनक नगर ओझा मार्केट के पास उससे बाइक सवार अज्ञात दो व्यक्तियों ने चेन छिनतई की घटना को अंजाम दिया था। इसके बाद मामला सुखदेवनगर ( पंडरा ओपी ) थाना में दर्ज किया गया। एसएसपी ने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सिटी एसपी के निर्देश पर कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर फुटेज में आए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पंडरा सुखेदवनगर, लोअर बाजार थाना क्षेत्र में छापामारी की गई। छापेमारी के क्रम में फुटेज में आए अभियुक्त मोनु कुमार को गिरफ्तार किया गया। साथ ही, उसकी निशानदेही पर मामले में छिनतई की गई सोने की चेन का गलाए हुए भाग को प्रभात ज्वेलर्स, न्यु मधुकम से बरामद किया गया। आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। उसने स्वीकारोक्ति बयान में इस मामले के अलावा सुखदेवनगर थाना, कांके थाना, गोंदा थाना क्षेत्र में भी की गई चेन छिनतई की घटना को स्वीकार किया है।

## करदाता गौरव सम्मान समारोह 2025


# आपके योगदान को नमन करता है रांची नगर निगम : सुशांत गौरव

- प्रशासक ने टैक्स दाताओं को प्रशस्ति पत्र और पौधा प्रदान किया
- नगर निगम ने 71 'कर-कर्मठ' नागरिकों को किया सम्मानित




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची नगर निगम ने मंगलवार को नगर निगम सभागार में 'करदाता गौरव सम्मान समारोह 2025' का भव्य आयोजन किया। इस समारोह का उद्देश्य उन जागरूक करदाताओं को सम्मानित करना था, जिन्होंने वित्तीय वर्ष 2025-26 में सर्वप्रथम अपना होल्डिंग टैक्स ऑनलाइन माध्यम से जमा कर नगर निगम के राजस्व में महत्वपूर्ण योगदान दिया और अन्य नागरिकों के लिए एक प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया। 'करदाता गौरव सम्मान समारोह' की अध्यक्षता रांची नगर निगम के प्रशासक सुशांत गौरव ने की। उन्होंने रांची के 'कर-कर्मठ' नागरिकों को सम्मानित करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र और पौधा प्रदान किया। 71 चयनित करदाताओं में रांची के भवन मालिक, व्यावसायिक प्रतिष्ठान, सस्ंथान इत्यादि शामिल थे। इस अवसर पर सुशांत गौरव ने कहा, रांची नगर निगम आपके योगदान को नमन करता है। आपकी समय पर कर भुगतान की संस्कृति ही शहर के विकास कार्यों को गति देती है। आपके योगदान से न केवल सड़कों का सुदृढ़ीकरण, साफ-सफाई, जलापूर्ति और स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी सुविधाएं सशक्त होती हैं, बल्कि नगर निगम को भविष्य की परियोजनाओं की योजना बनाने में भी मदद मिलती है। हम चाहते हैं कि आने वाले वर्षों में कर संग्रहण की यह दर और बेहतर हो एवं ज्यादा से ज्यादा नागरिक कर भुगतान में तत्परता दिखाएं। नगर निगम के प्रशासक सुशांत गौरव ने यह भी कहा कि नगर निगम अब डिजिटल माध्यम से कर संग्रहण कर रहा है और भविष्य में उसे और सरल और पारदर्शी बनाने की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं, जिससे नागरिक घर बैठे ऑनलाइन टैक्स जमा कर सकें और रसीद प्राप्त कर सकें। 'करदाता गौरव सम्मान समारोह' में अपर प्रशासक संजय कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।



# बाबा बैद्यनाथ धाम के दर्शन के लिए चलाई जा रहीं 12 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें



**मनोज मिश्रा**

**रांची/देवघर।** देवघर रेलवे स्टेशन में बाबा बैद्यनाथ धाम के दर्शन के आए श्रद्धालुओं के लिए अच्छी व्यवस्था उपलब्ध हो इसके लिए बड़े प्रयास किए गए है। देवघर रेलवे स्टेशन में नया वेटिंग हॉल खोला गया है, इसमें 500 कांवरियों के ठहरने की व्यवस्था की गई। वहीं पुराने वेटिंग हॉल भी सुचारु रूप से चल रहे हैं। स्टेशन के बाहर कांवरियों के ठहरने के लिए अलग से निःशुल्क वॉटरप्रूफ टेंट लगाए गए हैं, शौचालय की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। देश के किसी भी कोने से लोग बाबा बैजनाथ के दर्शन को आसानी से आ सके इसके लिए 12 जोड़ी स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है और पूर्व की निर्धारित ट्रेन भी चल रही है।

### श्रावणी मेला के अवसर पर जसीडीह रेलवे स्टेशन की स्पेशल ट्रेन

- **आसनसोल** से पटना (सोमवार, मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार, शनिवार) आगमन 18:32 में और प्रस्थान 18:42 में)
- **पटना** से आसनसोल ( रविवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार, शनिवार) आगमन 07:23 में और प्रस्थान 07:33 में,
- **आसनसोल** से दानापुर (सोमवार, मंगलवार, बुधवार,गुरुवार)आगमन 21:05 में और प्रस्थान 21:15 में
- **दानापुर** से आसनसोल (मंगलवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार)आगमन 07:50 में और प्रस्थान 08:00 में
- **मधुपुर** से बनारस (सोमवार) आगमन 12:35 में और प्रस्थान 12:45 में
- **बनारस** से मधुपुर (मंगलवार) आगमन 12:52 में और प्रस्थान 13:02 में
- **जयनगर** से आसनसोल (सोमवार, बुधवार, शनिवार)आगमन 09:05 में और प्रस्थान 09:15 में
- **आसनसोल** से जयनगर( सोमवार, बुधवार, शनिवार)आगमन 14:30 में और प्रस्थान 14:40 में
- **गोरखपुर** से मधुपुर (मंगलवार, शनिवार)आगमन 12:30 में और प्रस्थान कोई जानकारी नहीं
- **मधुपुर** से गोरखपुर (मंगलवार, शनिवार) आगमन की जानकारी नहीं प्रस्थान 14.30 में
- **भागलपुर** से रांची (रविवार, मंगलवार, गुरुवार) आगमन 16:35 में और प्रस्थान 16:45 में
- **रांची** से भागलपुर (रविवार, मंगलवार, गुरुवार)आगमन 07:20 में और प्रस्थान 07:30 में
- **दुर्ग** से पटना (मंगलवार) आगमन 10:38 में और प्रस्थान 10:40 में
- **पटना** से दुर्ग (रविवार) आगमन 23:08 में और प्रस्थान 23:10 में
- **गया** से मधुपुर (प्रतिदिन) आगमन 01:01 में और प्रस्थान 01:11 में
- **मधुपुर** से गया (प्रतिदिन) आगमन 03:23 में और प्रस्थान 03:33 में
- **पटना** से मधुपुर (प्रतिदिन) आगमन 07:26 में और प्रस्थान 07:36 में
- **मधुपुर** से पटना (प्रतिदिन) आगमन 09:30 में और प्रस्थान 09:140 में

### श्रावणी मेला के अवसर पर देवघर रेलवे स्टेशन की स्पेशल ट्रेन

- **बढ़नी** से देवघर (प्रतिदिन) आगमन 13:00 में और प्रस्थान ज्ञात नहीं
- **देवघर** से बढ़नी (प्रतिदिन) आगमन ज्ञात नहीं और प्रस्थान 18:45
- **कटिहार** से देवघर (शुक्रवार) आगमन 04:15 में और प्रस्थान ज्ञात नहीं
- **देवघर** से कटिहार (शुक्रवार) आगमन ज्ञात नहीं में और प्रस्थान 05:45 में
- **देवघर** से दरभंगा(प सोमवार, मंगलवार, गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार) आगमन 20:25 में और प्रस्थान ज्ञात नहीं
- **दरभंगा** से देवघर (रविवार, मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार, शनिवार) आगमन ज्ञात नहीं और प्रस्थान 21:54 में
- **देवघर** से रक्सौल (रविवार, मंगलवार, शुक्रवार) आगमन 16:50 में और प्रस्थान ज्ञात नहीं
- **रक्सौल** से देवघर (रविवार, मंगलवार, शुक्रवार) आगमन ज्ञात नहीं और प्रस्थान 17:50 में

### श्रावणी मेला के अवसर पर जसीडीह रेलवे स्टेशन की स्पेशल ट्रेन

- **जसीडीह** से बैजनाथ धाम बैजनाथ धाम से जसीडीह, देवघर से जसीडीह जसीडीह से देवघर, दुमका से जसीडीह जसीडीह से दुमका, गोंडा से जसीडीह जसीडीह से गोड्डा, देवघर से जसीडीह और जसीडीह से देवघर प्रतिदिन ट्रेन चलाई जा रही है

## कोटपा अधिनियम का उल्लंघन करने पर पांच दुकानदारों पर लगा जुर्माना

**तोरपा।** तोरपा मुख्य बाजार में मंगलवार को प्रखंड प्रशासन की ओर से विशेष अभियान चलाकर कोटपा (तंबाकू नियंत्रण कानून) अधिनियम का उल्लंघन कर सिगरेट, खैनी का बिक्री कर रहे दुकानदारों पर जुर्माना लगाते हुए चालान काटा गया। साथ ही दुकानदारों को चेतावनी दी गयी कि आगे कोटपा अधिनियम का उल्लंघन करते पाये जाने पर जुर्माना के साथ जेल की सजा होगी। इस अवसर पर नियम विरुद्ध तम्बाकू उत्पाद बेचने वाले दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि वे तम्बाकू से होनेवाले नुकसान को लेकर दुकान में चेतावनी से संबंधित बोर्ड लगाए। मौके पर पांच दुकानदारों से एक हजार रुपए का जुर्माना भी वसूला गया।

मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी नवीन चंद्र झा ने कहा कि लोगों खासकर युवा पीढ़ी को नशे की लत से दूर करना हम सबों की जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि हमारा अभियान नशापान के खिलाफ है। बीडीओ ने कहा कि तोरपा प्रखंड को नशा मुक्त करना हम सबका दायित्व है। मादक पदार्थों को लेकर कानूनी पहलुओं के बारे में थाना प्रभारी मुकेश हेम्ब्रम ने जानकारी दी। मौके पर रेफरल अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मिदेन मुंडू, विजय शेखर, सरवर इकबाल सहित कई लोग मौजूद थे।

## जमीन पर समतलीकरण करा रहे युवक को बनाया बंधक, मारपीट

**रांची।** तुपुदाना के चांद गांव निवासी इसाकुल हक ने 26 लोगों पर उनके भतीजा को बंधक बनाकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में इसाकुल हक ने चांद गांव के लोगों के विरूद्ध तुपुदाना ओपी में रविवार को प्राथमिकी कराई है। इसाकुल हक का आरोप है कि उनका भतीजा चांद गांव की एक जमीन पर 11 जुलाई को समतलीकरण करा रहा था।

बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान के 71वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

# देश में स्वतंत्रता के बाद केवल तीन संस्थान ही प्लेटिनम जुबली मनाते हैं : कुलपति

- 1970 के दशक में जब देश बदल रहा था उस समय बीआईटी मेसरा में आना एक अद्भुत अनुभव था

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान के 71वे स्थापना दिवस के कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के कैट हॉल में मंगलवार को किया गया, जिसकी मेजबानी मीडिया सेल के प्रमुख मृणाल पाठक ने की। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व छात्र व अंतराष्ट्रीय सम्बन्धों के डीन, प्रोफेसर श्रद्धा शिवानी द्वारा स्वागत भाषण के साथ हुई। इसके बाद उपस्थित लोगों को प्लैटिनम जुबिली समारोह के आयोजन का एक संक्षिप्त वीडियो दिखाया गया।इसके बाद संस्थान के कुलपति, प्रोफेसर इंद्रनील मन्ना ने अपने शब्दों से उपस्थित लोगों को सम्बोधित किया। अपने भाषण मे संस्थान की प्रतिष्ठा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, ''देश में स्वतंत्रता के बाद के केवल तीन संस्थान ऐसे हैं जिन्हें प्लेटिनम जुबली मनाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। बीआईटी मेसरा भारत के पूर्वी क्षेत्र का पहला संस्थान था जिसे 1986 में मानद विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया।

मुख्य अतिथि डॉ. गणेश नटराजन ने अपने शब्दों से उपस्थित लोगों को अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डॉ. नटराजन ने कहा, ''1970 के दशक , जब देश बदल रहा था उस समय पर बीआईटी मेसरा में आना एक अद्भुत अनुभव था। आईआईटी और आईआईएम के माध्यम से शिक्षा के बाद भी, यह संस्थान मेरे जीवन में एक सार्थक स्थान रखता है। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ेंगे, अवसर विकसित होते रहेंगे और बीआईटी मेसरा के लिए, मेरा मानना है कि ऐसा कुछ भी नहीं है जो हमें रोक सके। आज, एआई मुख्य रूप से अमेरिका और चीन द्वारा संचालित है, और हमारे जैसे पूर्व छात्रों के पास इस क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने में योगदान करने का एक अनूठा अवसर है। जैसा कि महान संत स्वामी विवेकानंद ने कहा था, 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।' आइए हम सब मिलकर उस लक्ष्य को साकार करने के लिए काम करें। संस्थापक दिवस के अवसर पर संस्थान के पूर्व छात्र प्रोफेसर प्रतीक किशोर, प्रदीप दुबे, मनीष तिवारी, अमिताभ पांडा, प्रोफेसर नीरज वर्मा, डॉ भूषण लाल करिहलू, कौशल चक्रवर्ती, भूमि भूते, अर्नब कुमार, अमन शर्मा, डॉ सोमदत्त गोस्वामी व डॉ दिव्या तिवारी को अपने विभाग मे उन्नत कार्य करने के लिए प्रतिष्ठित पूर्व छात्र का पुरस्कार दिया गया।

नव-नियोजित उम्मीदवारों को दिया गया नियुक्ति पत्र

# युवा अपनी ऊर्जा को उचित एवं क्रिएटिव क्षेत्र में लगाएं : शैलेंद्र लाल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** युवा अपनी ऊर्जा को उचित एवं क्रिएटिव क्षेत्र में उपयोग में लाने का प्रयास करें ताकि उनका भविष्य एक बेहतर दिशा में आगे बढ़ सके । आज एआई और डिजीटल युग में युवाओं को सही कौशल और उचित प्रोत्साहन देने की जरूरत है ताकि हमारे युवा और हमारा देश इस आधुनिक और डिजिटल युग में कदम से कदम मिला कर चल सके।उक्त बातें झारखण्ड कौशल विकास मिशन सोसाईटी के मिशन निदेशक-सह-कार्यपालक पदाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार लाल ने कहीं ।

वे मंगलवार को विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर आज राँची स्थित विश्वेश्वरैया (विश्वा) प्रशिक्षण केन्द्र,काँके में "मुख्यमंत्री सारथी योजना"अन्तर्गत नव-नियोजित उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे । इस अवसर पर उन्होंने नव-नियोजित उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया ।

हितधारक आपसी तालमेल और साझेदारी में काम करें

निदेशक-सह-कार्यपालक पदाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार लाल ने विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर झारखण्ड कौशल विकास मिशन सोसाईटी के सभी धारकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रशिक्षण सेवा प्रदाता प्रशिक्षणार्थियों को केवल औपचारिक कौशल प्रशिक्षण न दें, बल्कि गुणवत्तापूर्ण कौशल विकास पर ध्यान दें। साथ ही सभी हितधारक आपसी तालमेल और साझेदारी में काम करें तो निश्चय ही हमारे युवाओं का और हमारे राज्य का भविष्य उज्ज्वल होगा।

## इंडियन कोस्ट गार्ड में भर्ती पर सेमिनार 17 को

**सिल्ली।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के पहल पर भारतीय तटरक्षक बल इंडियन कॉस्ट गार्ड इंडियन कॉस्ट गार्ड द्वारा युवाओं के कैरियर के साथ राष्ट्र सेवा से जुड़ने के लिए एक विशेष भर्ती एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यह 17 जुलाई गुरुवार को सुबह 10 बजे सिल्ली कॉलेज के सेमिनार हॉल एवं 12 बजे अमानत अली कालेज, बुंडू में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत छात्रों को भारतीय तटरक्षक बल में भर्ती की प्रक्रिया एवं उससे संबंधित सभी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जाएगी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय तटरक्षक बल के प्रधान निदेशक( भर्ती) डीआईजी के. एल. अरूण मौजूद रहेंगे। साथ में तटरक्षक बल के टीम, भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज,एस डी सिंह,रमेन्द्र कुमार भी मौजूद रहेंगे ।

## अंचलों में हर मंगलवार जनता दरबार का हो रहा आयोजन



**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निदेशानुसार लगातार रांची जिला के सभी अंचल में हर मंगलवार जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को जिला के विभिन्न अंचलों में संबंधित अंचल अधिकारी जनता की समस्याओं से अवगत हुए। आम नागरिक सीधे अधिकारियों के साथ बातचीत कर सकते हैं और अपनी शिकायतों का समाधान पा सकते हैं। यह पहल हर मंगलवार को जिले के सभी प्रखंडों और अंचलों में आयोजित की जाती है, और पहले ही दिन से ही इसका प्रभाव दिखाई दे रहा है। आम नागरिक अपने लंबे समय से लंबित मुद्दों को लेकर अपने-अपने प्रखंड और अंचल कार्यालयों में पहुंचे। जिसमें मुख्य शिकायतें भूमि विवाद, राजस्व संबंधी मामले जैसे म्यूटेशन और अतिक्रमण, और अन्य शिकायत सुनी। प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी इन शिकायतों को सुना। उन्होंने कई मुद्दों का मौके पर ही समाधान किया। जिन मामलों को और जांच की आवश्यकता थी, उनके लिए त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

## सीसीएल के गांधीनगर अस्पताल में कल निःशुल्क कार्डियक क्लिनिक

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के केंद्रीय अस्पताल, गांधीनगर, कांके रोड, रांची में आगामी गुरुवार (17 जुलाई) को प्रातः 9:00 बजे से निःशुल्क हृदय रोग संबंधी कार्डियक क्लिनिक का आयोजन किया जा रहा है। इस चिकित्सीय शिविर (कार्डियक क्लिनिक) में यशोदा अस्पताल, हैदराबाद के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ कश्यप व्यास (सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट) हृदय रोग से ग्रसित मरीजों का जांच करेंगे एवं चिकित्सीय सलाह देंगे।

बताया गया कि हृदय रोग से ग्रसित सभी मरीज इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठा सकते हैं। मरीज के पास यदि पुराने इलाज की रिपोर्ट/जांच के पेपर हों, तो उसे अवश्य अपने साथ लाएं।

ज्ञात हो कि सीसीएल द्वारा नियमित तौर पर देश के ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ चिकित्सकों को आमंत्रित कर विभिन्न बीमारियों से संबंधित स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। शिविर का उद्देश्य है कि जरूरतमंद परिवारों को गंभीर बीमारी के अत्याधुनिक इलाज की सुविधा उनके घर के निकट ही प्राप्त हो सके तथा इससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें।

## राजस्व संग्रहण और लंबित कार्यों में तेजी लाएं अधिकारी : मंत्री

**रांची।** परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ ने मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन में परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने अधिकारियों को राजस्व संग्रहण में तेजी लाने और लंबित कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करने का निर्देश दिया। मंत्री ने कहा कि सरकार परिवहन राजस्व को लेकर बेहद गंभीर है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे सभी योजनाओं और लक्ष्यों को समय सीमा के भीतर निष्पादित करें। मंत्री ने कहा कि विभाग की कार्यप्रणाली में तेजी और पारदर्शिता जरूरी है। बैठक में पूर्व में संचालित योजनाओं की स्थिति, ई-गवर्नेंस कार्यों, वाहन पंजीकरण, टैक्स वसूली, ड्राइविंग लाइसेंस प्रक्रिया और लंबित ढांचागत विकास योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। मंत्री ने अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि जनसेवा में गुणवत्ता और सरलता बनी रहे, और नागरिकों को सुगम सेवाएं मिलें। दीपक बिरुआ ने अधिकारियों से साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा और साथ ही यह भी चेतावनी दी कि लापरवाही या देरी को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



आरटीई प्रवेश को लेकर निजी स्कूल के प्रधानाचार्यों के साथ डीसी ने की बैठक

# बैठक में अनुपस्थित रहे विद्यालयों को कारण बताओ नोटिस

- अगर कोई आवेदन रद्द किया जाता है तो उसके बदले वैध छात्रों के नाम की अनुशंसा नामांकन के लिए की जाएगी

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में आरटीआई एक्ट के अंतर्गत अभिवंचित वर्ग के छात्रों के लिए मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के प्रारंभिक कक्षाओं में 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित होती है। इसी क्रम में रांची जिला के 121 मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के 1217 सीटों पर नामांकन के लिए पहली बार पोर्टल के माध्यम से पूर्ण रूपेण ऑनलाइन प्रक्रिया अपनाई गई। कुल 1744 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 1158 वैध आवेदनों का लॉटरी के माध्यम से स्कूल चयन किया गया। जिसमें से कुल 672 सीटों पर छात्रों का चयन हुआ इन छात्रों के नामांकन में हो रही देरी की वजह से उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सभी मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्राचार्य के साथ बैठक की, जिन्होंने नामांकन की प्रक्रिया पूरी नहीं की है। अभी तक कुल 672 में से 493 नामांकन पूरे कर लिए गए हैं, बाकी 116 आवेदनों को वापस शिक्षा एडमिन को रेफर किया गया है। उपायुक्त के निर्देश पर इन 116 आवेदनों को जांच करते हुए सभी विद्यालयों के लॉगिन पर वापस करते हुए अनिवार्य रूप से नामांकन प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त अगर कोई आवेदन रद्द किया जाता है तो उसके बदले वैध छात्रों के नाम के अनुशंसा नामांकन के लिए की जाएगी।

आज की बैठक में अनुपस्थित रहे विद्यालयों को कारण बताओं नोटिस के साथ नामांकन हेतु अंतिम चेतावनी दी गई। किसी भी स्थिति में नामांकन पूरे नहीं करने वाले विद्यालयों की अनुशंसा आरटीआई की मान्यता रद्द करने हेतु की जाएगी। उपायुक्त द्वारा शिक्षा एडमिन को रेफर किए गए आवेदनों के वैध कारण नहीं होने पर डीपीएस विद्यालय रांची के द्वारा अभी तक 24 बच्चों का नामांकन विभिन्न दस्तावेज के आवश्यकता दिखलाते हुए नामांकन नहीं लिया गया एवं बैठक में अनुपस्थित रहे विद्यालयों संत अलोईस स्कूल, संत अरविंदो एकेडमी, संत कोलंबस एवं छोटानागपुर पब्लिक स्कूल स्कूल मुर्ग, जेवियर स्कूल धुर्वा, आरबी स्प्रिंगडेल पब्लिक स्कूल, आईटीसी पब्लिक स्कूल मुरी, डॉन बॉस्को इंग्लिश मीडियम स्कूल विद्यालय को कड़ी फटकार लगाई गई।

## भाजपा के आरोप निराधार और भ्रामक : आलोक दुबे

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दुबे ने भाजपा के हालिया बयानों को पूरी तरह निराधार, भ्रामक और झूठ की बुनियाद पर खड़ा बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा को अब यह स्वीकार कर लेना चाहिए कि जनता ने उसे नकार दिया है और अब वे निराशा में झूठ और डर फैलाकर गंदी राजनीति कर रहे हैं। झारखंड की हेमंत सरकार लगातार जनहित में काम कर रही है और हर मोर्चे पर विकास की नई मिसालें कायम कर रही है। उन्होंने कहा कि विभागों में नियुक्तियों की प्रक्रिया एक पारदर्शी प्रक्रिया है, जो नियमों के तहत संचालित होती है।

# न्यूज बॉक्स

## रांची में नवाचार और उद्यमिता का उत्सव मना




**रांची।** स्टार्टअप झारखंड (आई-हब स्टार्टअप झारखंड फाउंडेशन) और झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (जेयूटी), रांची के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित झारखंड एंटरप्रेन्योरियल कनेक्ट 2.0 का सफल समापन जेयूटी सभागार में हुआ। यह आयोजन राज्य में नवाचार, स्टार्टअप संस्कृति और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित हुआ। कार्यक्रम में 250 से अधिक स्टार्टअप, निवेशक, उद्यमी, सरकारी अधिकारी और शिक्षाविदों ने भाग लिया। जेयूटी के कुलपति डॉ. डीके सिंह और एसडीएम उत्कर्ष कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई, जबकि एमएसएमई निदेशक इंद्रजीत यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## सदर अस्पताल में प्लास्टिक सर्जरी ओपीडी की हुई शुरुआत




**रांची।** सदर अस्पताल रांची में मंगलवार को प्लास्टिक सर्जरी के ओपीडी की विधिवत शुरुआत की गई। यह रांची एवं आसपास के मरीजों के लिए यह एक बड़ी सौगात है।

## बारिश से बुजुर्ग महिला का घर गिरा



**अड़की।** थाना क्षेत्र में लगातार हो रहे भारी बारिश से बुजुर्ग महिला रेलोंग देवी (65 वर्ष), पति स्व.मंगरा पहान, बिरबांकी टोला मसुरीबेड़ा की घर गिरकर ध्वस्त हो गया, जिससे वह बेघर हो गई हैं। वहीं बड़ी बेटी के घर सारुअमदा में शरण ली हुई हैं। जानकारी के अनुसार, ये बुजुर्ग महिला अकेले ही अपने घर में रहती थीं। उनके एक बेटा, मुन्ना पहान, अपनी पत्नी के मर्डर केस में जेल में बंद है। उनकी दो बेटियां हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। बड़ी बेटी सारुअमदा में और छोटी बेटी कुजाबेड़ा में रहती हैं। महिला को अभी तक किसी तरह का सरकारी आवास नहीं मिला है। वह अपने बनाए मिट्टी के दीवार और छप्पर से बने पुराने जर्जर मकान में रह रही थीं, जो भारी बारिश के कारण ध्वस्त हो गया। महिला को तत्काल सरकारी सहायता की जरूरत है, लेकिन अब तक तक उन्हें किसी भी सरकारी लाभ नहीं मिल पाया है।

## सेल में रक्तदान शिविर का आयोजन



**रांची।** सीईटी के 44वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में खेल समिति ने सामुदायिक कल्याण और सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस्पात भवन, सेल, रांची में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में सेल रांची इकाइयों के कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जो सभी एक ही उद्देश्य से एकजुट थे - रक्तदान के माध्यम से जीवन बचाना। यह कार्यक्रम सदर अस्पताल ब्लड बैंक, रांची के सहयोग से आयोजित किया गया था, जिसमें रक्तदान प्रक्रिया के दौरान सुरक्षित और स्वच्छ प्रक्रियाओं को सुनिश्चित किया गया। खेल समिति ने इस आयोजन के आयोजन और प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई( शिविर में 51 यूनिट रक्त सफलतापूर्वक एकत्रित किया गया, जिसका उपयोग स्थानीय अस्पतालों में जरूरतमंद मरीजों और सदर अस्पताल में थैलेसीमिया और सिकल सेल के मरीजों की सहायता के लिए किया जाएगा। सेल रांची इकाई के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों के अलावा, लाइफ सेवर्स, रांची के स्वयंसेवक श्री अतुल गेरा भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## लापुंग में भारी बारिश से गिरा कच्चा मकान, गरीब परिवार हुआ बेघर



लापुंग । लापुंग प्रखंड के दौलेचा गांव में लगातार हो रही बारिश के कारण सोमवार रात को सरोज राम धुसिया पिता स्व.धूमा राम का कच्चा मकान गिरकर मलबे में तब्दील हो गया। जिसके कारण पूरा परिवार बेघर हो गया। हालांकि घर गिरने से पूर्व ही परिवार के सभी लोग घर से बाहर निकल गए थे। लगातार हो रही झमाझम बारिश से मिट्टी कमजोर हो गई थी। उससे घर की दीवारें दरकने लगी और मकान पूरी तरह से गिर गया। परिवार की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल सहायता की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि सरोज राम धुसिया को सरकार की आपदा राहत योजना के तहत तत्काल आर्थिक मदद और अस्थायी आवास की व्यवस्था की जानी चाहिए ताकि वह और उसका परिवार सुरक्षित रह सकें। लापुंग प्रखंड में अलग-अलग गांवों में कई और घरों के गिरने की सूचना मिल रही है। इस संदर्भ में समाजसेवी जन्मेजय पाठक ने लापुंग के अंचलाधिकारी से उक्त मामले की जांच कर विभागीय कार्रवाई करने एवं आपदा प्रबंधन से मुआवजा देने की मांग की है। वहीं सरोज राम धुसिया ने अबुआ आवास का लाभ दिलाने की मांग की है।

साप्ताहिक जनता दरबार में जनप्रतिनिधियों ने उठाए सवाल, खराब मौसम का दिखा असर

# अधिकाधिक ग्रामीणों को साप्ताहिक जनता दरबार की दें जानकारी : एसडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**




**बरही।** डीसी के निर्देशानुसार प्रखंड सभागार में एसडीओ जोहन टुडू ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों संग दीप प्रज्ज्वलित कर साप्ताहिक जनता दरबार का शुभारंभ किया। जिसमें सीओ अमित किस्कू, बीसीओ संजय यादव, जिप उपाध्यक्ष किसून यादव, प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, प्रखंड सह अंचल के अधिकारी व कर्मी सहित कई सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता और विभिन्न विभाग के अधिकारी व कर्मी मौजूद थे। जनता दरबार के उद्देश्यों की चर्चा करते हुए बीडीओ ने बताया कि यह कार्यक्रम विकास के कार्यों को गति देगा और जनहित व जनसमस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करने में सहायता प्रदान करेगा। एसडीओ ने उपस्थित लोगों से साप्ताहिक जनता दरबार के प्रचार प्रसार व अधिकाधिक फरियादियों को दरबार में लाने की अपील किया। बीडीओ, सीओ सहित उपस्थित कर्मियों को जनता दरबार में आए फरियादियों की समस्याओं को पंजीकृत करते हुए त्वरित निष्पादित करने का निर्देश दिया। खराब मौसम के कारण फरियादियों की उपस्थिति कम रही। दरबार में मनरेगा, कृषि व पशुपालन, स्वास्थ्य, शिक्षा, राजस्व, बाल विकास, सामाजिक सुरक्षा, आपूर्ति, आवास इत्यादि विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

जनप्रतिनिधियों व प्रबुद्धजनों ने उठाए सवाल : जिप उपाध्यक्ष ने प्रशासन से जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए भूमि उपलब्ध करवाने, चंलगा विद्यालय में विद्यार्थियों की कमी व शिक्षकों के वेतन भुगतान और कोल्हुआकला एनपीएस (गंझूडीह) के छह माह से बंद रहने की जानकारी दिया। प्रखंड प्रमुख ने खोड़ाहर पंचायत अबुआ आवास उपलब्ध नही करवाने और सूची से लाभुकों को वंचित रखने, दौरवा में बन रही पानी की टंकी की घटिया गुणवत्ता, मनरेगा से बन रहे जतरा मेला सड़क के लंबित रहने और बिजली की समस्या से अधिकारियों को अवगत कराया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नामांकन में वार्डेन की लापरवाही व मनरेगा बीपीओ पर गंभीर आरोप लगाए। गणेश यादव ने बेला गांव में विद्यालय निर्माण कार्य पूरी होने में देरी होने पर चिंता जताई।

बीडीओ ने बताया कि पात्र लाभुको को आवास उपलब्ध करवाने के लिए प्रखंड में अब तक हुए साढ़े दस हजार सर्वे में से साढ़े छह हजार लाभुकों का फिर से सर्वे किया जा रहा है। साथी हीं केजीबीभी वार्डेन के खिलाफ डीसी को रिपोर्ट करने की जानकारी दिया। अधिकारियों ने उपस्थित लोगों को पारदर्शिता के साथ कार्य निष्पादित होने का आश्वासन दिया।

उपायुक्त ने की शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा

# विद्यालयों में पेयजल व शौचालय की व्यवस्था करने का निर्देश

- **विभागों के साथ समन्वय करने एवं सभी बच्चों का खाता बैंक में खुलवाने का निर्देश दिया**

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** जिले में शिक्षा विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा मंगलवार को उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज ने की।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन का यह लक्ष्य है कि रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत कार्यात्मक साक्षरता प्राप्त किया जाए। इसके लिए उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी को बृहद रूप से सर्वे कर फ्लोचार्ट तैयार करने एवं प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने मध्याह्न भोजन अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उनके द्वारा निर्धारित रोस्टर के अनुरूप बच्चों को मध्यान भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। मध्याह्न भोजन अंतर्गत कार्यरत रसोइयों का आयुष्मान कार्ड व पेंशन संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई। वहीं शेष बचे रसोइयों का आयुष्मान कार्ड बनवाने व उनके पेंशन शुरू करने को लेकर बीडीओ के साथ समन्वय करने को कहा गया। विद्यालयों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं यथा पेयजल, शौचालय आदि की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने जिन विद्यालयों में जलापूर्ति की उपलब्धता नहीं है उन्हें चिन्हित कर कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल से समन्वय करते हुए तत्काल रूप से कार्य करने एवं जल्द से जल्द सभी विद्यालयों में जलापूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा बच्चों के बीच किताबें, यूनिफॉर्म, स्कूल बैग आदि उपलब्ध कराने के तहत अब तक हुए कार्यों की समीक्षा करते हुए शेष बचे बच्चों की जानकारी जिला शिक्षा पदाधिकारी से ली जिस पर जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि बैंक अकाउंट नहीं होने के कारण शेष बच्चों को सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है। इस पर उपायुक्त ने शिविर आयोजित करते हुए संबंधित विभागों के साथ समन्वय करने एवं सभी बच्चों का खाता बैंक में खुलवाने का निर्देश दिया।

इन सबके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम, बैक टू स्कूल अभियान, छात्रवृत्ति खेलो झारखंड, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालय आदि की भी समीक्षा करते हुए सफल संचालन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## कैंसर पीड़िता का शुरू हुआ इलाज

**बरही ।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी के निर्देश पर कैंसर पीड़िता शिवपुर (करियातपुर) निवासी निवासी कलावती देवी को इलाज़ के लिए असरफी अस्पताल धनबाद में भर्ती कराया गया। जिन्हे अस्पताल भेजने में स्थानीय मुखिया मनोज कुमार, पूरन राम कोषाध्यक्ष ग्राम विकास समिति गड़लाही, सचिव मोहन प्रजापति, सिकंदर कुमार, नागेश्वर रजक और तुलसी राम ने सार्थक भूमिका निभाते हुए आर्थिक व नैतिक सहयोग किया। ज्ञात हो कि उक्त महिला पिछले कई महीनो से कैंसर से जूझ रही थी। आर्थिक गरीबी के कारण परिजनो ने सदर हजारीबाग में इलाज़ करवाया। जहां स्थिति बिगड़ती गई और चिकित्सकों ने जबाब दे दिया था। युवा समाजसेवी सिकंदर प्रजापति ने इस विषम परिस्थिति की जानकारी स्वास्थ्य मंत्री व डीसी हजारीबाग को ट्वीट कर दी थी।

सांसद प्रतिनिधि ने लगाया जनता दरबार

## समस्याओं के शीघ्र समाधान का दिया भरोसा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कैथा के निकट दीप नगर में भाजपा नेता व सांसद प्रतिनिधि (मीडिया) धनंजय कुमार पुटूस द्वारा मंगलवार को 22 वें जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष शामिल हुए। इस जनता दरबार सह जन संवाद के दौरान लोगों ने क्षेत्र की वर्षों पुरानी समस्याओं को खुलकर सामने रखा। जनता दरबार में प्रमुख रूप से सड़क की जर्जर स्थिति और स्ट्रीट लाइट की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने श्री पुटूस को आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया कि खराब सड़कों और रात में रोशनी की कमी के कारण आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है, विशेषकर बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इन समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए धनंजय कुमार पुटूस ने कहा सड़क और लाइट जैसी बुनियादी सुविधाएं हर नागरिक का अधिकार है। मैंने संबंधित विभागों से बात कर समाधान का निर्णय लिया है।

जल्द ही इन समस्याओं का निराकरण कराया जाएगा। कहा कि वे व्यक्तिगत रूप से इन कार्यों की प्रगति पर निगरानी रखेंगे ताकि समयबद्ध तरीके से समाधान सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर महिलाओं ने राशन और पेंशन संबंधी परेशानियों को भी उठाया। पुटूस ने इन सभी सुझावों को गंभीरता से लेते हुए हर संभव प्रयास का आश्वासन दिया। जनता दरबार की समाप्ति पर ग्रामीणों ने धनंजय कुमार पुटूस का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उन्होंने हमारी समस्याओं को गंभीरता से लिया और बारिश में हमारे बीच आकर हमारी समस्याओं के समाधान का प्रयास कर रहे हैं।

बदहाल सड़क को लेकर ग्रामीणों ने विधायक से की मुलाकात

## विस में उठाऊंगा मुद्दा, निर्माण में नहीं होने होगी देर : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरकट्ठा।** गोरहर थाना से शिलाडीह होते हुए लेवड़ा तक की जर्जर सड़क की मरम्मति को लेकर 12 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने विधायक अमित कुमार यादव से मुलाकात की।इस दौरान लोगों ने सड़क की बदहाली और आमजनों को हो रही परेशानियों को लेकर विधायक को ज्ञापन सौंपा।

तत्पश्चात विधायक अमित कुमार यादव ने लोगों को भरोसा देते हुए कहा कि उन्होंने इस सड़क की स्थिति की जानकारी उपायुक्त को पहले ही दी है।

उन्होंने कहा,विधानसभा का सत्र शुरू होते ही मैं शिलाडीह सड़क की समस्या को सदन में मजबूती से उठाऊंगा। यह सड़क स्वीकृत हो चुकी है, इसके निर्माण में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

वहीं उपस्थित लोगों ने एक स्वर में कहा कि अब किसी भी हाल में यह सड़क बननी चाहिए। अगर जल्द निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। मौके पर समाजसेवी सुनील पांडेय, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि समीम अंसारी, राजकुमार गिरी, भारत जकात मॉझी परगना महल के अध्यक्ष रामजी बेसरा, उप मुखिया सहदेव पासवान, समाजसेवी छोटन पांडेय, वार्ड सदस्य एकलाख अंसारी, संदीप साव, बासुदेव मरांडी, एनामुल अंसारी एवं बासुदेव बास्के शामिल थे।

## डोभा में जहर डालने की आशंका, मछलियां समेत कई जीव मरे

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम तुर्कबाद में राणा समाज के लोगों द्वारा कुछ दिनों पूर्व डोभा बनाया गया। डोभा में लोगों के द्वारा 8 हजार का मछली का बिया डाला गया था। जिसमें शरारती तत्वों के द्वारा जहर मिला देने से मछली समेत अन्य जीव मारे गए। वहीं जानकारी देते हुए गैड़ा पंचायत के उप मुखीया चंद्रदीप पांडेय ने कहा कि उस डोभा में अज्ञात असामाजिक तत्वों के द्वारा जहर डाल दिया गया है। जिससे पानी विषैला हो गया । इस डोभा का सभी मछली तथा जीव जंतु मर गये हैं। वहां के लोगों में चिंता सता रही है कि पानी विषैला होने के कारण अगर कोई जानवर या जीव जंतु यह पानी पीया होगा तो वह भी मर जाएगा। विदित हो कि इस डोभा से आसपास के लोग खेती भी करते हैं। वहीं राणा समाज के लोगों द्वारा प्रशासन को लिखित आवेदन देने की तैयारी चल रही है।

अभाविप की सदस्यता अभियान का शुभारंभ

## 12 वीं कक्षा तक के विद्यालय में सदस्यता अभियान 15 से 30 जुलाई तक चलेगा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रामगढ़ के राष्ट्र पर्व सदस्यता अभियान का शुभारंभ मंगलवार को गांधी स्मारक+2 उच्च विद्यालय एवं रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर रामगढ़ से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हजारीबाग विभाग संगठन मंत्री विक्रम राठौड़, डीके सिंह उपस्थित रहे। विक्रम राठौड़ ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जो शिक्षा के क्षेत्र और सामाजिक सेवा कार्य सहित राष्ट्र चेतना व भविष्य के भारत के ध्येय लेकर युवा तरुणाई के बीच राष्ट्रप्रेम व भारतीय संस्कृति व सभ्यता का संवहन करता है।नगर मंत्री यशपाल महतो ने जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्रीय पर्व सदस्यता अभियान के निमित्त 15 से 30 जुलाई 2025 तक विद्यालय सदस्यता अभियान चलाया जाएगा जिसके तहत अष्टम कक्षा से लेकर 12वीं कक्षा के छात्र छात्राओं को राष्ट्रवादी छात्र संगठन का सदस्य बनाया जाएगा।शिक्षा जीवन के लिए जीवन वतन के लिए। ध्येय के साथ एबीवीपी का सदस्य बने। मौके पर रामदेव नाथ , पंकज, धीरज, नीतीश , शुभम, रोशन ,अमित सहित अन्य मौजूद थे।

## बच्चों के बीच इंग्लिश राइम्स प्रतियोगिता का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल रामगढ़ के सभागार में कक्षा एक और दो के नन्हे विद्यार्थियों के बीच 15 जुलाई को बाल गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य नन्हे विद्यार्थियों में वाचन कौशल का विकास करना, आत्मविश्वास बढ़ाना, प्रस्तुति कौशल सिखाना तथा विभिन्न वेशभूषाओं के माध्यम से सुंदर भावो की अभिव्यक्ति करने की कला का विकास करना था।

कार्यक्रम की प्रस्तुति में छात्र-छात्राओं की प्रतिभा निखर कर सामने आई और उनके ऊपर शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा किया गया परिश्रम भी परिलक्षित हुआ। सभी प्रतिभागियों ने सुंदर-सुंदर मनमोहक वेशभूषा में अपने-अपने रुचि के बाल गीत सुनाकर मन मोह लिया। प्रतियोगिता के विजेता रहे, कक्षा 1 अ से तरलीन कौर (प्रथम स्थान), अयांश रंजन (1सी) तथा सानवी कुमारी पांडे(1सी) द्वितीय स्थान, मनकीरत कौर (1अ) तृतीय स्थान, कक्षा 2 से जसप्रीत कालरा(2डी) प्रथम स्थान, शर्मन बेनीपाल (2अ), मानवी सिंह द्वितीय स्थान तथा रित्वी स्वराज(2डी) एवं अनुज कुमार (2सी) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य हरजाप सिंह ने विद्यार्थियों को बधाई दिया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्र-छात्राओं में संचार कौशल और रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं।गुरुद्वारा प्रबंधन समिति और स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर इसकी शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के सदस्य सरदार परमदीप सिंह कालरा तथा विद्यालय प्रबंधक समिति के सदस्य—सरदार मनमोहन सिंह लांबा, सरदार रमन बेदी और मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी उपस्थित रहे ।

## मांगों के समर्थन में डाक कर्मियों ने काली पट्टी बांध किया काम



**रामगढ़।** 15 जुलाई 2025 को भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ के आह्वा र सहित अन्य डाकघरों में राष्ट्रहित, विभाग हित, कर्मचारी हित और जनहित में अपने कार्यालय में शांतिपूर्वक कार्य निर्वहन करते हुए डाक कर्मियों ने अपनी 41 सूत्री मागों के समर्थन में बांह पर काली पट्टी बांधकर कार्य किया। मांगों के समर्थन मे सभी डाक कर्मचारियों ने एकता का परिचय देते हुए आवाज बुलंद की।

इस संबंध में कर्मचारियों ने कहा कि हमारी मुख्य मांगों में फील्ड इकाईयों को प्रोत्साहन कार्य और इनडोर कर्मचारी को लक्ष्य निर्धारित करना बंद करनें, फील्ड इकाईयों को दैनिक आधार पर लॉगिन दिवस की यातनाएं देना सख्ती से बंद करने, आठवें वेतन आयोग में कार्यान्वयन में देरी के कारण 50 प्रतिशत महंगाई भत्ता डीए को मूल वेतन में सभी परिणामी लाभों और भत्तों के साथ विलय करने, पूर्व नियोजित पूर्व सैनिकों का वेतन डीओपीटी के अनुसार तय करने, अन्य कार्यालयों के साथ कर्तव्यों का संयोजन आवंदित कर जीडीएस कर्मचारियों का उत्पीड़न बंद करने, जीडीएस कर्मचारियों को भी आठवें वेतन आयोग के दायरों में शामिल करने, जीडीएस समूह बीमा के रूप में 5 लाख रुपए और ग्रेजुटी सीमा को 5 लाख रुपए तक बढ़ाएं,जीडीएस कर्मचारियों को 10 लाख रुपए तक का समूह चिकित्सा स्वास्थ्य बीमा योजना प्रदान करने, पोस्टमैन कर्मचारी को पोस्टमैन बीट कर्तव्य का संयोजन बंद करने, रिक्त पोस्टमैन पद पर जीडीएस कर्मचारियों से भरने, अधिकारियों को आवंटित सभी सरकारी क्वार्टर को तत्काल मरम्मत कराने, भूतपूर्व सैनिकों, महिला कर्मचारी और खिलाड़ी के लिए नियम 38 के स्थानांतरण में विशेष छूट देने , सभी डाकघरों में महिला शौचालय और पुरुष शौचालय की विशेष व्यवस्था आदि सहित 41 मांगें शामिल हैं।

डाक कर्मियों ने कहा कि हमारी सरकार से मांग है कि हमारी मांगों पर सरकार

## आंगनबाड़ी भवन निर्माण को लेकर बीस सूत्री अध्यक्ष पदाधिकारी से मिले



**रामगढ़ ।** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने 15 जुलाई को रामगढ़ जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान दुलमी प्रखंड के कई आंगनबाड़ी केंद्रों में भवन निर्माण नहीं होने की गंभीर समस्या को उन्होंने प्रमुखता से उठाया। मंगलेश ने बताया कि दुलमी प्रखंड के कई गांवों में आंगनबाड़ी केंद्र किराए के भवन या खुले में संचालित हो रहे हैं, जिससे बच्चों और माताओं को समुचित सुविधा नहीं मिल पा रही है। उन्होंने आग्रह किया कि लंबित भवन निर्माण कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कराया जाए, ताकि बच्चों को पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़ी सुविधाएं बेहतर ढंग से मिल सकें। समाज कल्याण पदाधिकारी ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि संबंधित केंद्रों की समीक्षा कर प्राथमिकता के आधार पर भवन निर्माण की प्रक्रिया जल्द प्रारंभ की जाएगी।

स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

## गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व जांच ससमय सुनिश्चित करें : डीसी



**रामगढ़।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर मंगलवार को उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को स्वास्थ्य विभाग की पूर्व में हुई समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सदर अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों आदि से मरीजो को रेफर किए जाने संबंधित मामलों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बिना किसी वैध कारण के किसी भी मरीज को रेफर नहीं करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सदर अस्पताल सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में मातृत्व स्वास्थ्य व प्रसव संबंधित सुविधाओं की जानकारी लेते हुए मरीज को लाभ पहुंचाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।उपायुक्त ने आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों को मिल रहे लाभ की समीक्षा के क्रम में अधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देने एवं प्रभावी तरीके से आयुष्मान भारत योजना का संचालन करते हुए प्रत्येक योग्य मरीज को योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। मातृत्व स्वास्थ्य अंतर्गत विभिन्न कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व जांच ससमय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। संस्थागत प्रसव संबंधित मामलों की समीक्षा में क्रम में उपायुक्त ने सदर अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों में हो रहे प्रसव आदि की जानकारी लेते हुए उपलब्ध सुविधाओं को और भी प्रभावी तरीके से संचालित करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने प्रसव के दौरान गर्भवती महिलाओं अथवा बच्चों की मृत्यु से संबंधित मामलों की गंभीरता पूर्वक जांच सुनिश्चित करने एवं संबंधित मामलों में ऑटोप्सी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने गर्भवती महिलाओं में हाई रिस्क प्रेगनेंसी के मामलों की पहचान प्रसव पूर्व जांच के दौरान विशेष ध्यान देते हुए सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**फुटबॉल टूर्नामेंट** छह दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

# झारखंड और बिहार के 65 स्कूलों की टीमों ने लिया था भाग

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** 15 जुलाई को राधा गोविंद विश्वविद्यालय के खेल मैदान में आयोजित सीबीएसई। क्लस्टर-III फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 का फाइनल मुकाबला खेल प्रेमियों के लिए यादगार बन गया। अंडर 14 ग्रुप में विद्या विहार रेसिडेंशियल स्कूल पूर्णिया की टीम ने जीबीआरसी स्कूल बोधगया को 3-0 से, अंडर 17 में दयावती मोदी पब्लिक स्कूल चांडिल ने संत माइकल हाई स्कूल पटना को 6-0 से और अंडर 19 में हॉली क्रॉस स्कूल हजारीबाग ने विद्या भारती चिन्मया स्कूल जमशेदपुर को 5-4 से पराजित कर टूर्नामेंट की विजेता ट्रॉफी पर कब्ज़ा जमाया।

फाइनल में सभी टीमों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। पहले हाफ में विद्या विहार रेसिडेंशियल स्कूल ने आक्रामक खेल दिखाते हुए एक गोल दागा, जिसका जवाब जीबीआरसी स्कूल बोधगया ने दूसरे हाफ की शुरुआत में शानदार गोल से दिया। मैच के आखिरी दस मिनट में विद्या विहार रेसिडेंशियल स्कूल के राकेश सोरेन ने निर्णायक गोल दागा और अपनी टीम को विजयी बना दिया। अंडर 14 में मैन ऑफ द मैच राकेश सोरेन, वीवीआरएस (09), मैन ऑफ द सीरीज अमन कुमार वीवीआरएस (21) और बेस्ट गोलकीपर पंकज जीबीआरसी (03) रहे। अंडर 17 में मैन ऑफ द मैच दीपक हेंब्रम दयावती स्कूल (07), मैन ऑफ द सीरीज समीर भुईयां दयावती स्कूल (16) और बेस्ट गोलकीपर का खिताब दयाल पारित दयावती स्कूल (01) ने जीता। वहीं दूसरी ओर अंडर 19 में मैन ऑफ द मैच नैतिक विद्या भारती स्कूल (21), मैन ऑफ द सीरीज राजू विद्या भारती स्कूल (16) और बेस्ट गोलकीपर पृथ्वीराज, हॉली क्रॉस स्कूल (01) को मिला। मैदान तालियों और जयघोष से गूंजता रहा। सभी टीमों ने उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन किया। दयावती मोदी पब्लिक स्कूल टीम के कप्तान बनेश्वर हांसदा ने जीत के बाद कहा, “यह जीत पूरी टीम की मेहनत और एकता का नतीजा है।” वहीं विद्या विहार रेसिडेंशियल स्कूल के कप्तान केशव साह ने अपनी टीम की सराहना करते हुए कहा, हमने बेहतरीन खेल दिखाया।

सभी टीमों ने उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन किया। दयावती मोदी पब्लिक स्कूल टीम के कप्तान बनेश्वर हांसदा ने जीत के बाद कहा, “यह जीत पूरी टीम की मेहनत और एकता का नतीजा है।” वहीं विद्या विहार रेसिडेंशियल स्कूल के कप्तान केशव साह ने अपनी टीम की सराहना करते हुए कहा, हमने बेहतरीन खेल दिखाया, हमें अपनी जीत पर गर्व है। इस टूर्नामेंट के समापन समारोह की शुरुआत राधा गोविंद शिक्षण संस्थान के संस्थापक स्वर्गीय गोविंद साह और राधा देवी के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। अतिथियों के स्वागत सम्मान के साथ कुछ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

**पहली बरसात ने ही खोली गार्डवाल निर्माण की पोल**

# दुर्घटना और खतरे को आमंत्रित कर रहा पटातिरील पुल

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** प्रखंड के जमताई पंचायत अन्तर्गत गिरदा हुरदा से उड़ीसा जाने वाली मुख्य पथ पटातिरील के पास बने पुल का गार्डवाल भारी बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हो गया है और खतरे को आमंत्रित कर रहा। जिसके कारण कभी भी यहां पर वाहन दुर्घटना हो सकती है।इसकी सूचना तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया को झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष तनवीर हुसैन के द्वारा दी गई एवं इस पर विधायक गुड़िया के द्वारा त्वरित कारवाई करते हुए उपायुक्त सिमडेगा को दूरभाष पर सम्पर्क कर जल्द मरम्मत कराने की बात कही। जिसपर उपायुक्त ने संबंधित विभाग को जल्द कारवाई करने की बात कही है। बता दें कि गार्डवाल निर्माण कार्य करने के दौरान ही संवेदक पर निर्माण कार्य पर अनियमितता की शिकायत ग्रामीण कर रहे थे।इसके बावजूद भी संवेदक के द्वारा मनमाने ढंग से काम कर कार्य को पूर्ण कर दिया गया।जिसकी पोल पहली बरसात में ही खुल गई। निरीक्षण करने पहुंचे झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष तनवीर हुसैन एवं जमताई पंचायत के झामुमो पंचायत अध्यक्ष जोलेन जोजो ने कहा कि संवेदक के द्वारा ठीक से कार्य नहीं किया गया है जिसका परिणाम पहली बरसात में ही पुल का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है।गार्डवाल में डाली गई मिट्टी धंसने लगी है जो कभी भी ध्वस्त हो सकती है।यह हुर्दा गिर्दा से ओड़िशा जाने का मुख्य मार्ग है और पुल क्षतिग्रस्त हो जाने से यहां कभी भी दुर्घटना हो सकती है,विशेष कर रात को। इसी को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टिकोण से फिलहाल के लिए झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष,पंचायत अध्यक्ष और झामुमो कार्यकर्ताओं के द्वारा उक्त स्थल पर बांस की डाली को रख दिया गया है ताकि दुर्घटना से बचा जा सके।इस मौके पर उपाध्यक्ष तनवीर हुसैन एवं झामुमो जामताई अध्यक्ष जोलेन जोजो,मिस्टर एवं धनंजय उपस्थित थे।

## कोलेबिरा से बांसजोर तक एनएच 143 की हालत जर्जर

**सिमडेगा।** लगातार हो रही बारिश से कोलेबिरा से बांसजोर तक मुख्य एनएच 143 पर सड़क जर्जर हो गई है, जिससे वाहन चालकों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को उक्त सड़क का कांग्रेस इंटक नेता दिलीप तिर्की ने भ्रमण कर जायजा लिया।भ्रमण के दौरान उन्होंने देखा कि रोड पूरी तरह से जर्जर स्थिति की ओर सरक रहा है। एक समय ऐसा था लोग हर तरफ से रास्ते बदल कर जाने को विवश थे। इस रोड की मम्मती के बाद लोगो ने चैन का सांस लिया लेकिन अब फिर उसी दिशा में यह रोड जा रहा जबकि सुप्रियर कंस्ट्रक्शन के पास मेंटेनेंस के लिए एक वर्ष बाकी है। भ्रमण के दौरान दिलीप ने फोन पर एनएच के कार्यपालक और कनीय अभियंता से बात किया, दिलीप ने कहा कि कोलेबिरा और बांसजोर तक 74 किलोमीटर का जो कालीकरण रोड का मरम्मतीकरण हुआ था क्या उसका मेंटेनेंस का समय बाकी है, तो उन्होंने बताया कि इसका एक वर्ष बाकी है और हम कार्य करा रहे हैं। बरसात की वजह से अभी सिर्फ जीएसबी गड्ढों में भरा जा रहा जैसे धूप होगी इसे बिटुमिन से पैच करेंगे। दिलीप ने यह भी कहा कि एक साल बाकी है, सड़क अगर ज्यादा खराब हो जाएगी और समय खत्म हो जाएगा तब आमजनों को ज्यादा तकलीफ होगी और विभाग पल्ला झाड़ लेगा। इसलिए समय रहते जल्द ठीक करा लें। इस पर कार्यपालक ने जल्द ठीक करने की बात कही।




**आईटीडीए एवं कल्याण विभाग की संचालित योजनाओं की डीसी ने की समीक्षा**

# 3968 बच्चों को जल्द साइकिल दें : डीसी



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त कंचन सिंह की अध्यक्षता में आईटीडीए एवं कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, साइकिल वितरण योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, वन अधिकार अधिनियम, धुमकुड़िया भवन निर्माण, सरना-मसना स्थल घेराबंदी, अल्पसंख्यक कब्रिस्तान घेराबंदी समेत अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत परियोजना निदेशक आईटीडीए सरोज तिर्की ने बताया कि वर्ष 2024-25 में 74,019 छात्र-छात्राओं को 16,00,26,000 की राशि प्रदान की गई है। वहीं पोस्ट मैट्रिक योजना के तहत 1104 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी गई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के साइकिल वितरण योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले के सभी प्रखंडों में कुल 3968 बच्चों को साइकिल देने के लिए चिन्हित किया गया है। नौ प्रखंडों में साइकिलें उपलब्ध हो चुकी हैं, जबकि एक प्रखंड में साइकिल की आपूर्ति लंबित है। उपायुक्त ने यथाशीघ्र वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत उपायुक्त ने प्रत्येक प्रखंड में लक्ष्य निर्धारित कर बीमार व्यक्तियों को लाभान्वित करने की बात कही एवं अधिक आवेदन प्राप्ति हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए।साथ ही व्यक्तिगत एवं सामुदायिक वन पट्टा वितरण, सरना स्थल घेराबंदी एवं धुमकुड़िया भवन निर्माण कार्यों में भी समयबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने सभी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया और लाभुकों तक योजनाओं का लाभ शीघ्र पहुंचाने का निर्देश अधिकारियों को दिया।मौके पर जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, शिक्षा पदाधिकारी सहित कार्यपालक अभियंता, जेईई, एई एवं अन्य उपस्थित थे।

## चैंबर के नवचयनित पदधारी व सदस्यों ने डीसी-एसपी से की मुलाकात

**सिमडेगा।** चैंबर ऑफ कॉमर्स के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और सदस्यों ने जिले की उपायुक्त कंचन सिंह और एसपी एम.अर्शी से मुलाकात की। इस दौरान विभिन्न बिंदुओं पर व्यापारियों और अधिकारियों के बीच विचार विमर्श हुआ। नवनिर्वाचित सदस्यों को अधिकारियों ने बधाई दी। चैंबर के पदधारियों और सदस्यों की सूची डीसी एसपी को सौंपी गई। सदस्यों ने जिले के विकास में चैंबर की ओर से यथासंभव सहयोग की बात कहीं। चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा 22 जुलाई को आयोजित होने वाले शपथ सह व्यवसाई मिलन समरोह में अतिथि के रुप में शामिल होने का न्योता दिया। साथ ही डीसी को चैंबर की ओर से मांग पत्र सौंपा गया। मांग पत्र में बारिश के कारण एनएच के किनारे हुए गड्ढे को भरने,जिले के विभिन्न जगहों में खराब हुए ट्रांसफार्मर को बदलने,टीआरडब्ल्यू में विभिन्न केवीए क्षमता वाले कम से कम 20 ट्रांसफार्मर स्टॉक में रखने,मार्केट कांप्लेक्स में यूरिनल की व्यवस्था करने,विभिन्न स्थानों पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था करने,शहर में फोगिंग मशीन से छिड़काव करने,नगर परिषद द्वारा दुकानों के आवंटन की लॉटरी प्रक्रिया का जल्द से जल्द निष्पादन करने,सड़क से लावारिश पशुओं की जमावड़ा को हटाने की व्यवस्था करने,नगर परिषद द्वारा सही तरीके से साफ सफाई की व्यवस्था करने की मांग की गई है। डीसी एसपी ने चैंबर के प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि जिले के विकास में सभी मिलकर काम करेंगे। डीसी एसपी से मिलने वाले लोगों में अध्यक्ष मोतीलाल अग्रवाल,उपाध्यक्ष अभय विश्वकर्मा,मिथिलेश प्रसाद,मुकेश गोयल,उमेश प्रसाद,सचिव दीपक रिंकू,उपसचिव लखन गुप्ता,सुधीर जैन,कोषाध्यक्ष सुभाष चौधरी पप्पू,सह कोषाध्यक्ष प्रभात कुलुकेरिया,मार्केट कांप्लेक्स प्रभारी राजेश केसरी,मुकेश गिरी,आलोक सिंह,सौरभ बंसल सहित कई सदस्य शामिल थे।

## बीडीओ ने की योजनाओं की समीक्षा



**कोलेबिरा।** मंगलवार को प्रखंड कार्यालय सभगार में प्रखंड कर्मियों की सप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी बिरेंद्र किंडो ने किया। बैठक में मुख्य रूप से बीपीओ,एई,जेई,पंचायत सचिव,रोजगार सेवक, जनसेवक और प्रखंड के कर्मी गण उपस्थित रहे। बैठक में प्रखंड के सभी पंचायत में चल रहे मनरेगा योजना व पीएम अवास व अबुआ अवास योजना का समीक्षा किया गया।प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास सर्वे,मनरेगा में कूप निर्माण कार्य में प्रगति,बागवानी योजना में इन्टरक्रोपींग,साफ सफाई,एच टेका,नया बागवानी योजना का चयन करने का निर्देश दिया गया।बैठक मे प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र किंडो ने पंचायत सचिव व रोजगार सेवको मनरेगा योजना संचालित योजना मे तेजी लाने मानव दिवस सृजन मे बढोतरी करने का निर्देश दिया।लंबित योजना को पुर्ण करके अभिभलेख बंद करने का निर्देश दिया।इस अवसर पर बीपीओ संजीता कुमारी,एई शीतल एक्का,जेई अमरेश साहू,जेई प्रवीण बड़ाइक, पंचायत सचिव लालमेन गोप,भोला महतो,रोजगार सेवक विनय कुमार सिंह,दीलिप ओहदार,चंद्रनाथ सिंह,राजू साहू,करीश्मा बड़ाइक,उमा वर्मा,नितरन कुल्लू,विजय कुमार साहू,विजय साहू,बीएफटी राजेश गोप,जोन डुंगडुंग,छटन साहू,जनसेवक गुणवंत प्रसाद,गुरूचरण महतो, सुदर्शन जोजो सहित प्रखंड कर्मी गण उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### बारिश से घर हुआ क्षतिग्रस्त, पीड़ित ने लगाई मदद की गुहार



**ठेठईटांगर।** प्रखंड के कोनमेंजरा पंचायत अंतर्गत कुड़पानी प्रधान टोली निवासी सुकरमणि देवी पति स्वर्गीय सावन प्रधान का घर का एक हिस्सा अत्यधिक वर्षा के कारण रात्रि 11:00 बजे गिर गया, क्योंकि परिवार के सदस्य बगल में ही सोए थे परंतु जैसे ही घर गिरने की आवाज सुनाई दी सभी वहां से हट गए जिससे अनहोनी टल गई। परन्तु घर पर रखा कुर्सी, बक्सा, बर्तन, किताब कॉपी एवं अन्य सामान दबाने से क्षतिग्रस्त हो गए, क्योंकि परिवार का मुखिया का स्वर्गवास पहले ही हो चुका है परिवार अत्यधिक गरीब है। उन्होंने इसकी सूचना पंचायत समिति सदस्य शांति समम को दिया तत्पश्चात उन्होंने प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज को इसकी जानकारी दी। प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज सुबह घटना स्थल पर पहुंचे एवं क्षती का जायजा लिया एवं हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया। साथ ही अंचलाधिकारी से दूरभाष पर बात करते हुए इन्हें जल्द से जल्द सहयोग एवं क्षतिपूर्ति देने का अनुरोध किया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य शांति समद, सामुएल समद, जय मसीह समद,सहबाज अली,रमेश प्रधान आदि उपस्थित थे।

### लगातार बारिश से लोगों की सेहत पर असर अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की संख्या



**बानो।** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बारिश कम होने के बाद मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। रोजाना 60 से 70 मरीज ईलाज के लिए बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे रहे हैं। प्रखंड के विभिन्न क्षेत्र के मरीज वायरल बुखार, सर्दी-खांसी,खाज-खुजली,दस्त आदि बीमारी को लेकर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचने लगे हैं। बता दें कि बरसात से पहले मरीज की संख्या अस्पताल में कम थी लेकिन इधर लगातार हो रही बारिश के बाद मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी देखी जा रही है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनोरंजन कुमार और डॉ जावेद अली ने जानकारी देते हुए बताया कि बीमारी के बाबत अस्पताल में ईलाज की तैयारी की गई है।अस्पताल पहुंच रहे सभी मरीजों का बेहतर से बेहतर इलाज किया जा रहा है।सभी मरीजों का भौतिक जांच कर निशुल्क दवा भी दी जा रही है।मौसम को देखते हुए एहतियात के तौर पर डॉक्टर ने सभी लोगों को बीमारी से बचाव के लिए गर्म एवं शुद्ध पानी का उपयोग करने, मच्छरदानी का उपयोग करने की सलाह दी है। दूषित पानी का प्रयोग बिल्कुल भी ना करें।

### मानदेय नहीं मिलने से रोजगार सेवकों के बीच जीवन यापन में हो रही परेशानी

**कोलेबिरा/बानो।** मालूम हो कि बानो प्रखंड में 16 और कोलेबिरा प्रखंड में 11 कुल मिलाकर दोनों प्रखंड में 27 रोजगार सेवक कार्यरत हैं। बता दें कि रोजगार सेवकों को जनवरी-फरवरी माह से अब तक का मानदेय नहीं मिला है जिससे उन्हें काफी परेशानी हो रही है।परिवार के भरण पोषण में भी उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा जिसके तहत गांव में रोजगार सृजन कर लोगों को मनरेगा के तहत रोजगार उपलब्ध कराते हुए लोगों की आर्थिक स्थिति मजबूत कराने का जिम्मेवारी और मनरेगा योजनाओं का संचालन का पूरा देख रेख रोजगार सेवकों के द्वारा किया जाता है।अपने पंचायत क्षेत्र के गांव-गांव भ्रमण कर रोजगार सेवक मनरेगा योजना के तहत लाभुकों को सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बिरसा हरित ग्राम योजना,कुआं,आम बागवानी,लूज बोल्डर,टीसीबी,फार्म बांड,दीदी बाड़ी,बिरसा आदि का लाभ दिलाते हुए रोजगार सृजन कर मजदूरों को रोजगार देने का कार्य किया जाता है।वहीं इधर रोजगार सेवकों को खुद उनके रोजगार का मानदेय नहीं मिल रहा है। यही हाल प्रखंड कार्यलय में कार्यरत आउटसोर्सिंग द्वारा बहाल कंप्यूटर ऑपरेटरों का भी है उन्हें भी लगभग 8 महीनों से मानदेय प्राप्त नहीं हुआ है।

### महिला आरक्षी रासोलिया तोपनो पुलिस वीमेन ऑफ द वीक से सम्मानित



**सिमडेगा।** सिमडेगा जिले में पुलिसिंग बेहतर से बेहतर हो सके। इसको लेकर सिमडेगा एसपी एम अर्शी के द्वारा उत्कृष्ट टर्न आउट, कर्त्तव्य परायणता एवं सकारात्मक सोच वाले कर्मियों को प्रत्येक सप्ताह पुरस्कृत करने एवं उनके मनोबल को बढाने हेतु पुलिस मैन ऑफ द वीक पुरस्कार का आरंभ किया है। इसके तहत प्रत्येक सप्ताह सर्वश्रेष्ठ पुलिस कर्मियों आरक्षी से लेकर सहायक अवर निरीक्षक संवर्ग के पुलिस कर्मी / पुलिस पदाधिकारी का चयन कर उनके बेहतर ड्यूटी एवं बेस्ट टर्नआउट के लिए पुरस्कृत किया जा रहा है। साथ हीं उसकी तस्वीर पूरे सप्ताह जिले के सभी थाना/ओपी/ प्रतिष्ठान के सूचना पट में लगाया जा रहा है। इससे पुलिस कर्मीयों और पदाधिकारियों में अपनी ड्यूटी पूरी लगनता एवं कुशलता के साथ करने के लिए प्रोत्साहन मिल रही। साथ हीं उनका मनोबल भी बढ़ रहा है। जिस जिले वासियों को बेहतर पुलिसिंग का लाभ मिल रहा है।इसी कड़ी में इस सप्ताह सिमडेगा थाना में पदस्थापित महिला आरक्षी/687 रासोलिया तोपनो को उनके उत्कृष्ट टर्न आउट, कर्त्तव्य परायण्ता एवं सकारात्मक सोच के लिए पुलिस मैन/विमेन ऑफ द वीक पुरस्कार से पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। एसपी कार्यालय में आज एसपी सिमडेगा एम अर्शी और डीएसपी हेड क्वार्टर रणवीर सिंह ने रासोलिया तोपनो को प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया। बताया गया कि रासोलिया तोपनो के द्वारा अपनी ड्यूटी पूरे लगन और कुशलता के साथ किया जाता रहा है।

## वाहन में पुलिस लिखकर की जा रही थी पशु तस्करी, पुलिस ने की करवाई

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** मंगलवार को सिमडेगा पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस का नेम प्लेट लगाकर वाहन से पशु तस्करी की जा रही थी। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई की है। मामले की जानकारी देते हुए एसपी सिमडेगा एम अर्शी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि सफेद रंग के सफारी वाहन से अवैध रूप से पशुओं की तस्करी की जा रही है। इसके बाद पुलिस ने कोलेबिरा घाटी के फीकपानी में वाहन जांच अभियान लगाया। इसी दौरान उड़ीसा से रांची की तरफ जाते हुए एक सफेद रंग की सफारी वाहन को पुलिस ने रोका। लेकिन इसी दौरान वाहन में सवार चालक और एक अन्य व्यक्ति पुलिस को चकमा देकर जंगल की तरफ फरार हो गए। पुलिस ने जब सफारी की तलाशी ली तो इसमें पांच प्रतिबंधित मवेशी लदे हुए मिले। साथी इस सफारी के आगे की तरफ पुलिस का नेम प्लेट लगा हुआ मिला। पुलिस ने उसमें लदी हुई पांच गौ वंशीय मवेशी सहित वाहन को जप्त कर थाना ले आई। पुलिस इस मामले में अज्ञात तस्करों के ऊपर मामला दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

**विश्व युवा कौशल दिवस मनाया गया**

## बच्चों के बीच प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** मुख्यमंत्री सारथी योजना के कोलेबिरा केंद्र में विश्व युवा कौशल दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। केंद्र के बड़ी संख्या में छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया, जिसमें उन्होंने अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन किया।इस अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें वीना कुमारी ने प्रथम पुरस्कार और अनु कुमारी ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। उनकी रचनात्मक अभिव्यक्ति के लिए दोनों को पदक और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।भाषण प्रतियोगिता में सावित्री कुमारी को प्रथम पुरस्कार, वीना कुमारी को द्वितीय और निक्की कुमारी को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें उनके उत्कृष्ट भाषणों के लिए पदक और प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। समारोह का एक महत्वपूर्ण आकर्षण पांच छात्रों को ऑफर लेटर का वितरण था, जो जल्द ही अपने प्लेसमेंट की यात्रा शुरू करने वाले हैं। जिन छात्रों को ऑफर लेटर मिले उनमें विशाल कुमार साहू,सीतामुनि कुमारी, बबली कुमारी, बिरन बुड, पूनम कुमारी के नाम शामिल हैं। इन सभी छात्रों को उनके भविष्य के प्लेसमेंट के लिए शुभकामनाएं दी गईं, जो उनके करियर विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है।इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सारथी योजना, कोलेबिरा के केंद्र प्रमुख प्रभु कश्यप, एमआईएस रहनुमा परवीन, एसईटी ट्रेनर रानी उरांव, डीडीईओ ट्रेनर ऋतु कुमारी, कार्यालय कर्मचारी नागेंद्र कुमार महतो, और मोबिलाइजर प्रियंका कुमारी और कुलदीप मेहर सहित प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। उनकी उपस्थिति ने क्षेत्र में कौशल विकास और युवा सशक्तिकरण पहलों के महत्व को रेखांकित किया।

## पुलिस ने ठग को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** सिमडेगा पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी। मंगलवार को पुलिस ने एक ठग को गिरफ्तार का जेल भेज दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसपी सिमडेगा एम अर्शी ने बताया कि रेंगारी थाना क्षेत्र के उर्सलाईन धर्म मिशन संस्था में भवन निर्माण के लिए मेटेरियल उपलब्ध कराने के नाम पर विगत फरवारी माह से लेकर अबतक करीब 13,43,400 रुपए की ठगी करने के संबंध में थाना को लिखित शिकायत की गई थी। आवेदन के आधार पर रेंगारी थाना काण्ड सं0-06/2025 के तहत ठगी का मामला दर्ज करते हुए पुलिस अनुसंधान शुरू की। इस कांड के अनुसंधान के लिए एसपी सिमडेगा के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, सिमडेगा एवं थाना प्रभारी रेंगारी के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया। इस टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने इस कांड में संलिप्त प्राथ०अभि० पश्चिम सिंहभूम निवासी जोनसन सीथ उर्फ जोन मुण्डु को गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी ने बताए कि गिरफ्तार अभियुक्त पर कई लोगों से ठगी करने के भी मामले सामने आए है। पुलिस उनकी छानबीन भी कर रही है।

## जागरूकता व संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**बोलबा।** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर मेरा युवा भारत, सिमडेगा द्वारा प्रखंड बोलबा के कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र के सभागार में एक जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने, कौशल विकास को प्रोत्साहित करने और स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी देने के लिए आयोजित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समीर कुजूर, बैंक प्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया, बोलबा ने युवाओं को बैंक खाता खोलने की प्रक्रिया, के.वाई.सी,के.सी.सी लोन, तथा स्वरोजगार से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने युवाओं से इन योजनाओं का लाभ उठाने और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया।इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें प्रशिक्षण केंद्र के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में राहुल कुमार सिंह ने प्रथम, हेमा कुमारी ने द्वितीय तथा रंजीत बड़ाईक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित कर उनकी प्रतिभा को सराहा गया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक रेशमा कुमारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कमल नाग (चिकित्सक), रायमुनी देवी (शिक्षिका) एवं केंद्र के विद्यार्थीगण भी उपस्थित रहे।

**ट्रांसफॉर्मर जल** जराकेल सबाटोली के लोग तीन महीने से अंधेरे में रहने को विवश

# गांव तक पहुंच वाली सड़क की स्थिति भी जर्जर

- ट्रांसफॉर्मर तीन महीने पहले जल गया, अब तक बदला नहीं गया

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** बानो प्रखंड के जराकेल सबाटोली के ग्रामीण तीन महीने से अंधकार में रहने को विवश हैं।तीन महीने पुर्व ट्रांसफरमर जल जाने से लोगो को बिजली सेवा से वंचित होना पड रहा है। जले हुए ट्रांसफरमर को बदलने के लिए आवेदन दिया गया,लेकिन अबतक कोई पहल नही किया गया। जिससे लगभग 73 घरो के 330 लोगो को बिजली संकट का समाना करना पड़ रहा है।ग्रामीणो ने बताया कि इस संबंध में स्थानीय जनप्रतिनिध व विधायक को बिजली समस्या को लेकर अवगत करया गया है। गांव मे मुंडा समाज के लोग रहते है।गांव मे बुनियादि सुविधा का अभाव है। जराकेल से सबाटोली गांव तक लगभग तीन किमी सडक काफी जर्जर है।कुछ वर्ष तक गांव तक जाने के लिए ग्रेड वन सडक का निर्माण किया गया है।लेकिन कुछ वर्ष बारिश का पानी से मिट्टी का कटाव व बह जाने से सडक में बड़े बड़े बोल्डर निकल आये है। जिसपर लोगो को बाइक व पैदल आने जाने में काफी असुविधा होती है। गांव मे नया आंगनबाडी केंद्र बन रहा है।पिछले चार महीना से आंगनबाडी निर्माण कार्य बंद है। जिसके कारण बच्चो का पठन पाठन कार्य प्रभावित हो रहा है। सेविका ने बताया की पुर्व के आंगनबाडी केंद्र जर्जर रहने के कारण नया आंगनबाडी केंद्र बनाया जा रहा है। लेकिन समय से पुर्ण नही होने के कारण बच्चो को जहां तहां पढ़ना पड़ रहा है।गांव के बच्चे प्राथमिक शिक्षा के लिए कोयलबेडा प्राथमिक विद्यालय एक किमी दुर जाते हैं।वही उच्च शिक्षा पाने के लिए बच्चे चार किमी बानो व सात किमी लचरागढ जाते है। जर्जर सडक रहने के कारण बच्चो का साइकिल अक्सर पंचर हो जाता है।स्वास्थ्य सेवा के लिए पांच किमी बानो व तीन किमी कनारोआ जाते है। गांव मे पेयजल हेतु चार जलमीनार लगया गया।

### बिजली नहीं रहने से बच्चे परेशान

विभाग के अधिकारियो को अवगत करने के बाद भी जलमीनार पिछले कई महीनो मे मरम्मत नही किया गया।गांव के अशोक बुढ ने बताया कि गांव मे तीन महीना से बिजली नही है।जिसके कारण बच्चो को परेशानी का समाना करना पड रहा है।सनिका मुंडा ने बताया कि ट्रांसफरमर जले तीन महीना हो गया।विभाग को सुचना देने के बावजुद नया ट्रांसफरमर नही लगया गया।जिसके कारण अंधेरे मे रहने को विवश है। पीटर लुगुन व तरसियुस लुगुन ने बताया कि गांव तक पहुंच पथ की स्थिति खराब है।



# भारी बारिश से राहत के साथ आफत भी

**तिसरी (गिरिडीह)।** तिसरी प्रखंड में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण जहां जन जीवन अस्त व्यस्त है। वही कई नदियों में भयंकर उफान देखने को मिल रहा है। गिरिडीह के तिसरी प्रखंड अंतर्गत आने वाले कलवा नदी, संकरी नदी और गुमगी नदी में जलस्तर काफी बढ़ गया है। भारी बारिश के कारण इन नदियों का पानी पुल के लगभग समानांतर बह रहा है। कलवा नदी में बारिश भारी बारिश के कारण बिजली का खंभा भी गिर चुका है। वहीं चंदौरी के संकरी नदी में पुल से सटकर पानी बह रहा है। इसको देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गई। कई स्थानीय लोगों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर भी किया है। पानी का बहाव इतनी तेज है कि इसका शोर दूर से ही सुनाई देता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इससे पहले आज तक ऐसा दृश्य देखने को नहीं मिला। कई लोग बारिश में भीगते हुए इस मनोरम दृश्य को देखने के लिए पहुंच गए।

## बादुलिया जंगल में तीन हाथी भ्रमण करते दिखे, दहशत



**कोडरमा।** जयनगर प्रखंड के तेतरौन पंचायत अंतर्गत ग्राम बादुलिया जंगल (परसोंन) में तीन हाथियों के झुंड को मंगलवार को देखा गया। हाथियों के आने से ग्रामीणों में भय का माहौल है। इसकी सूचना जिप सदस्य केदारनाथ यादव ने वन विभाग के रेंजर रविंद्र कुमार सिंह को दी। लेकिन अब तक विभाग का कोई पदाधिकारी वहां नहीं पहुंचा। जिप सदस्य ने कहा कि बारिश हो रही है और किसान खेतों में काम कर रहे हैं। ऐसे में किसी भी अप्रिय घटना होने की पूरी आशंका है। उन्होंने बताया कि हाथी की सूचना जयनगर प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार को मोबाइल से दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक वन विभाग की टीम स्थल पर नहीं पहुंची थी।

## गुमला-लोहरदगा रोड



बड़े पेड़ गिरने से लोहरदगा-गुमला मार्ग घंटों जाम रहा। हजारों गाड़ियां फंसी रही। मशीन से पेड़ काटा गया तब आवागमन चालू हुआ।

### बाबूलाल मरांडी ने किया जानकी देवी कन्या उच्च विद्यालय का निरीक्षण

# जल्द ही जानकी देवी कन्या उच्च विद्यालय को 10+2 में अपग्रेड किया जाएगा

**नवीन मेल संवाददाता**





**गिरिडीह।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह स्थानीय विधायक बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को धनवार स्थित जानकी देवी कन्या उच्च विद्यालय का निरीक्षण किया। बता दें कि कुछ दिन पूर्व भाजपा नेता अरविंद साव ने विद्यालय को 10+2 में अपग्रेड करने को लेकर विधायक बाबूलाल मरांडी से मुलाकात कर उनसे इस दिशा में सार्थक कदम उठाने का आग्रह किया था। अरविंद साव ने बताया था कि इस क्षेत्र की छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाना पड़ता है, जिससे कई बार पढ़ाई बीच में ही छूट जाती है। इस पहल को गंभीरता से लेते हुए विधायक मरांडी ने विद्यालय परिसर पहुंचकर शिक्षकों और छात्राओं से मुलाकात की।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की भौतिक स्थिति और संसाधनों का भी जायजा लिया। निरीक्षण के बाद विधायक मरांडी ने घोषणा की कि जल्द ही जानकी देवी कन्या उच्च विद्यालय को 10+2 में अपग्रेड किया जाएगा, जिससे क्षेत्र की बेटियों को बेहतर शिक्षा के अवसर मिल सकें। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि इस संबंध में विभागीय कार्यवाही शीघ्र शुरू करवाई जाएगी। स्थानीय लोगों और छात्राओं ने विधायक के इस प्रयास की सराहना की है और इसे क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था के लिए एक सकारात्मक कदम बताया है।

## न्यूज बॉक्स

### डीसी ने लिया अतिरिक्त पदभार



**बरही।** हजारीबाग जिला बंदोबस्त कार्यालय की जिम्मेवारी उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह को मिली है। मंगलवार को उपायुक्त ने बंदोवस्त कार्यालय पहुंचकर अपना अतिरिक्त पदभार ग्रहण कर लिया है। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों से कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी लिया और समीक्षा किया। उन्होंने कार्यालय अधिकारियों व कर्मियों को अभिलेखों के सुरक्षित एवं व्यवस्थित संधारण के निर्देश भी दिए। उपायुक्त के बंदोवस्त कार्यालय का प्रभार ग्रहण करने से वैसे सभी रैयतों के बीच आशा की किरणें जगी है जिन्हे किसी कारण वश सड़क चौड़ीकरण या भू अधिकग्रहण मामले में अब तक भू - मुआवजा नहीं मिल सके हैं।

### रेलवे पटरी के पास अज्ञात महिला का शव मिला

**डुमरी।** डुमरी थाना क्षेत्र के पिपराडीह के पास मंगलवार को रेलवे पटरी पर एक महिला का शव मिला।शव की पहचान खबर प्रेषण तक नहीं हो पाई थी। महिला के हाथ में एक अंगूठी है जिसमें मेमुल लिखा हुआ है।शव को पुलिस ने जब्त कर थाना ले गयी और आगे की कार्रवाई में जूट गयी है।संभावना जताई जा रही है कि उक्त महिला संभवतः किसी ट्रेन के चपेट में आ गयी होगी या फिर रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान किसी ट्रेन के चपेट में आ गयी होगी।

### दलमा शिव मंदिर प्रवेश शुल्क सनातन संस्कृति पर हमले जैसा : मंच

**पश्चिम सिंहभूम।** श्रावण माह में दलमा स्थित प्राचीन शिव मंदिर में वन विभाग की ओर से लगाए गए प्रवेश शुल्क के खिलाफ मंगलवार को हिंदू जागरण मंच के प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य जय गिरि गोस्वामी ने इस फैसले को सनातन संस्कृति पर हमला बताया। उन्होंने कहा कि श्रावण माह में बाबा भोलेनाथ को जल चढ़ाने से कोई नहीं रोक सकता। यह किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। महावीर संघ चाईबासा के संरक्षक दीपक कुमार गुप्ता ने भी इस निर्णय पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि सरकार विकास योजनाओं के प्रचार में व्यस्त है लेकिन भक्तों पर कर थोपना दुर्भाग्यपूर्ण है। क्या अब अपने ही मंदिर में पूजा के लिए भी कर देना होगा। इधर, भाजपा के पिछड़ा जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री हेमन्त कुमार केशरी ने सरायकेला-खरसावां के उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए वन विभाग की इस वसूली को तत्काल बंद कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि दलमा पहाड़ पर स्थित मंदिर में कोल्हान सहित पूरे झारखंड से हजारों श्रद्धालु श्रावण में दर्शन को पहुंचते हैं और यह निर्णय हिंदू आस्था को ठेस पहुंचाता है। केशरी ने इसे तुगलकी फरमान और जजिया कर बताते हुए चेतावनी दी कि यदि यह वसूली तुरंत बंद नहीं की गई तो भाजपा आंदोलन करेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री से संबंधित अधिकारी का तबादला करने की भी मांग की।

### जमीन कारोबारी की मौत ,सड़क जाम



**हजारीबाग।** हजारीबाग के जबरा निवासी जमीन कारोबारी प्रदीप प्रसाद की रांची स्थित रिम्स अस्पताल में मंगलवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने शव के साथ कोर्रा चौक को जाम कर दिया। उल्लेखनीय हो कि गत छह जुलाई की रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने प्रदीप को फोन कर बाहर बुलाया था। कुछ समय बाद वह गंभीर रूप से घायल मिले। उनका मोबाइल फोन भी गायब था। परिजनों का कहना है कि यह एक सोची-समझी साजिश थी। उनका मानना है कि जमीन कारोबार के विवाद में प्रदीप की हत्या की गई। परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि शिकायत के बावजूद पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। जांच में लापरवाही बरती गई। आज तक मुख्य आरोपित पकड़े नहीं गए हैं। प्रदर्शनकारी पुलिस अधीक्षक के मौके पर आने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि जब तक एसपी नहीं आएंगे और आरोपितों की गिरफ्तारी का आश्वासन नहीं मिलेगा, प्रदर्शन जारी रहेगा।कोर्रा चौक पर भारी पुलिस बल तैनात है। थाना प्रभारी स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन लोगों का गुस्सा कम नहीं हो रहा है। स्थानीय लोग न्याय की मांग पर अड़े हुए हैं।

### युवक का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**खूंटी।** खूंटी-चाईबासा मुख्य सड़क के किनारे स्थित एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय के बाहर बनी दुकान के शेड के नीचे से मंगलवार सुबह पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया। शव की पहचान पेलोल गांव निवासी सुखू रूंडा के 32 वर्षीय पुत्र विनोद रूंडा के रूप में हुई है। उसके चेहरे एवं शरीर के अन्य हिस्सों पर चोट के निशान मिले हैं। इससे आशंका व्यक्त की जा रही है कि किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत हुई होगी।

## मालवाहक वैन और बाइक के सीधी टक्कर से बाइक सवार की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**



**गांडेय।** गांडेय अहिल्यापुर मुख्य मार्ग स्थित गिरनिया गांव के तीखी मोड़ के पास मंगलवार को दोपहर सड़क दुर्घटना में एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान ताराटांड़ थाना क्षेत्र के जहानाबाद गांव निवासी 52 वर्षीय जय प्रकाश पांडेय के रुप में की गई है। घटना की सूचना पा कर गांडेय पुलिस स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक जय प्रकाश पांडेय अपने बाईक (जेएच11एल0278) से देवघर से वापस अपना घर जा रहे थे। उसी क्रम में अहिल्यापुर की ओर से आ रही मालवाहक वैन (जेएच10एएक्स 8674) गिरनिया के तिरछी मोड़ के पास दोनों वाहनों की सीधी टक्कर हो गई जिससे बाईक सवार सड़क पर गिर गए। घटना को देखकर तेज बारिश में भी स्थानीय ग्रामीण दौड़कर घटना स्थल पर पहुंचे और गांडेय पुलिस को सूचना दिया। सूचना मिलने पर गांडेय थाना प्रभारी आनंद प्रकाश सिंह , एसआई मणि लाल सिंह अपने दल - बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और घायल व्यक्ति को 108 एम्बुलेंस से इलाज के लिए गांडेय सीएचसी लेकर पहुंचे । गांडेय सीएचसी में डाक्टरों ने घायल व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। पुलिस से सूचना मिलने पर मृतक के परिजन और कुंडलवादाह पंचायत के मुखिया मो कादिर और झामुमो नेता मो मकबूल, पूर्व विधायक लक्ष्मण स्वर्णकार , भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष यदुनंदन पाठक सहित अन्य लोग अस्पताल पहुंचे और शोकाकुल परिजनों को सांत्वना दिया।

## चोर को मिला चमत्कारी दंड मूर्ति के सामने हुआ बेहोश

**नवीन मेल संवाददाता**



**पश्चिम सिंहभूम।** पश्चिम सिंहभूम जिला के बड़ाजामदा में मंगलवार की अहले सुबह एक चमत्कारिक घटना घटी। जिसने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। टंकीसाई निवासी वीर नायक, पिता विजय नायक, नशे की हालत में बड़ाजामदा स्थित माँ काली और शीतला मंदिर में चोरी करने घुसा। बताया जाता है कि उसने मंदिर का ताला तोड़कर दानपेटी से पैसे निकाले और माँ शीतला की प्रतिमा पर चढ़े सोने-चांदी के आभूषण भी उतार लिए। लेकिन जैसे ही वह चोरी कर बाहर निकलने की कोशिश करने लगा, तभी नशे और नींद की गोली टी-10 के असर से उसकी हालत बिगड़ गई और वह मूर्ति के सामने ही बेहोश होकर गिर पड़ा। सुबह जब स्थानीय लोग पूजा के लिए मंदिर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि मंदिर का दरवाजा टूटा हुआ है। अंदर जाने पर माँ शीतला की प्रतिमा के सामने युवक अचेत अवस्था में पड़ा था। यह दृश्य देख लोग हैरान रह गए। घटना की सूचना समाजसेवी मदन गुप्ता को दी गई, जो सुबह चार बजे मंदिर पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले मंदिर का दरवाजा बंद कर दिया ताकि और कोई अंदर न जा सके। इसके बाद बड़ाजामदा ओपी प्रभारी बालेश्वर ऊरांव को सूचना दी गई।

पुलिस टीम के साथ थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और पूरी घटना की वीडियोग्राफी कराई। मंदिर का दरवाजा खोलकर देखा गया तो चोर अब भी मूर्ति के सामने गहरी नींद में सोया हुआ था।

## अरोपी ने अपने ही चचेरे भाई की हत्या कर सिर और धड़ अलग कर फेंका, परिवार में शोक ही लहर



**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के गांवा थाना इलाके में हत्या के एक मामले से सनसनी फैल गई. यहां एक भाई ने अपने ही चचेरे भाई की गर्दन चाकू से उतार दी।घटना थाना क्षेत्र के बादीडीह पंचायत अंतर्गत नावाडीह गांव की है. यहां के निवासी अरविंद यादव का 22 वर्षीय पुत्र आनंद कुमार यादव शनिवार रात से गायब था। इस सम्बन्ध में गावां थाना में आवेदन देकर गुमशुदगी का सनहा दर्ज कराया गया था। इसके बाद युवक के मोबाइल को ट्रेस करते हुए पुलिस खोजबीन में जुट गई थी। कॉल डिटेल के आधार पर युवक के चचेरे भाई कमलेश यादव 38 वर्ष लगभग को पुलिस ने सोमवार की रात हिरासत में लिया। उसकी कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म कबूल करते हुए पुलिस को बताया कि उन्होंने आनंद की चाकू से गर्दन काटकर हत्या कर शव को झाड़ी में फेंक दिया है। इसके बाद मंगलवार को पुलिस ने हत्यारोपी को साथ लेकर उसकी निशानदेही पर मृतक आनंद कुमार के धड़ को बरामद कर लिया है। परन्तु पुलिस ने अब तक मृतक के सिर को बरामद नहीं कर पाई है।

## यात्रियों से छिनतई करने का आरोपित गिरफ्तार

**पूर्वी सिंहभूम।** यात्री ट्रेनों में सफर कर रहे यात्रियों से मोबाइल छीनकर ट्रेन से कूद जाने वाला आरोपित आखिरकार टाटानगर रेल पुलिस के हत्थे मंगलवार को चढ़ गया। गिरफ्तार आरोपित का नाम प्रकाश दास उर्फ दिग्गी है। पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि उसके खिलाफ टाटानगर रेल थाने में ही सात आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरपीएफ और चक्रधरपुर मंडल की उड़नदस्ता टीम ने उसे मंगलवार को आदित्यपुर स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर चार से गिरफ्तार किया। आरोपित के पास से पुलिस ने एक चोरी का मोबाइल फोन भी बरामद किया है। जांच में सामने आया कि वह ट्रेनों में यात्रा करने के दौरान यात्रियों का मोबाइल छीनकर चलती ट्रेन से कूद जाता था और इस तरह कई घटनाओं को अंजाम दे चुका है। पुलिस ने आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है और उससे संबंधित अन्य मामलों की जांच कर रही है।

## केएस गंगा अस्पताल में हुआ अग्निशमन का मॉक ड्रिल



**खूंटी।** अग्निशमन सेवा खूंटी के सौजन्य से मंगलवार को केएस गंगा अस्पताल में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान फायर ब्रिग्रेड के अधिकारी रामाशीष यादव ने अस्पताल के चिकित्सकों, कर्मचारियों और नर्सों को आग लगने पर किये जाने वाले उपायों की जानकारी दी। उन्होंने लाइव डेमो देकर आग पर नियंत्रण के उपायों की जानकारी साझा की। साथ ही यह भी बताया कि आग लगने पर किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए और अग्निशमन यंत्र का उपयोग किस प्रकार करना चाहिए। मौके पर डॉ अंजीव नयन, डॉ पिंकी, नर्स अनुपम, दशमी, रीना, सोनिया, अंशु, एलिजा, कृतिका, आशा, रीता, महावीर सहित अन्य उपस्थित थे।

### सरला बिरला स्कूल में स्किल-ओ-थॉन का आयोजन

# छात्रों को अपना करियर बनाने के लिए किया प्रेरित

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** विश्व युवा कौशल दिवस 2025: एक सुदृढ़ भविष्य के लिए युवा मस्तिष्कों का सशक्तिकरण विश्व युवा कौशल दिवस पर, सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने युवाओं को रोजगार और उद्यमिता के लिए आवश्यक कौशल से लैस करने की क्षमता को पहचानने में वैश्विक समुदाय का साथ दिया। इस वर्ष की थीम, "एक सुदृढ़ और सतत भविष्य के लिए युवाओं का कौशल विकास" के साथ, ऐसे रास्ते बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया जो युवाओं को एक उभरती वैश्विक अर्थव्यवस्था में फलने-फूलने के लिए सशक्त बनाएँ। विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने विभिन्न कौशल संस्थानों के विशेषज्ञों द्वारा आयोजित संवादात्मक सत्र में भाग लिया, जहां उन्होंने छात्रों को इन कौशलों में अपना करियर बनाने के लिए प्रेरित किया। इस दिवस के उपलक्ष्य में, एसबीपीएस ने कई गतिविधियों का आयोजन किया, जिनमें डिजिटल साक्षरता, उद्यमिता पर कौशल विकास कार्यशालाएँ, युवा नेताओं, उद्योग विशेषज्ञों और शिक्षकों के साथ पैनल चर्चाएँ शामिल हैं।

उषा मार्टिन के मयंक मुरारी, जो एक विचारक और सक्रिय कार्यकर्ता हैं, उन्होंने जैविक खेती को एक व्यावसायिक कौशल के रूप में चर्चा की क्योंकि यह समय की मांग है। गोपिका, कॉस्मेटिक इंजीनियर, प्रिंसिपल दीपशिखा - एन इंस्टीच्यूट फॉर चाईल्ड डेवेलपमेंट एण्ड मेंटल हेल्थ ने अपने प्रेरणादायक अनुभवों को साझा किया। श्री सीतांशु ने छात्रों को पर्यटन को एक कौशल विषय के रूप में लेने के लिए प्रोत्साहित किया। एमएसएमई के श्री पूर्णेंदु पंकज और श्री मंगल टोप्पो ने विभिन्न पाठ्यक्रमों के बारे में बात की, जो छात्रों को नौकरी के लिए तैयार होने के लिए सुसज्जित करते हैं। डॉ अंसार अहमद, पशु चिकित्सक ने पशु चिकित्सकों की उज्ज्वल संभावनाओं के बारे में चर्चा की। सुश्री निशात अंजू, वेलनेस न्यूट्रिसन और कन्सल्टेंट ने न्यूट्रिसन के भविष्य को एक कैरियर के रूप में समझने के लिए प्रेरित किया। श्री राजीव रंजन एसबीयू, लीगल लिट्रेसी ने कैरियर विकल्प के रूप में कानून में भविष्य पर चर्चा की। एसबीपीएस की पूर्व छात्रा सुश्री प्रेरणा एंजेल कुजूर ने उद्यमशीलता कौशल की ओर बढ़ने के कौशल अवसरों और मार्गों पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में आजीवन सीखने, रोजगारपरकता को बढ़ावा देने और उद्यमशीलता की भावना को बढ़ावा देना है। छात्रों द्वारा एक प्रतिबिंब बोर्ड 'मेरा स्वप्न कौशल' लगाया गया, जहाँ सभी प्रतिभागी छात्रों ने अपने सपनों के करियर कौशल को लिखा। सीबीएसई प्रतिनिधि राजीव पांडे ने अपने प्रेरक शब्दों से छात्रों को प्रेरित करते हुए कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस कार्यक्रम में रांची के विभिन्न स्कूलों - ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल, निरजा सहाय डीएवी पब्लिक स्कूल, डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातू के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।


**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
**(CIN : U40108JH2013SGC001702)**
**ELECTRIC SUPPLY CIRCLE, HAZARIBAG, JULU PARK, HAZARIBAG PIN - 825301**

**e-TENDER NOTICE**

e-Tenders in two parts Part-I (Technical and Commercial) and Part-II (price part) are invited from the reputed tenderers having good experience of following similar type of Civil works and having sound financial status:-

| Sl. No. | NIT No. | Name of the works | Estimated cost in Rs./- | Earnest money to be deposited in Rs./- | Cost of BOQ (Non-Refundable) in Rs./- | Time of completion of work. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 99/PR/JBVNL/25-26 | Repair & maintenance of control room building with leak proof treatment at Gidhaur, Chatra. | 3,91,350/- | 7,900/- | 885/- GST included | 02 Months |
| 02 | 100/PR/JBVNL/25-26 | Repair & maintenance of control room building with leak proof treatment at Katkamsandi, Hazaribag. | 3,72,550/- | 7,500/- | 885/- GST included | 02 Months |
| 03 | 101/PR/JBVNL/25-26 | Repair & maintenance of control room building with leak proof treatment at Jabra, Hazaribag. | 3,97,450/- | 8,000/- | 885/- GST included | 02 Months |
| 04 | 102/PR/JBVNL/25-26 | Renovation of front gate and back gate along with allied civil work in existing boundary wall at Central Store, Mission, Hazaribag. | 9,98,450/- | 20,000/- | 1475/- GST included | 02 Months |

| | |
|---|---|
| Availability of tender documents on website | From 18.07.2025 at 11.00 AM to 08.08.2025 upto 18.00 |
| Last date and time for uploading of e-tender | 08.08.2025 upto 18.00 |
| Last date and time for physical submission of original Demand Draft towards cost of BOQ and Earnest Money and no blood relation Affidavit. | 11.08.2025 upto 15.00 |
| Date and time for opening of Tender Part-I (Technical and Commercial) | 13.08.2025 at 13.00 |
| Date and time for opening of Tender Part-II (Price Part) | Will be communicated later on. |
| Tendering Officer and address for communication | Electrical Superintending Engineer, Electric Supply Circle, Hazaribag. Jullu Park, Hazaribag. |

1. e-Tender documents and BOQ including terms & conditions, specification etc. can be downloaded and submitted online on website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned (06546-226949) during office hours. NIC helpline no. 0651-2400178.
2. Demand Draft from any (scheduled commercial) bank towards cost of BOQ and Earnest Money will be in favour of ***Accounts Officer*, Electric Supply Circle, Hazaribag** payable at Hazaribag.
3. The tenders will be received through electronic tendering mode only. No postal transaction will be entertained. Demand draft will be submitted physically in office up to scheduled date and time.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
Electrical Superintending Engineer
ELECTRIC SUPPLY CIRCLE, HAZARIBAG

PR 357342 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(25-26)#D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

"ईश्वर को प्यार करने वाला भक्त किसी जाति का नहीं हो सकता है। क्योंकि भगवान किसी धर्म-जाति में विश्वास नहीं रखते, भगवान को केवल सच्चे मन से याद करना चाहिए।" - स्वामी रामकृष्ण परमहंस जी

## संपादकीय

# राजधर्म और राजनीति

भारत जिस तेजी से बढ़ रहा है उसी तेजी से उसके विरोधी भी उग्र हो रहे हैं और राजधर्म निभाने में राजनीतिक दबाव बढ़ रहा है।पश्चिम एशिया में ईरान और इस्राइल के बीच या यूक्रेन में पुतिन के युद्ध को लेकर भारतीय कूटनीति के लिए नाजुक संतुलन की बड़ी चुनौतियां हैं। लेकिन इस समय आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा और बांग्लादेश की बेदखल प्रधानमंत्री शेख हसीना की मौजूदगी के चलते भारत को ज्यादा प्रत्यक्ष चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। दलाई लामा के उत्तराधिकार के मामले में भारत का स्पष्ट रुख है कि इस प्रक्रिया को तिब्बती नेताओं और उनके समुदाय पर छोड़ देना चाहिए, जिससे चीन नाखुश है। भारतीय केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू की इस मामले में टिप्पणी से बीजिंग और चिढ़ गया है, क्योंकि रिजिजू अरुणाचल प्रदेश के बौद्ध हैं, जिस पर चीन दावा जताता रहा है। बीजिंग के विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दलाई लामा को 90वें जन्मदिन पर बधाई देने पर भी आपत्ति जताते हुए कहा कि चीन अपने आंतरिक मामले में कोई भी हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं करेगा। मौजूदा दलाई लामा ने यह कहकर चीन को असमंजस में डाल दिया था कि 2024 के अंत तक वह तय करेंगे कि उनके निधन के बाद दलाई लामा की संस्था जारी रहेगी या नहीं। अगर वह ऐसा करते, तो उत्तराधिकार का कोई मुद्दा नहीं होता और तिब्बती समुदाय का नेतृत्व धर्मशाला स्थित निर्वाचित, निर्वासित सरकार और एक सिक्योंग (राष्ट्रपति) द्वारा संचालित केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के हाथों में चला जाता। दरअसल, दलाई लामा ने तिब्बती समुदाय से जुड़े ज्यादातर मामलों को सिक्योंग और निर्वासित सरकार के हवाले कर दिया है।



*दलाई लामा के उत्तराधिकार के मामले में भारत का स्पष्ट रुख है कि इस प्रक्रिया को तिब्बती नेताओं और उनके समुदाय पर छोड़ देना चाहिए, जिससे चीन नाखुश है।*

पर सिक्योंग में दलाई लामा जैसा आध्यात्मिक आकर्षण नहीं होगा, जो तिब्बत के अंदर और बाहर, तिब्बती समुदाय पर अपना निरंतर प्रभाव बनाए रख सके और दुनिया में तिब्बत की विशिष्ट पहचान को जीवित रख सके।निर्वासित तिब्बती सरकार चीन के लिए एक चुनौती बनी रहेगी, लेकिन अगर दलाई लामा जैसी संस्था नहीं रही, तो बीजिंग निर्वासित सरकार को अलगाववादी बताकर भारत पर दबाव डाल सकता है कि वह उसे अपनी धरती पर शरण और समर्थन न दे। इसी साल प्रकाशित वॉइस फॉर द वॉइसलेस में दलाई लामा ने कहा है कि उनका उत्तराधिकारी एक स्वतंत्र दुनिया में जन्म लेगा, यानी चीन से बाहर, जिससे चीन काफी नाराज था। इसे दलाई लामा के उत्तराधिकार में चीनी सरकार की किसी भी भूमिका को नकारने की एक चतुर चाल के रूप में देखा गया। यदि वर्तमान दलाई लामा चीन के बाहर अपना उत्तराधिकारी घोषित करेंगे, तो चीनी शासक तिब्बतियों पर अपना दलाई लामा थोपने की कोशिश करेगा। नतीजतन दो दलाई लामा होंगे-एक चीन समर्थित दलाई लामा, और दूसरा वर्तमान दलाई लामा के उत्तराधिकार प्रक्रिया के जरिए बनाया गया दलाई लामा। चीन द्वारा मौजूदा दलाई लामा को 'अलगाववादी' कहने के बावजूद तिब्बती आध्यात्मिक नेता ने तिब्बती स्वतंत्रता के लिए सशस्त्र विद्रोह का समर्थन नहीं किया है, जैसा कि 1950 के दशक के अंत में उग्र खंपाओं ने सशस्त्र विद्रोह किया था। उन्होंने तिब्बत के भविष्य का फैसला करने के लिए बीजिंग के साथ बातचीत की मांग की है। 2005 में मैंने दलाई लामा का एक साक्षात्कार लिया था, तब उन्होंने तिब्बत लौटने और अपने जीवने के अंतिम वर्ष वहीं बिताने की इच्छा जाहिर की थी।

# नीति आयोग की मानव पूंजी से संबंधित क्रांति




भारत जैसे विशाल और वैविध्यपूर्ण देश में प्रगति का वास्तविक पैमाना केवल जीडीपी के आँकड़ों या बुनियादी ढाँचे की उपलब्धियों में नहीं, बल्कि इस बात में निहित है कि वह देश अपनी जनता का कितने बेहतर ढंग से पोषण करता है। मानव पूँजी-हमारी शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य और उत्पादकता-केवल एक आर्थिक संपत्ति ही नहीं, बल्कि नैतिक अनिवार्यता भी है। पिछले दस वर्षों में, भारत के प्रमुख नीतिगत थिंक टैंक-नीति आयोग के नेतृत्व में एक शांत लेकिन प्रभावशाली क्रांति ने आकार लिया है, जिसने देश द्वारा अपने सबसे महत्वपूर्ण संसाधन, यानी अपने नागरिकों, में निवेश करने के तरीके को नए आकार में ढाला है। एक ऐसे देश में जहाँ 65 प्रतिशत से ज्यादा आबादी 35 साल से कम उम्र वाले लोगों की है, तो वह जनसांख्यिकीय लाभांश बेहद दुर्लभ अवसर प्रस्तुत करता है। लेकिन इस युवा आबादी का विशाल आकार अपने साथ एक बड़ी ज़िम्मेदारी भी लेकर आता है। प्रमुख चुनौती इस युवा ऊर्जा को आर्थिक विकास और राष्ट्रीय विकास की शक्ति में रूपांतरित करना है। यहीं पर नीति आयोग एक दूरदर्शी उत्प्रेरक के रूप में उभरा है - जो न केवल आज की प्रगति, बल्कि भविष्य की समृद्धि का भी रोडमैप तैयार कर रहा है। पिछले एक दशक में, नीति आयोग एक थिंक टैंक से एक सुधारवादी साधन और कार्यान्वयन भागीदार के रूप में विकसित हुआ है, जो आँकड़ों, सहयोग और मानव-केंद्रित डिज़ाइन द्वारा समर्थित साहसिक विचारों के लिए जाना जाता है। इसने नीति-निर्माण को एक शीर्ष-स्तरीय प्रक्रिया से राज्यों, निजी क्षेत्र, वैश्विक संस्थानों और सामाजिक संगठनों के साथ सह-निर्माण की गतिशील प्रक्रिया में बदल दिया है। इसकी ताकत केवल योजना बनाने में ही नहीं, बल्कि संज्ञान लेने और उन अवधारणाओं को अमली जामा पहनाने में भी निहित है। इसके मार्गदर्शन में मानव पूँजी की आधारशिला- शिक्षा की पूर्णतया नए सिरे से परिकल्पना की गई है। नीति आयोग ने इस बात को स्वीकार करते हुए कि केवल पहुँच ही पर्याप्त नहीं होती, गुणवत्ता और न्यायसंगतता पर ज़ोर दिया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, जहाँ नीति आयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही, ने-रटंत शिक्षा से आलोचनात्मक चिंतन, लचीलेपन और व्यावसायिक एकीकरण का रुख करते हुए एक नए युग का सूत्रपात किया। इसने प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा, मातृभाषा में शिक्षण और विषयों के बीच निर्बाध परिवर्तन पर ज़ोर दिया। इसने देश भर में मौजूद 10,000 से अधिक अटल टिंकरिंग लैब्स में नवाचार को समाहित करते हुए अटल नवाचार मिशन जैसी पहलों के माध्यम से जवाबदेही और कल्पनाशीलता दोनों को सुनिश्चित किया।

भारत के युवाओं को 21वीं सदी के लिए कुशल बनाना इसके मिशन का एक और आधार रहा है। कौशल भारत मिशन को समर्थन देने से लेकर आकांक्षी जिला कार्यक्रम के माध्यम से वंचित जिलों के महत्वपूर्ण भाग तक व्यावसायिक कार्यक्रमों की पहुँच सुनिश्चित करने तक, नीति आयोग ने कक्षा और करियर के बीच की खाई को पाटने में मदद की है। कौशल भारत मिशन के तहत, 1.5 करोड़ से ज़्यादा युवाओं को तकनीक, उद्योग संबंधों और माँग-आधारित पाठ्यक्रमों के सम्मिश्रण वाली पहलों के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया है। इसने महज प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए ही प्रशिक्षण नहीं दिया-अपितु इसने क्षेत्रीय ज़रूरतों का आकलन किया और भारत के ग्रामीण और शहरी दोनों ही तरह के युवाओं के लिए वास्तविक आर्थिक संभावनाओं के द्वार खोलने वाले कार्यक्रम तैयार किए। इसके साथ ही साथ, इसने गतिशील, समावेशी श्रम बाज़ार का समर्थन किया। इसने 44 केंद्रीय श्रम कानूनों को-मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा, औद्योगिक संबंध और व्यावसायिक सुरक्षा से संबंधित चार सरलीकृत संहिताओं में युक्तिसंगत बनाने में सहायता प्रदान की। इन सुधारों ने नियोक्ता के लचीलेपन को श्रमिक सुरक्षा के साथ संतुलित किया, जिससे विशेष रूप से अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों को लाभ हुआ, जो भारत के कार्यबल का बहुसंख्यक हिस्सा हैं। अनुपालन को सरल बनाकर और औपचारिकता को प्रोत्साहित करके कार्यस्थल केवल अधिक उत्पादक ही नहीं, बल्कि अधिक मानवीय भी बना। अक्सर लागत के रूप में देखी जाने वाली स्वास्थ्य सेवा को निवेश के रूप में नए सिरे से परिभाषित किया गया। नीति आयोग ने प्रतिक्रियात्मक उपचार से अग्रसक्रिय स्वास्थ्य का रुख किए जाने को मूर्त रूप प्रदान करने में मदद की। नीति आयोग द्वारा समर्थित और निरीक्षित प्रमुख आयुष्मान भारत योजना ने 50 करोड़ से अधिक भारतीयों को स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया, जबकि 1.5 लाख से अधिक स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों ने प्राथमिक देखभाल को जमीनी स्तर तक पहुँचाया। कार्यक्रमों ने पोषण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य और गैर-संचारी रोगों को लक्षित किया-जिनका उद्देश्य केवल बीमारों का उपचार करना ही नहीं, बल्कि लोगों को स्वस्थ रखना भी था।

कोविड-19 महामारी ने भारत की स्वास्थ्य प्रणाली की मजबूती की अभूतपूर्व परीक्षा ली। नीति आयोग ने संकट की इस घड़ी का बड़ी दृढ़ता और विश्वास से सामना करते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय और आईसीएमआर के साथ मिलकर संक्रमण के पैटर्न का मॉडल तैयार किया, न्यायसंगत चिकित्सा संसाधनों का आवंटन सुनिश्चित किया और टेलीमेडिसिन के लिए ई-संजीवनी जैसे प्लेटफॉर्म शुरू किए। महामारी के बाद के इसके विजन ने सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रबंधन संवर्गों और आधुनिक डिजिटल स्वास्थ्य बुनियादी ढाँचे पर ज़ोर देते हुए केवल रिकवरी पर ही पहीं, बल्कि तत्परता पर भी ज़ोर दिया। इन क्षेत्रों से परे, नीति आयोग उद्यमिता और नवाचार के लिए प्रकाश स्तंभ रहा है। स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया और अटल इनोवेशन मिशन जैसे कार्यक्रमों ने विचारों के फलने-फूलने के लिए उपजाऊ इकोसिस्टम तैयार किया है। महत्वपूर्ण चरणों में नीतिगत समर्थन, इनक्यूबेशन और मार्गदर्शन मिलने की वजह से फिनटेक, एडटेक, एग्रोटेक, हेल्थटेक और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में हजारों स्टार्ट-अप आज फल-फूल रहे हैं। ये व्यवसाय मात्र ही नहीं हैं; बल्कि ये रोजगार सृजनकर्ता और समस्या का समाधान करने वाले भी हैं, जो एक सुदृढ़ और आत्मनिर्भर भारत में योगदान दे रहे हैं। लेकिन संभवतः इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि इसके द्वारा साक्ष्य- आधारित नीति-निर्माण की संस्कृति को संस्थागत रूप दिया जाना रही है। इसने विशाल आँकड़ों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रीयल-टाइम डैशबोर्ड और कठोर निगरानी ढाँचों का लाभ उठाकर नीतियों का अनुकूल, जवाबदेह और ज़मीनी हक़ीक़तों के अनुरूप बना रहना सुनिश्चित किया है। चाहे भारत का पहला एसडीजी सूचकांक जारी करना हो, कार्य निष्पादन के मानकों पर राज्यों को मार्गदर्शन देना हो, या नीति निर्माण के लिए व्यवहारिक अंतर्दृष्टि का उपयोग करना हो, नीति आयोग ने वैज्ञानिक चिंतन को शासन के केंद्र में ला दिया है। विभिन्न मंत्रालयों और क्षेत्रों में संयोजन और समन्वय स्थापित करने की इसकी क्षमता ने इसे एक परामर्शदायी निकाय से कहीं अधिक बना दिया है-यह विकास के अंतःकरण का रक्षक बन गया है। इसने कार्य निष्पादन -आधारित रैंकिंग के माध्यम से राज्यों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित किया, हाशिये पर पड़े लोगों की आवाज़ बुलंद करने के लिए सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर काम किया और सर्वोत्तम प्रथाओं को देश में लाने के लिए वैश्विक साझेदारों के साथ सहभागिता की। वैश्विक नवाचार सूचकांक में भारत का बढ़ता कद और संयुक्त राष्ट्र, विश्व बैंक और यूनेस्को जैसी संस्थाओं से मिली प्रशंसा इस प्रयास के प्रति दुनिया के सम्मान को दर्शाती है। नीति आयोग ने केवल लक्ष्य हासिल करने से कहीं बढ़कर, टिकाऊ, समावेशी और भविष्य के अनुरूप प्रणालियाँ बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है। सतत विकास लक्ष्यों के प्रति इसकी प्रतिबद्धता-स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन से लेकर हरित गतिशीलता तक, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना से लेकर कार्यस्थलों में महिला-पुरुष समानता तक- हर पहल में स्पष्ट दृष्टिगोचर होती है। ज्ञान अर्थव्यवस्था के रूप में भारत का उदय अब कोई दूर का सपना नहीं रह गया है-यह जनता को राष्ट्र की सबसे बड़ी संपत्ति मानने वाली नीतियों के जरिए संचालित एक प्रगतिशील कार्य बन चुका है। नीति आयोग ने विकास के इर्द-गिर्द के विमर्श को ऊपर उठाते हुए हमें याद दिलाया है कि सच्ची प्रगति गगनचुम्बी इमारतों या सबसे बड़े कारखानों से नहीं, बल्कि जनता की ताकत, स्वास्थ्य और गरिमा से मापी जाती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

### आज की बात



**राव इंद्रजीत सिंह**

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना और संस्कृति राज्य मंत्री

# ऐसी पढ़ाई में है सारे बच्चों की भलाई

भारत के शिक्षा तंत्र में दशकों से एक अदृश्य रेखा बनी रही है। वह है आगे की बेंच और पीछे की बेंच। जहां आगे की बेंच पर बैठने वाले छात्र अकसर मेधावी माने जाते हैं, वहीं पीछे की बेंच को उपेक्षा और उपहास का प्रतीक समझा जाता है। लेकिन केरल के सरकारी स्कूलों में हाल ही में जो बदलाव लाया गया है, वह इस मानसिकता को जड़ से चुनौती देता है। अब वहां "बैक बेंचर्स" नाम की कोई चीज नहीं है। केरल के स्कूलों में अब छात्रों को गोल घेरे में (यू-शेप) में बैठाया जा रहा है, जिससे हर बच्चा शिक्षक के सामने होता है, न कोई आगे, न कोई पीछे। यह केवल एक बैठने की शैली नहीं, बल्कि एक वैचारिक क्रांति है। यह इस सोच को तोड़ता है कि सीखने का अधिकार कुछ बच्चों तक सीमित है। इस बदलाव का उद्देश्य स्पष्ट है-बराबरी, भागीदारी और समावेशिता। हर बच्चा अब शिक्षक से आंख मिलाकर संवाद कर सकता है, अपने सवाल पूछ सकता है और खुद को महत्वपूर्ण महसूस कर सकता है। बताया जाता है कि यह नई व्यवस्था एक फिल्म में दिखाई गई कल्पना से प्रेरित है। कभी-कभी सिनेमा केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि बदलाव की प्रेरणा भी बन जाता है। जिस तरह "तारे जमीन पर" ने विशेष बच्चों को लेकर दृष्टिकोण बदला, वैसे ही इस फिल्म ने शिक्षा व्यवस्था पर सोचने को मजबूर किया। केरल ने उस कल्पना को जमीन पर उतारा और यही वह दृष्टिकोण है जो भारत के शिक्षा क्षेत्र में एक नई रोशनी बन सकता है। शिक्षा केवल किताबी ज्ञान नहीं, वह एक मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया है। एक बच्चा जो हमेशा पीछे बैठाया जाता है, उसके आत्मविश्वास पर इसका असर पड़ता है। उसे लगता है कि वह कमतर और गैरजरूरी है। जब वही बच्चा शिक्षक के सामने बैठता है, चर्चा का हिस्सा बनता है, तो उसके भीतर एक नई ऊर्जा जन्म लेती है। नई बैठने की व्यवस्था केवल छात्रों के लिए नहीं, शिक्षकों के लिए भी एक चुनौती और अवसर दोनों है। अब शिक्षक को केवल सामने खड़े होकर भाषण देने वाला नहीं, बल्कि बातचीत और सहभागिता में विश्वास रखने वाला मार्गदर्शक बनना होगा। यह "एकतरफा शिक्षा" को "दोतरफा संवाद" में बदलता है। यह नई व्यवस्था शिक्षा में लोकतंत्र लाने की शुरुआत है। जहां सभी बच्चों को समान दृष्टि से देखा जाता है। यह भारत के संविधान की उस मूल भावना के अनुरूप है, जो समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व की बात करता है। भारत में शिक्षा को लेकर अकसर यह शिकायत रहती है कि कक्षा का वातावरण असमानता को बढ़ावा देता है। कुछ बच्चों को ही शिक्षक का ध्यान मिलता है, जबकि अन्य बच्चे पीछे छूट जाते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

### व्यंग्य की बात



**प्रियंका सौरभ**

# श्मशान के लिए निकलने वाली अंतिम यात्रा का रोमांचक वृत्तांत

मेरी मौत हो चुकी है। इस मौत को देखकर मैं गदगद हूँ। मेरे गदगद होने के पर्याप्त कारण हैं क्योंकि श्मशान तक मेरी अंतिम यात्रा का आयोजन हो रहा है और अपने पराये सभी ढूंढ ढूंढ कर मेरे तमाम गुणों के गुणसूत्र निकाल कर मेरी तारीफ के पुल बांधे जा रहे हैं। तारीफ सबको अच्छी लगती है और मैं इसका कोई अपवाद नहीं हूँ। मैं गदगद इसलिए भी हूँ कि आम लोगों की तरह मेरे लिए भी यात्रा सदैव रोमांचकारी होता है। यह कुछ वैसा ही होता है जैसा कभी पहाडों की सैर में महसूस हुआ करता है तो कभी मेट्रो और कभी जहाज का अनुभव हमें आह्लादित करता रहता है। यात्रा का यह दर्शन सार्वभौमिक है और मेरे लिए भी यह सदैव रोमांचक रहा है। इस रोमांच के अपने ही दर्शन हैं और इन्हीं कारणों से सदैव यात्रा के अनगिनत रहस्य गिनाए जाते हैं। बहरहाल अनगिनत डेस्टिनेशन के रहस्यों को अपने यात्रा वृत्तांत में समेटे इन बातों की विस्तृत चर्चा का यहाँ न कोई मकसद है और न इन बातों का कोई मतलब ही है क्योंकि आज सबकुछ पीछे छोड़कर मैं अपने अंतिम यात्रा पर निकला हूँ। अब आप मानें न मानें आज जिस यात्रा पर निकला हूँ उसके लिए धरती पर जन्म लेने वाले प्रत्येक प्राणियों को बचपना, युवावस्था, बुढ़ापा आदि सबकुछ न्यौछावर करना पड़ता है। भारतीय दर्शन के आलोक में इसे देखें तो प्रत्येक मनुष्य को जीवन के चार पड़ावों ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यासकी यात्रा से होकर गुजरना पड़ता है। आज जब अंतिम यात्रा पर हूँ तो जीवन के इन चार यात्राओं का समग्र वृत्तांत मेरे मन को यूं ही गुदगुदा रहा है। संदर्भवश आत्म विभोर हूँ क्योंकि गुदगुदी के इसी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मैंने ब्रह्मचर्य के पहले चरण का साक्षात अनुभव करते हुए इस यात्रा की आस में आध्यात्मिक विकास हेतु योग का अनुसरण भी किया है। मोक्ष की कामना के साथ जब गृहस्थ जीवन में प्रवेश की बारी आई तो विवाह,परिवार के विस्तार,उनके पालन पोषण व सामाजिक जिम्मेदारी के नियमित अभ्यास का भी अनुभव किया है । यह अनुभव साझा न किया होता तो शायद श्मशान की इस यात्रा का उतना आनंद उठा न पाता तब मेरी गृहस्थी को वानप्रस्थाश्रम के सहयोगी होने का भरपूर भरोसा न मिला होता। आज जब नौ मन लकड़ी की चिता पर चित्त समा गया है तब जाकर मुझे इस बात का भरपूर संतोष है कि वानप्रस्थ तो आखिरकार संन्यास की तैयारी के लिए आवश्यक समिधा का केवल सहज माध्यम होता है। मेरे पांव यदि वानप्रस्थाश्रम के इस दरवाजे के दर्शन नहीं कर पाते तो शायद आज इस यात्रा बिल्कुल भी मजा नहीं आ पाता। ऐसा इसलिए कि तब शायद सांसारिक मामलों से धीरे-धीरे दूर होने, संन्यास के तंत्र को समझने और तत्संबंधी गतिविधियों के अभ्यास को आत्मसात करने का सौभाग्य ही नहीं मिल पाता। सौभाग्य के इस फलसफे का सौभाग्य देखिए कि श्मशान के लिए निकलने के पहले जीवन के अंतिम चरण में आनेवाले संन्यास की अवधारणा को पीछे छोड़कर ही हमें श्मशान के इस रोमांचक यात्रा का सौभाग्य नसीब हो पाता है। आज जब श्मशान की रोमांचक यात्रा पर हूँ तब मन में इसलिए भी गुदगुदी हो रही है कि किसी भी खास इन्सान की तरह आज मुझे सांसारिक इच्छाओं, ब्रह्मचर्य, गृहस्थाश्रम, वानप्रस्थाश्रम और संन्यास की मोह-माया से दूर इस इत्तेफाक का अवसर हाथ लग सका है। यह सबकुछ जीवन के इन चार अवस्थाओं के प्रति मेरे समर्पण का ही परिणाम है जब मेरी चिता को दाह संस्कार का आयोजन आज मजे से गुदगुदा रहा है। सरसरी तौर पर अंतिम यात्रा की इस गुदगुदी के तमाम मायनों को आप खारिज कर सकते हैं, यह आपकी मर्जी का विषय है परन्तु इस विषय पर आप क्या कहेंगे कि जीते जी हममें से कितने हैं जिन्होंने अपने प्राण त्याग करने के पहले खुद की शवयात्रा निकाली हो? आज जब मैं अपनी अंतिम यात्रा पर हूँ तो यकीन मानिए, ऐसी शवयात्रा की जरूरत पहले से अधिक महसूस हो रही है क्योंकि इसके बगैर हम उन्नति के तमाम शिखरों को लांघ तो सकते हैं परन्तु उन शिखरों पर कभी झंडा बुलंद नहीं कर सकते।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



### अलग बात



**केदारनाथ दास**

### फेसबुक वॉल से




### एक्स से




### आज का दोहा

तीर हजारों चल रहे, किन्तु अदेखे सा'ब।
कुछ ऐसे ही आ रहा, खबरों का सैलाब।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com

कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# हर घर में लगे खुशी क्लास, हर शख्स बनें खुशी दूत, एक-दूसरे का करें बौद्धिक मदद

खुशी मिशन को मैं बड़े शिद्दत से झारखंड में चला रहा हूँ। तनाव, हाइपरटेंशन, आत्महत्या की प्रवृति, अंधविश्वास, रुढ़िवाद के खिलाफ हमारा एलान-ए-जंग है खुशी मिशन। सकारात्मकता से भरी खुशियों का संदेश लिए झारखंड के गांव-शहर में खुशी रथ पर सवार मैं लगातार दौड़े जा रहा हूँ। झारखंड के गांव-शहरों में 26 माह से खुशियों के संदेश गूंज रहे हैं। 27 मई 2023 से नियमित रूप से खुशी रथ दौड़ रहा है। अबतक 560 गांवों में खुशी चौपाल सज चुका है। 503 स्कूल-कॉलेजों में खुशी क्लास लगा है। खुशी रथ का कारवां निरंतर चल रहा है। सुदूर गांवों में भी खुशी चौपाल व खुशी क्लास आयोजित हो रहे हैं। निःस्वार्थ और पूर्णतः निःशुल्क भाव से लोगों तक पहुंच कर खुश रहने को प्रेरित किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि तनाव पर विजय सिर्फ और सिर्फ खुशी से पाई जा सकती है। खुशी का जन्म सकारात्मकता के गर्भ से होती है। सकारात्मकता के साथ कोई भी लड़ाई लड़ी और जीती जा सकती है। सकारात्मकता और खुशियों को फैलाने का ऐसा अभियान सम्भवतः देश में पहला है। यह खुशी मिशन मेरे 15 सालों के छटपटाहट का नतीजा है। 15 सालों से मैं समाज का सर्वे कर रहा था। पाया कि तनाव, टेंसन, आत्महत्या की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। यह तनाव महामारी का रुप लेते जा रहा है। लगभग हर घर में इसकी पैठ हो चली है। आत्महत्या का आंकड़ा हर वर्ष बढ़ता जा रहा है। कारण यही तनाव... मैं स्कूल-कॉलेजों में 2014 से खुशी क्लास आयोजित कर बच्चों को तनावमुक्त रहकर मंजिल पाने, संपूर्ण व्यक्तित्व विकाश का पाठ पढ़ाता था। धीरे-धीरे मुझे लगा, खुशी क्लास की जरूरत तो हर घर, हर परिवार को है। हर आंगन में खुशी क्लास लगनी चाहिए। खुशी रथ लेकर शहर, कस्बा, गांव-गांव तक जाने की योजना बनाया। लेकिन जिम्मेदारी आड़े आ रही थी। पत्रकारिता से जुड़ा था। चाह कर भी वक्त नहीं निकाल पा रहा था। लेकिन खुशी मिशन चलाने की इच्छा बलवंत होते जा रही थी। ऐसे में लाइफ केयर हॉस्पिटल, बूटी मोड़ व सिनर्जी ग्लोबल हॉस्पिटल रांची के निदेशक डॉ रजनीश कुमार पूरे दिल से मेरे साथ आ खड़े हुए। आज मैं खुशी मिशन चला पा रहा हूँ तो उनके बदौलत। उनके हिम्मत से मैं पत्रकारिता से त्यागपत्र देकर खुद को संपूर्ण रुप से खुशी मिशन के हवाले कर दिया। 26 माह में रामगढ़ जिला से शुरु इस अभियान के तहत लातेहार, लोहरदगा, पलामू, बोकारो, पाकुड़, दुमका, चतरा, रांची, खूंटी, गुमला, कोडरमा, गिरिडीह, हजारीबाग, सिमडेगा, जामताड़ा, धनबाद जिले के 560 गांवों में खुशी चौपाल आयोजित हो चुकी है। यानी झारखंड के 17 जिलों के 560 गांवों में खुशी रथ दौड़ चुका है। झारखंड के सभी 24 जिले तक पहुंचने का लक्ष्य है। मुझसे पूछा जा सकता है कि मैं इस मिशन के लिए प्रेरित कैसे और क्यों हुआ? 20 वर्ष पूर्व कईं कारणों से मैं डिप्रेशन में चला गया था। दवाई खाने लगा। हमेशा आंखे बोझिल रहती। ऐसा लगता मानो मेरी सांसे कभी भी रुक जाएगी। इलाज के सिलसिले में ही एक बार रिम्स गया था। दूसरे तल्ले पर सीढ़ियों से जा रहा था। देखा कि एक निःशक्त वैशाखी के सहारे ऊपर चढ़ रहा है। अचानक वह लड़खड़ा कर गिर पड़ा। मैं उसे उठाने के लिए हाथ बढ़ाया। वह मेरा हाथ नहीं थामा। आत्मविश्वास के साथ बोला- यह मेरा समस्या है, निपट लूंगा। फिर वह खुद उठा और ऊपरी मंजिल पर चला गया। मैं वहीं जड़वत रह गया। सोचने लगा, जिसे प्रकृति ने इतनी खामियां दी, उसमें इतना आत्मविश्वास। और मैं पूर्ण स्वस्थ, सभी अंग-प्रत्यंग सही। फिर भी डिप्रेशन में ? यह तो प्रकृति का अपमान है। उसी वक्त संकल्प के साथ सभी दवाइयां छोड़ दी। नए अंदाज में खुशी के साथ सभी काम शुरू कर दिया। जो पसंद था, उसपर फोकस किया। नतीजन 3 माह में सभी समस्याओं से उबर गया। यकीन मानें, सकारात्मकता खुशी को जन्म देती है और खुशी हमें हर झंझावत से बाहर निकालती है। एक सर्वे के अनुसार झारखंड में हर 14 में से एक व्यक्ति डिप्रेशन का शिकार हैं। खुशी मिशन इसी तनाव, डिप्रेसन, आत्महत्या की प्रवृति को रोकने का प्रयास है। स्कूल-कॉलेजों में इसिलिए खुशी क्लास लगाया जा रहा है। खुशी रथ गांव-गांव तक पहुंच रहा है। खुशी सकारात्मकता में ही छुपी है। अगर हम सकारात्मक भाव से किसी भी काम को करते हैं, सफलता निश्चित है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

### अपनी बात



**मुकेश सिंह चौहान**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# 2.20 लाख श्रद्धालुओं ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन




**एजेंसी। श्रीनगर**

अमरनाथ यात्रा को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। पिछले 12 दिनों में 2.20 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए। इसके साथ ही मंगलवार को जम्मू से 6,388 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था अमरनाथ यात्रा के लिए कश्मीर रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि 3 जुलाई से शुरू हुई अमरनाथ यात्रा के बाद से अब तक 2.20 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए। अमरनाथ यात्रा के लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। यह यात्रा पहलगाम हमले के बाद हो रही है, जिसमें पाकिस्तान समर्थित आतंकियों ने 26 नागरिकों की हत्या कर दी थी। 180 अतिरिक्त सीएपीएफ कंपनियों को सेना, बीएसएफ, सीआरपीएफ, एसएसबी और स्थानीय पुलिस की मौजूदा ताकत बढ़ाने के लिए लाया गया है। जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से गुफा मंदिर तक के पूरे रास्ते और दोनों आधार शिविरों के रास्ते में सभी पारगमन शिविरों को सुरक्षा बलों ने सुरक्षित कर लिया है।


सेना, बीएसएफ, सीआरपीएफ, एसएसबी और स्थानीय पुलिस की मौजूदा ताकत को बढ़ाने के लिए सीएपीएफ की 180 अतिरिक्त कंपनियां लाई गई हैं। पूरे मार्ग को सुरक्षा बलों द्वारा सुरक्षित कर लिया गया है। पहलगाम मार्ग का उपयोग करने वाले लोग चंदनवाड़ी, शेषनाग और पंचतरणी से होकर गुफा मंदिर तक पहुंचते हैं और 46 किलोमीटर की पैदल दूरी तय करते हैं। तीर्थयात्रियों को गुफा मंदिर तक पहुंचने में चार दिन लगते हैं।

### भगवती नगर से 6,388 यात्री अमरनाथ यात्रा पर रवाना

अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को भगवती नगर यात्री निवास से 6,388 यात्रियों का एक और जत्था दो काफिलों में कश्मीर घाटी के लिए रवाना हुआ। पहला काफिला, जिसमें 103 वाहनों में 2,501 यात्री थे, सुबह 3:26 बजे बालटाल बेस कैंप के लिए निकला। दूसरा काफिला, जिसमें 145 वाहनों में 3,887 यात्री थे, सुबह 4:15 बजे नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप के लिए रवाना हुआ। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में जम्मू-कश्मीर में हल्की से मध्यम बारिश की भविष्यवाणी की है। अधिकारियों ने कहा कि बालटाल और नुनवान (पहलगाम) बेस शिविरों से यात्रियों को पवित्र गुफा की ओर जाने की अनुमति मौसम की स्थिति देखने के बाद ही दी जाएगी।

### अंतरिक्ष से शुभांशु शुक्ला की वापसी पर माता-पिता खुश, बोले -

# वह देश का बेटा, यह गर्व का पल



**एजेंसी। लखनऊ**

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के सकुशल पृथ्वी पर लौट आने से देशवासियों में खुशी की लहर है। उनके पिता शंभू दयाल शुक्ला और माता आशा शुक्ला ने इस ऐतिहासिक क्षण पर अपनी भावनाएं साझा कीं। शंभू दयाल शुक्ला ने गर्व से कहा, "मेरे बेटे की अंतरिक्ष यात्रा मेरे और मेरे परिवार के लिए गर्व का विषय है। यह देशवासियों के आशीर्वाद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन से ही संभव हुआ।"उन्होंने बताया कि त्रिवेंद्रम में जब मेरे बेटे शुभांशु को 'एस्ट्रोनॉट विंग' प्रदान किया गया था, तब से ही उसे गगनयात्री की उपाधि मिली थी। प्रधानमंत्री ने शुभांशु की तारीफ की और आशीर्वाद भी दिया था, जिससे उसका उत्साह और बढ़ गया। मैं उनका दिल से धन्यवाद करता हूं। शुभांशु की माता आशा शुक्ला ने भावुक होकर कहा, "जब त्रिवेंद्रम में मेरे बेटे को एस्ट्रोनॉट विंग मिला, तो हॉल में तालियों की गड़गड़ाहट गूंजी थी। सभी लोग भावुक थे। पिछले चार साल से शुभांशु ने कड़ी मेहनत और ट्रेनिंग की थी। जब प्रधानमंत्री ने उनके नाम का ऐलान किया, तो वह मेरे लिए गर्व का पल था।"उन्होंने आगे कहा, "शुभांशु अब केवल मेरा बेटा नहीं, बल्कि पूरे देश का बेटा है। देश की हर मां उसे आशीर्वाद दे रही हैं। मुझे अपने बेटे पर बहुत गर्व है। एक्सिओम-4 मिशन में शुभांशु ने 60 प्रयोगों में हिस्सा लिया, जिनमें से सात इसरो के थे। "बता दें कि शुभांशु शुक्ला समेत चार अंतरिक्ष यात्री 20 दिन बाद स्पेस से पृथ्वी पर लौट आए हैं। 23 घंटे के सफर के बाद ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट ने कैलिफोर्निया के समुद्र में लैंड किया। वहीं, स्पेसएक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, "ड्रैगन के सुरक्षित उतरने की पुष्टि हो गई है। पृथ्वी पर आपका स्वागत है!

### पृथ्वी पर आपका स्वागत है...

## शुभांशु शुक्ला की सकुशल वापसी पर पीएम ने खुशी जताई

**नई दिल्ली।** 15 जुलाई 2025 भारतीय समयानुसार दोपहर 3:00 बजे अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की 18 दिन की अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) यात्रा का समापन कर धरती पर लौट गए। सभी अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर आ रहा ड्रैगन यान कैलिफोर्निया के सैन डिएगो में उतरा। शुभांशु शुक्ला की कुशल वापसी पर पीएम मोदी ने खुशी जताई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि मैं पूरे देश के साथ ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का स्वागत करता हूँ, जो अपने ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन से पृथ्वी पर लौट रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का दौरा करने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री के रूप में, उन्होंने अपने समर्पण, साहस और अग्रणी भावना से करोड़ों सपनों को प्रेरित किया है। पीएम मोदी ने कहा कि यह हमारे अपने मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन गगनयान की दिशा में एक और मील का पत्थर है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 जून को ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से बातचीत की थी। भारतीय अंतरिक्ष यात्री, तीन साथी अंतरिक्ष यात्रियों पैगी व्हिटसन (अमेरिका), स्लावोज़ उज़्नान्स्की-विस्नीव्स्की (पोलैंड) और टिबोर कापू (हंगरी) के साथ, आज दोपहर 3:00 बजे IST (सुबह 4:30 बजे CT) कैलिफ़ोर्निया के पास प्रशांत महासागर में उतर गए। यह दल सोमवार (14 जुलाई) को दोपहर 2 बजे IST पर स्पेसएक्स के ड्रैगन अंतरिक्ष यान "ग्रेस" में सवार हुआ और शाम 4:45 बजे ISS के हार्मनी मॉड्यूल से अलग हुआ।



## बिहार के 37 जिलों में आबादी से ज्यादा आधार कार्ड

**पटना।** विधानसभा चुनाव से पहले बिहार में हो रहे वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन पर सियासत गर्म है। विपक्ष सवाल पूछा रहा है कि सूची में नाम के लिए आधार कार्ड को मान्यता क्यों नहीं दी जा रही? वहीं एक मामला ये भी है कि बिहार के 38 जिलों में से 37 में आबादी से ज्यादा आधार कार्ड बने हैं।सीमांचल इलाके के चार जिलों कटिहार, पूर्णिया, किशनगंज और अररिया में आधार कार्ड की संख्या आबादी से 120% से ज्यादा है। आधार कार्ड सैचुरेशन के आंकड़ों ने कई सवाल उठाए हैं। क्या ऐसा इसलिए हो रहा है ताकि घुसपैठिए बिहार में चल रही वोटर रिवीजन लिस्ट में अपना नाम जुड़वा जा सकें? ये कुछ ऐसे सवाल हैं, जो इन दिनों सोशल मीडिया में लगातार उठ रहे हैं। दरअसल, आधार सैचुरेशन के आंकड़ों से पता चला कि 68 फीसदी मुस्लिम आबादी वाले किशनगंज में सैचुरेशन 126% है। 44 फीसदी मुस्लिम आबादी वाले कटिहार में 123% और 43 फीसदी मुस्लिम आबादी वाले अररिया में 123% है।जबकि, 38 फीसदी मुस्लिम आबादी वाले पूर्णिया में यह सैचुरेशन 121% है। इसका मतलब हुआ कि हर 100 व्यक्ति पर 120 से ज्यादा आधार कार्ड बने हैं।

- मुस्लिम बहुल 5 जिलों में हर 100 व्यक्ति पर 120 से ज्यादा आधार

भास्कर ने इस पूरे मामले की पड़ताल की, तो सामने आया कि बिहार के 37 जिलों में आबादी से ज्यादा आधार कार्ड बने हैं।

## राहुल गांधी को मिली बड़ी राहत मानहानि मामले में कोर्ट ने दी जमानत

**एजेंसी। लखनऊ**



कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को लखनऊ के एमपी-एमएलए कोर्ट से मंगलवार को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने मंगलवार को मानहानि के एक मामले में राहुल गांधी को जमानत दे दी। यह मामला वर्ष 2022 में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सेना के बारे में दिए गए कथित अपमानजनक बयान से जुड़ा हुआ है। मंगलवार को ही कोर्ट में सरेंडर करने के बाद राहुल गांधी के वकील की ओर से जमानत याचिका दाखिल की गई, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। अदालत ने बीस-बीस हजार रुपए की दो जमानत दाखिल करने के आदेश के साथ राहुल गांधी को जमानत दे दी। राहुल गांधी पर आरोप है कि 2022 में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान उन्होंने भारतीय सेना को लेकर ऐसा बयान दिया, जिसे मानहानि के दायरे में आने वाला और आपत्तिजनक बताया गया। इस बयान के खिलाफ एक परिवाद दाखिल किया गया, जिसके बाद कोर्ट ने राहुल गांधी को आरोपी के रूप में तलब किया था। याचिकाकर्ता का कहना था कि राहुल गांधी का बयान सेना की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने वाला था और इससे देश के सैनिकों के मनोबल पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। कोर्ट की ओर से तलब किए जाने के बाद मंगलवार को राहुल गांधी व्यक्तिगत रूप से लखनऊ कोर्ट में पेश हुए और औपचारिक रूप से सरेंडर किया। इसके बाद उनके वकील ने कोर्ट के समक्ष जमानत याचिका दाखिल की, जिसे कोर्ट ने मंजूरी दे दी। न्यायालय ने जमानत की शर्तों के अनुसार राहुल गांधी को 20-20 हजार रुपए की दो जमानतें दाखिल करने का आदेश दिया, जिसके बाद उन्हें रिहा कर दिया गया। मानहानि की शिकायत बॉर्डर रोड्स ऑर्गनाइजेशन के पूर्व निदेशक उदय शंकर श्रीवास्तव ने दायर की थी। कोर्ट ने भी माना था कि कांग्रेस सांसद की टिप्पणी सेना के मनोबल को तोड़ने वाली थी।

# स्पेस मिशन के लिए अहम होगा शुभांशु का अनुभव : मित्रा

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला आज अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से पृथ्वी पर सकुशल लौट आए हैं। इस अवसर पर नासा की पूर्व वैज्ञानिक डॉ. मिला मित्रा ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में इस मिशन के महत्व और चुनौतियों को रेखांकित किया। मिशन का महत्व बताते हुए मित्रा ने बताया कि एक्सिओम-4 मिशन भारत के लिए इसलिए खास है, क्योंकि यह पहली बार है, जब कोई भारतीय अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पर गया और वहां 60 प्रयोगों में हिस्सा लिया। इनमें से 7 प्रयोग इसरो ने डिजाइन किए थे, जो सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण में किए गए। इन प्रयोगों में मूंग और मेथी जैसी फसलों का अंतरिक्ष में विकास, मानव शरीर पर शून्य गुरुत्वाकर्षण का प्रभाव, और मानव-कंप्यूटर इंटरफेस का अध्ययन शामिल था। ये प्रयोग भविष्य के अंतरिक्ष मिशनों, जैसे गगनयान और लंबी अवधि के अंतरिक्ष स्टेशन मिशनों के लिए महत्वपूर्ण डेटा प्रदान करेंगे। डॉ. मित्रा ने कहा, "यह मिशन विभिन्न देशों को एक साथ लाने का शानदार उदाहरण है। यह सहयोग न केवल वैज्ञानिक खोजों को बढ़ावा देता है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय एकता को भी दर्शाता है।"उन्होंने बताया कि लंबे समय तक शून्य गुरुत्वाकर्षण में रहने से मांसपेशियां कमजोर हो जाती हैं। हृदय की धड़कन बदल जाती है और रक्त का प्रवाह असामान्य हो जाता है, जिससे दृष्टि संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। इसके अलावा, प्रतिरक्षा प्रणाली भी कमजोर पड़ती है। इन प्रभावों को ठीक करने के लिए, शुभांशु और उनके सहयोगियों को पृथ्वी पर लौटने के बाद 2 हफ्ते से 1 महीने तक रिहैबिलिटेशन से गुजरना होगा। शून्य गुरुत्वाकर्षण के बाद तुरंत चलना मुश्किल होता है। इसके बाद, उन्हें पुनर्वास केंद्र में ले जाया जाएगा, जहां उनकी मांसपेशियों, दृष्टि, और प्रतिरक्षा प्रणाली को पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के अनुकूल बनाने के लिए चिकित्सीय प्रक्रियाएं की जाएंगी।डॉ. मित्रा ने कहा, "शुभांशु का आईएसएस पर अनुभव गगनयान मिशन के लिए बहुत मूल्यवान है। वे अब जानते हैं कि अंतरिक्ष में कैसे रहना है, कैसे काम करना है और वापसी की प्रक्रिया क्या है।"उन्होंने इस मिशन को भारत के लिए गर्व का क्षण बताया और कहा, "शुभांशु शुक्ला न केवल पहले भारतीय हैं जिन्होंने आईएसएस पर कदम रखा, बल्कि वे गगनयान जैसे भविष्य के मिशनों के लिए भी प्रेरणा हैं।



## शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष से वापसी पर बिड़ला संग्रहालय में छात्रों में दिखा उत्साह

**कोलकाता।** बिड़ला औद्योगिक एवं प्रौद्योगिकी संग्रहालय (बीआईटीएम) ने एक्सिओम मिशन-4 की सफल वापसी पर ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के सम्मान में एक इंटरैक्टिव सत्र और लाइव स्ट्रीमिंग का आयोजन किया। इस मिशन के तहत शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष से पृथ्वी पर सुरक्षित लौटे, जिसे देखने के लिए मित्रा संस्थान के छात्र उत्साहित होकर संग्रहालय पहुंचे। बीटीआईएम के शिक्षा विभाग के प्रमुख और तकनीकी अधिकारी तरुण दास ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में खुशी जताई। उन्होंने कहा, "एक भारतीय का अंतरिक्ष से सुरक्षित लौटना गर्व का क्षण है। मेरी आंखों में खुशी के आंसू थे। यह उपलब्धि 2027 के मिशन के लिए प्रेरणा देगी, जिसमें सात भारतीय यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। उन्होंने इस मिशन को भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए मील का पत्थर बताया। लाइव स्ट्रीमिंग देखने आए छात्रों ने भी इस ऐतिहासिक पल पर उत्साह जताया। तरुण दास ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि बढ़ाते हैं। यह मिशन भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र में बढ़ते कदमों का प्रतीक है और भविष्य के मिशनों के लिए नई उम्मीदें जगाता है। संस्थान के छात्र रिसव दास ने आईएएनएस से कहा, "हमारा भारत इस मिशन में सफल हुआ और लैंडिंग भी शानदार रही। लाइव स्ट्रीमिंग देखकर हमें बहुत अच्छा लगा।" पांचवीं कक्षा के छात्र बिस्वजीत ने खुशी साझा करते हुए कहा, "शुभांशु शुक्ला का अंतरिक्ष से सुरक्षित लौटना हमारे लिए गर्व की बात है।



## शुभांशु शुक्ला की वापसी पर जितेंद्र सिंह ने दी बधाई, कहा- भारत के लिए गौरव

**नई दिल्ली।** एक्सिओम-4 मिशन को सफलतापूर्वक पूरा कर धरती पर सकुशल वापसी पर केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेन्द्र सिंह ने भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के साथ पूरी टीम को बधाई दी है। अनुसंधान भवन में मंगलवार को आयोजित स्पलैशडाउन की लाइव कवरेज में मौजूद डॉ. जितेंद्र सिंह ने उनकी सुरक्षित वापसी पर खुशी जाहिर की।उन्होंने कहा कि भारत ने आज अंतरिक्ष की दुनिया में सचमुच एक स्थायी स्थान प्राप्त कर लिया है। यह भारत के लिए गौरव का क्षण है क्योंकि हमारा एक यशस्वी सपूत एक सफल यात्रा पूरी करके वापस लौटा है। यह भारत के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष में पिछल 18 दिनों में एक्सिओम-4 मिशन की टीम ने कई महत्वपूर्ण प्रयोग किए। भारत का एक यशस्वी पुत्र एक सफल यात्रा से लौटा है जिसने आने वाली पीढ़ियों के लिए सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण में अभूतपूर्व जीवनदायी प्रयोग किए। डॉ. सिंह ने कहा कि अंतरिक्ष यान कैलिफोर्निया के समुद्र तट पर सफलतापूर्वक उतरा। शुभांशु शुक्ला समेत चारों अंतरिक्ष यात्री छह दिनों तक चिकित्सकों की निगरानी में रहेंगे। 23 जुलाई के बाद वे विभिन्न सत्रों को संबोधित करेंगे और नासा, स्पेस एजेंसियों के साथ अपने अनुभव साझा करेंगे और अंतरिक्ष में किए गए प्रयोगों के बारे जानकारी देंगे। 17 अगस्त को शुभांशु शुक्ला दिल्ली आएंगे।



# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे।

## पीएम मोदी पर बनाए कार्टून को सुप्रीम कोर्ट ने 'भड़काऊ' बताया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस कार्यकर्ताओं के कथित आपत्तिजनक कार्टून सोशल मीडिया पर साझा करने के आरोपी कार्टूनिस्ट को मंगलवार को संरक्षण प्रदान किया। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने कहा कि अगर उन्होंने सोशल मीडिया पर कोई और आपत्तिजनक पोस्ट शेयर की, तो राज्य कानून के तहत उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र है। शीर्ष अदालत कथित अपमानजनक ऑनलाइन पोस्ट से नाराज़ थी और उसने कहा लोग किसी को भी, कुछ भी कह देते हैं। हेमंत मालवीय ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा 3 जुलाई को पारित उस आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी जिसमें उन्हें अग्रिम ज़मानत देने से इनकार कर दिया गया था। प्रधानमंत्री और आरएसएस कार्यकर्ताओं के कथित आपत्तिजनक कार्टून ऑनलाइन साझा करने के आरोपी कार्टूनिस्ट को उच्चतम न्यायालय का संरक्षण मिला। सोशल मीडिया पोस्ट आपत्तिजनक, सभी तरह के दंडनीय प्रावधान लागू हो सकते हैं। लोग किसी को भी कुछ भी कह देते हैं। हमें इस बारे में कुछ तो करना होगा। वकील और आरएसएस कार्यकर्ता विनय जोशी की शिकायत पर मई में इंदौर के लसूड़िया पुलिस थाने में उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

### मानसून सत्र से पहले जगदीप धनखड़ से मिले खड़गे, बोले-

## 21 को मानसून सत्र, विपक्ष में गंभीर चर्चा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



संसद के मानसून सत्र से पहले, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की और कहा कि विपक्ष एक सार्थक सत्र चाहता है। संसद का एक महीने तक चलने वाला मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होने वाला है। बैठक के बाद एक्स पर एक पोस्ट में खड़गे ने कहा कि विपक्ष 21 जुलाई से राज्यसभा का एक सार्थक सत्र चाहता है। इसके लिए कई रणनीतिक, राजनीतिक, विदेश नीति और सामाजिक-आर्थिक मुद्दों पर बहस और चर्चा की आवश्यकता है, जो जनता के लिए बहुत चिंता का विषय हैं। राज्यसभा में विपक्ष के नेता ने धनखड़ के साथ अपनी बैठक की तस्वीरें साझा करते हुए कहा कि आज मैंने राज्यसभा के माननीय सभापति से मुलाकात की और एक उपयोगी बातचीत हुई। खरगे ने कहा, विपक्ष 21 जुलाई से राज्यसभा का सफल सत्र चाहता है। ऐसा होने के लिए कई रणनीतिक, राजनीतिक, विदेश नीति और सामाजिक-आर्थिक मुद्दों पर बहस और चर्चा करने की आवश्यकता है, जो बड़ी सार्वजनिक चिंता का विषय हैं। उनका कहना था, आज मैंने राज्यसभा के माननीय सभापति से मुलाकात की और सार्थक बातचीत हुई।

## एमपी में कांग्रेस विधायक के बेटे ने मार दी पुलिस कांसटेबल को टक्कर

**एजेंसी। मध्य प्रदेश**

अलीराजपुर जिले में एक बस स्टैंड के पास देर रात गश्त के दौरान, कथित तौर पर कांग्रेस विधायक महेश पटेल के बेटे पुष्पराज पटेल द्वारा चलाई जा रही एक तेज रफ्तार एसयूवी ने दो पुलिस कांस्टेबलों को घायल कर दिया। यह घटना शनिवार और रविवार की दरम्यानी रात को हुई जब दोनों कांस्टेबल ड्यूटी पर थे। अलीराजपुर के पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास के अनुसार, वाहन तेज़ रफ्तार से अधिकारियों के पास पहुँचा और पुलिस की मौजूदगी के बावजूद अपनी गति कम नहीं की। सीसीटीवी में कैद एक नाटकीय दृश्य में, एसयूवी एक बैरिकेड तोड़कर सीधे अधिकारियों की ओर मुड़ती हुई दिखाई दे रही है। एसपी व्यास ने बताया कि एक कांस्टेबल ने ड्राइवर को रुकने का इशारा किया, लेकिन एसयूवी तेज़ रफ़्तार से चलती रही, तेज़ी से बाईं ओर मुड़ी और सीधे पुलिसकर्मियों की ओर बढ़ी। कांस्टेबल रास्ते से कूदकर सीधी टक्कर से बच गए, लेकिन एक अधिकारी को कथित तौर पर चोटें आईं, इससे पहले कि गाड़ी एक बिजली के खंभे से टकराती।

### वैकल्पिक ईंधन | हरित ईंधन को लेकर मिशन मोड में हैं गडकरी, बोले-

# शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, विकास में अब भी मदद की जरुरत

- मक्का की कीमत 1200 से बढ़कर 2400 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंची

**एजेंसी। नई दिल्ली**




केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित 12वीं कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) समिट में कहा कि हरित ईंधन को लेकर उनके प्रयास वर्ष 2004 से मिशन के रूप में जारी हैं और आज वे खुद देश के पहले ऐसे मंत्री हैं जिनकी गाड़ी 100 प्रतिशत बायोफ्यूल पर चलती है। गडकरी ने कहा कि इस वैकल्पिक ईंधन का निर्माण मक्का, टूटे चावल और गन्ने जैसे उत्पादों से होता है, जिसे किसान तैयार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जब मक्का की कीमत 1200 रुपये प्रति क्विंटल थी, तब इसके उत्पादन को प्रोत्साहन दिया गया और अब उसकी बाजार कीमत 2400 रुपये तक पहुंच गई है। इसका लाभ किसानों को सीधे मिल रहा है। भारत का फॉसिल फ्यूल आयात 40 लाख करोड़ रुपये तक का है, जिसे घटाने के लिए वैकल्पिक ईंधन का उपयोग और आवश्यक हो गया है। गडकरी ने कहा कि उन्होंने एक प्लेटफॉर्म की भी शुरुआत की है जिसमें रेडीमेड गारमेंट से बची हुई कतरनों से कारपेट बनाए जाते हैं। ये कारपेट कम लागत में तैयार होते हैं और इनमें 1500 महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया है। यदि सामाजिक ज़िम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ छोटे-छोटे प्रयास किए जाएं तो लोगों के जीवन को बदला जा सकता है। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और स्किल डेवेलपमेंट जैसे क्षेत्रों में आज भी बड़ी मदद की आवश्यकता है और सीएसआर के माध्यम से जो कार्य हो रहे हैं, वे बेहद सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सकारात्मक और रचनात्मक कार्यों को वैसी प्रसिद्धि नहीं मिलती जैसी राजनैतिक गतिविधियों को मिलती है, जबकि इन कार्यों से कई लोगों का जीवन बदला है।

### कम खर्च में अच्छे परिणामों की पहचान हो

गडकरी ने कहा कि स्किल डेवलपमेंट के क्षेत्र में भी सार्थक बदलाव आ रहा है। उन्होंने यह सुझाव भी दिया कि सीएसआर प्रोजेक्ट्स का सोशल और इकोनॉमिक ऑडिट किया जाना चाहिए, जिससे यह पता लगाया जा सके कि कम खर्च में कौन-कौन से अच्छे परिणाम सामने आए हैं। इसके साथ ही उन्होंने कार्यरत संस्थाओं की ग्रेडिंग का भी सुझाव दिया ताकि जो लोग अच्छा कार्य कर रहे हैं, उन्हें प्राथमिकता मिल सके और देशभर में इन कार्यों का प्रभाव और अधिक बढ़े। उन्होंने कहा कि यदि हम गुणवत्ता के आधार पर संस्थाओं को बढ़ावा देंगे।

## आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग

# एक बार फिर से टॉप 10 में पहुंचीं शेफाली




**दुबई (आईएएनएस)**

आईसीसी ने मंगलवार को महिला टी20 खिलाड़ियों की ताजा रैंकिंग जारी की है, जिसमें भारतीय ओपनर शेफाली वर्मा टॉप-10 बल्लेबाजों की लिस्ट में एक बार फिर अपनी जगह बना चुकी हैं। 21 वर्षीय शेफाली 655 अंकों के साथ चार स्थान की छलांग लगाकर नौवें स्थान पर पहुंच गई हैं।

शेफाली वर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में 35.20 की औसत से 176 रन बनाए। शेफाली इस सीरीज में सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना के बाद सर्वाधिक रन बनाने वाली दूसरी खिलाड़ी रहीं। वहीं, टी20 प्रारूप में सर्वोच्च रैंकिंग वाली भारतीय बल्लेबाज मंधाना पांच पारियों में 221 रन बनाकर तीसरे स्थान पर बनी हुई हैं। वह इंग्लैंड के खिलाफ पांच मुकाबलों की टी20 सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी रही थीं। जेमिमा रोड्रिगेज दो स्थान फिसलकर 14वें पायदान पर आ गई हैं।

- **ऑलराउंडर रैंकिंग में 26 स्थान की बड़ी छलांग, अब 80वें स्थान पर।**
- **इंग्लैंड की चार्ली डीन 8 स्थान ऊपर चढ़कर टॉप-10 में, अब संयुक्त रूप से छठे स्थान पर।**

वह इंग्लैंड के खिलाफ पूरी सीरीज में एक अर्धशतक की मदद के साथ कुल 108 रन ही बना सकी थीं। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने सीरीज के चार मैचों में 65 रन बनाए।

वह बल्लेबाजों की रैंकिंग में 15वें स्थान पर बनी हुई हैं। भारत को सीरीज जिताने में अरुंधति रेड्डी का भी अहम योगदान रहा, जिन्होंने सीरीज में छह विकेट निकाले। अंतिम टी20 मैच में दो विकेट लेने वाली अरुंधति गेंदबाजी रैंकिंग में चार स्थान की छलांग लगाकर 39वें स्थान पर पहुंच गईं।

इसके साथ ही वह ऑलराउंडर्स की लिस्ट में 26 स्थान की छलांग लगाकर 80वें स्थान पर पहुंचीं। इंग्लैंड की कई स्टार खिलाड़ियों को भी रैंकिंग में फायदा मिला है। स्पिनर चार्ली डीन टॉप-10 गेंदबाजों की लिस्ट में शामिल हो चुकी हैं। वह आठ स्थानों की छलांग लगाकर नशरा संधू और जॉर्जिया वेयरहैम के साथ संयुक्त रूप से छठे स्थान पर हैं। लिंसे स्मिथ भी नौ स्थान की छलांग लगाते हुए 38वें स्थान पर आ गईं, जबकि तेज गेंदबाज ईसी वोंग सात स्थान की ऊपर चढ़कर 50वें स्थान पर पहुंच गई हैं। एमिली अर्लट 15 स्थान के सुधार के साथ 67वें स्थान पर पहुंच गई हैं। इनके अलावा इंग्लैंड की सलामी बल्लेबाज टैमी ब्यूमोंट 19 स्थान की छलांग लगाकर 45वें स्थान पर पहुंचीं।

## कप्तान गिल ने रवींद्र जडेजा को सराहा, बोले

# 'उनका अनुभव और कौशल दुर्लभ'



**लंदन (आईएएनएस)**

भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने सीनियर ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को सराहा है, जिन्होंने मुकाबले को जीवंत बनाए रखते हुए लॉर्ड्स टेस्ट को अंतिम सेशन तक पहुंचाया, लेकिन भारत मैच जीतने से महज 22 रन दूर रह गया। जडेजा को पांचवें दिन पहले सेशन की शुरुआत में ही बल्लेबाजी के लिए उतरना पड़ा। उन्होंने 181 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 61 रन बनाए, जिसमें एक छक्का और चार चौके शामिल रहे, लेकिन दूसरे छोर पर बल्लेबाज उनका साथ नहीं दे सके। शुभमन गिल ने जडेजा की तारीफ में कहा, "जडेजा भारत के सबसे अहम खिलाड़ियों में से एक हैं। वह जो अनुभव और हुनर गेंदबाजी, बल्लेबाजी और फील्डिंग में लाते हैं, वह बहुत खास है। मैच के पांचवें दिन उन्होंने जिस तरह धैर्य और समझदारी से खेला।

## पदक मिले, पर नौकरी नहीं!

# पंजाब सरकार से गुहार लगाने पहुंचे एथलीट राजपाल

**चंडीगढ़ (आईएनएस)**

पंजाब राज्य सरकार से नौकरी मिलने की उम्मीद में एथलीट राजपाल सिंह मंगलवार को पंजाब विधानसभा गैलरी में पहुंचे। राजपाल सिंह राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक खेलों में 82 पदक जीत चुके हैं, लेकिन उन्हें एक अदद नौकरी के लिए आज भी सरकार से गुहार लगानी पड़ रही है। राजपाल चाहते हैं कि उन्हें खेल कोटा के तहत नौकरी मिले। उन्होंने समाचार एजेंसी आईएएनएस से कहा, "मैं जब पांचवीं क्लास में था, तभी से मेहनत कर रहा हूं। पिछली सरकारों ने मेरी सुनवाई नहीं की। मैंने जब ट्रायल क्लीयर किया, तो उसमें रिश्वत मांगी गई। मैंने आर्मी और पंजाब पुलिस में ट्रायल दिया, लेकिन बात नहीं बन सकी। उन्होंने कहा, "मेरा सेलेक्शन अमेरिका गॉट टैलेंट के लिए हो चुका है। मैं एक उंगली से 105 किलोग्राम वजन उठाता हूं। मैं इस मामले में विश्व में तीसरे स्थान पर हूं। राजपाल सिंह ने कनाडा के एक खिलाड़ी को एक हाथ से 105 किलो वजन खींचने की चुनौती भी दी थी, लेकिन वह ऐसा नहीं कर सका। राजपाल सिंह ने बताया, "मुझे अमेरिका जाने के लिए वीजा नहीं मिल सका। इसके बाद मैंने कनाडा जाकर भारत का परचम लहराया। मैंने वहां खिलाड़ी को एक हाथ से 105 किलोग्राम वजन उठाने का चैलेंज दिया,



*मैं एक उंगली से 105 किलोग्राम वजन उठाता हूं। मैं इस मामले में विश्व में तीसरे स्थान पर हूं*

लेकिन उनसे ऐसा नहीं हुआ। मैंने यह एक उंगली से करके दिखाया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। उन्होंने आगे कहा, "मैं सरकार से चाहता हूं कि हो सके तो मुझे कोच की नौकरी दी जाए, या तो अन्य नौकरी दे दें। मैंने शुरू से ही संघर्ष किया, लेकिन उसका फल नहीं मिल सका है। मेरी अब तक सुनवाई नहीं हो सकी है। मैं उम्मीद करता हूं कि भगवंत मान की सरकार मेरी सुन ले। मैं श्रीलंका से दो गोल्ड मेडल जीतकर आया हूं।

# अक्टूबर में इक्वाडोर और ऑस्ट्रेलिया के साथ दोस्ताना मैच खेलेगा अमेरिका

- **इक्वाडोर पांचवीं बार वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने जा रहा है**



**अटलांटा (आईएएनएस)**


अमेरिकी पुरुष फुटबॉल टीम (यूएसएमएनटी) अक्टूबर में इक्वाडोर और ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। यह दोनों टीमें वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं। यह मैच फीफा वर्ल्ड कप-2026 की तैयारी के तहत खेले जाएंगे, जो अमेरिका में ही आयोजित होने वाला है। दुनिया की टॉप 25 टीमों में शामिल इन दोनों टीमों के खिलाफ होने वाले मैच अमेरिका की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के लिए अहम मौके होंगे। यह मैच अमेरिका को वर्ल्ड कप की मजबूत टीमों से खेलने का मौका देंगे। इससे उन्हें यह समझने में मदद मिलेगी कि अगले साल वर्ल्ड कप में उन्हें किस तरह की टीमों और खेलने के तरीकों का सामना करना पड़ सकता है। इक्वाडोर पांचवीं बार वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने जा रहा है। वह अर्जेंटीना और ब्राजील के साथ दक्षिण अमेरिका की उन तीन टीमों में शामिल है, जिन्होंने अब तक टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई कर लिया है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने एशियन फुटबॉल कन्फेडरेशन क्वालीफायर्स के तीसरे राउंड में अपने ग्रुप में दूसरा स्थान हासिल करते हुए वर्ल्ड कप में जगह पक्की की है। ऑस्ट्रेलिया लगातार छठी बार वर्ल्ड कप में खेलेगा। अमेरिका 10 अक्टूबर को टेक्सास स्थित ऑस्टिन के क्यू2 स्टेडियम में इक्वाडोर की मेजबानी करेगा। इक्वाडोर के खिलाफ यूएसए का रिकॉर्ड पांच जीत, पांच हार और इतने ही ड्रॉ का रहा है। टेक्सास में खेले गए मुकाबलों में भी अमेरिका का इक्वाडोर के खिलाफ रिकॉर्ड बराबरी (1 जीत, 1 हार और 1 ड्रॉ) पर रहा है। यह मैच ह्यूस्टन, फोर्ट वर्थ और फ्रिस्को में खेले गए थे। चार दिन बाद, 14 अक्टूबर को यूएसए की टीम कोलोराडो के कॉमर्स सिटी में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी।

**बर्थडे स्पेशल**

# कभी हॉकी स्टिक खरीदने के नहीं थे पैसे, चार बार ओलंपिक में बढ़ाई भारत की शान

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

महाराष्ट्र के खड़की में 16 जुलाई 1968 को एक गरीब परिवार के घर तीन लड़कों के बाद चौथे बेटे का जन्म हुआ। परिवार को उम्मीद थी कि यह बेटा उनकी गरीबी दूर करेगा, ऐसे में बच्चे का नाम 'धनराज' रखा गया। 'खड़की' को 'हॉकी का गढ़' कहा जाता है, जहां धनराज पिल्लै के पिता नागालिंगम पिल्लै ग्राउंड्समैन थे। तंगहाली में परिवार का गुजर-बसर हो रहा था। पिता की तनख्वाह इतनी नहीं थी कि परिवार को पर्याप्त सुविधाएं मुहैया करवा सकें। धनराज का बचपन हॉकी के इर्द-गिर्द ही घूमता रहा। शाम को वह अक्सर उन बच्चों




को हॉकी खेलते देखा करते जो अक्सर उनके घर के पास एकजुट होकर चमचमाती स्टिक के साथ खेलते थे।

# खेलमंत्री बोले-पाक से इंटरनेशनल क्रिकेट हॉकी टूर्नामेंट खेलने पर ऐतराज नहीं

## द्विपक्षीय सीरीज पर हमारा स्टैंड कायम

**नई दिल्ली । एजेंसी**

पाकिस्तान के साथ खेल आयोजनों को लेकर केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा, हमें पाकिस्तान के साथ किसी भी अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन में खेलने में कोई आपत्ति नहीं है, चाहे वह क्रिकेट हो, हॉकी हो या कोई और खेल। लेकिन जब बात द्विपक्षीय खेल आयोजनों की आती है, तो सरकार के स्टैंड के बारे में सभी को पता है। बता दें कि भारत साफ कर चुका है कि आतंक को पनाह देने वाले पाक के साथ कोई द्विपक्षीय खेल आयोजन में शामिल नहीं होगा। हॉकी एशिया कप 27 अगस्त से मांडविया ने कहा, पाकिस्तान हॉकी संघ ने भारत में होने वाले दो टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए अपनी सरकार से अनुमति मांगी है। खेल मंत्री ने कहा, हम उन्हें एशिया कप और



**मानसून सत्र में सरकार नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल लाएगी**

जूनियर वर्ल्ड कप हॉकी टूर्नामेंट के लिए वीसा देंगे, लेकिन अब यह उनकी सरकार पर निर्भर करता है कि वह टीमें भेजती है या नहीं। एशिया कप 27 अगस्त से 7 सितंबर तक बिहार के राजगीर में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। मानसून सत्र में पेश होगा स्पोर्ट्स गवर्नेंस विधेयक खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा, 21 जुलाई से शुरू होने वाले संसद के मानसून सत्र में नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल (राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक) पेश होगा। इस विधेयक के तहत एक नियामक बोर्ड बनेगा जिसे राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) को मान्यता देने और उन्हें फंडिंग प्रदान करने का अधिकार होगा। बोर्ड यह भी सुनिश्चित करेगा कि खेल महासंघ उच्चतम प्रशासनिक, वित्तीय और नैतिक मानकों का पालन करें। वर्ल्ड कप में डायरेक्ट एंट्री दिलाता है एशिया कप नीदरलैंड के एम्स्टर्डम में अगले साल 14 से 30 अगस्त तक हॉकी वर्ल्ड कप होगा। एशिया कप जीतने वाली टीम को वर्ल्ड कप में डायरेक्ट एंट्री मिलती है। एशिया कप में 5 बार की चैंपियन साउथ कोरिया डिफेंडिंग चैंपियन है। वहीं भारत और पाकिस्तान को अपने-अपने चौथे टाइटल का इंतजार है। हॉकी एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के अलावा जापान, कोरिया, चीन, मलेशिया, ओमान और चीनी ताइपे भी हिस्सा लेंगी। 4-4 टीमों को 2 ग्रुप में बांटा जाएगा। दोनों ग्रुप की 2-2 टॉप टीमों के बीच सेमीफाइनल और इसे जीतने वाली टीमों के बीच 7 सितंबर को फाइनल होगा।



## लगातार चार दिनों की गिरावट के बाद शेयर बाजार हरे निशान में बंद



**मुंबई (आईएएनएस)**

लगातार चार दिनों की गिरावट के बाद भारतीय शेयर बाजार मंगलवार के कारोबारी सत्र में हरे निशान में बंद हुआ। बाजार के बढ़ने की वजह मजबूत घरेलू संकेतकों को माना जा रहा है। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 317.45 अंक या 0.39 प्रतिशत की तेजी के साथ 82,570.91 और निफ्टी 113.50 अंक या 0.45 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,195.80 पर बंद हुआ। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप में अधिक खरीदारी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 560.10 अंक या 0.95 प्रतिशत की तेजी के साथ 59,612.65 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 163.50 अंक या 0.98 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,135.25 पर था। सेक्टोरल आधार पर ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी, मीडिया और एनर्जी इंडेक्स समेत ज्यादातर इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए। सेंसेक्स पैक में सनफार्मा, बजाज फिनसर्व, ट्रेंट, टाटा मोटर्स, एमएंडएम, बजाज फाइनेंस, एसबीआई, इन्फोसिस, टीसीएस, अदाणी पोर्ट्स और टेक महिंद्रा टॉप गेनर्स थे। एचसीएल टेक, इटरनल (जोमैटो), टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, एक्सिस बैंक, एशियन पेंट्स और अल्ट्राटेक सीमेंट टॉप लूजर्स थे।

## टेस्ला मॉडल वाई भारत में 60 लाख रुपए में लॉन्च

# 2025 की तीसरी तिमाही से शुरू हो सकती है डिलीवरी




**मुंबई (आईएएनएस)**

इलेक्ट्रिक कार निर्माता टेस्ला ने मंगलवार को भारत में अपनी रियर-व्हील ड्राइव (आरडब्ल्यूडी) मॉडल वाई कार लॉन्च की, जिसकी शुरुआती कीमत 59.89 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) रखी गई है। टेस्ला मॉडल वाई लॉन्ग रेंज रियर-व्हील ड्राइव की कीमत इसकी वेबसाइट पर पब्लिश्ड प्राइस लिस्ट के अनुसार 67.89 लाख रुपए होगी। मॉडल वाई की अमेरिका में शुरुआती कीमत 44,990 डॉलर, चीन में 263,500 युआन और जर्मनी में 45,970 यूरो है। भारत में इसकी कीमत किसी भी फेडरल टैक्स प्रोत्साहन से पहले, अमेरिका में इसकी मूल कीमत से लगभग 15,000 डॉलर का अंतर दर्शाती है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, टेस्ला मॉडल वाई शुरुआत में मुंबई, दिल्ली और गुरुग्राम में उपलब्ध होगी और इसकी डिलीवरी इस साल की तीसरी तिमाही में शुरू होने की उम्मीद है। आरडब्ल्यूडी वर्जन के लिए टेस्ला मॉडल वाई की रेंज एक बार फुल चार्ज करने पर 500 किमी होने का दावा किया गया है। लॉन्ग रेंज आरडब्ल्यूडी वर्जन की रेंज 622 किमी होने का दावा किया गया है। अपनी फास्ट चार्जिंग कैपेसिटी के साथ, मॉडल वाई को आरडब्ल्यूडी ट्रिम के लिए 238 किमी और लॉन्ग रेंज आरडब्ल्यूडी ट्रिम के लिए 267 किमी तक की रेंज जोड़ने में 15 मिनट लगते हैं।

आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, मॉडल वाई आरडब्ल्यूडी 5.9 सेकंड में 0 से 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकता है, जबकि लॉन्ग रेंज आरडब्ल्यूडी मॉडल को समान एक्सीलेरेशन के लिए 5.6 सेकंड लगते हैं।

## मुंबई के बाद दिल्ली में भी जल्द शोरुम खोलेगी टेस्ला

### सुपरचार्जर का भी नेटवर्क करेगी तैयार

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में मंगलवार को शोरूम खोलने के बाद एलन मस्क के नेतृत्व वाली टेस्ला दिल्ली में जल्द शोरूम खोलने की योजना पर काम कर रही है। टेस्ला के मुताबिक, वह नई दिल्ली में चार चार्जिंग स्टेशन बनाने की योजना पर काम कर रही है। इसमें 16 सुपरचार्जर होंगे, जबकि 15 डेस्टिनेशन चार्जर होंगे। टेस्ला ने मुंबई में 'एक्सपीरियंस सेंटर' लॉन्च करने के साथ देश में अपनी लोकप्रिय इलेक्ट्रिक एसयूवी मॉडल वाई को लॉन्च किया। टेस्ला ने आधिकारिक बयान में कहा कि कंपनी ने भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के इर्द-गिर्द एक संपूर्ण इकोसिस्टम तैयार करके विकास की बड़ी योजना तैयार की है। कंपनी के ईवी इकोसिस्टम में शोरूम, सर्विस सेंटर, डिलीवरी इन्फ्रास्ट्रक्चर, चार्जिंग स्टेशन, लॉजिस्टिक्स हब और कंपनी के ऑफिस शामिल हैं। मुंबई में टेस्ला ने प्रमुख क्षेत्रों जैसे लोअर परेल, बीकेसी, नवी मुंबई और ठाणे में चार प्रमुख चार्जिंग स्टेशनों के निर्माण का ऐलान किया है। इसमें 16 सुपरचार्जर और 16 डेस्टिनेशन चार्जर होंगे। टेस्ला ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन उसके व्यापक मिशन का सिर्फ एक हिस्सा है।



## भारत का व्यापार घाटा जून 2025 में कम होकर 18.78 अरब डॉलर रहा

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ों में बताया गया कि इस साल जून में भारत का व्यापार घाटा कम होकर 18.78 अरब डॉलर रह गया, जबकि मई में यह 21.88 अरब डॉलर था। जून में भारत का निर्यात 35.14 अरब डॉलर पर स्थिर रहा है, जबकि पिछले साल इसी महीने यह 35.16 अरब डॉलर था। मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, जून में देश का आयात 3.71 प्रतिशत घटकर 53.92 अरब डॉलर रह गया, जबकि एक साल पहले यह 56 अरब डॉलर था। हालांकि, देश के सेवा क्षेत्र ने जून में अच्छा प्रदर्शन किया है।

## 2025 की दूसरी तिमाही में ग्लोबल पीसी शिपमेंट 4% से अधिक बढ़कर 63 मिलियन यूनिट हुआ

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

कैलेंडर वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में दुनिया भर में पीसी शिपमेंट 63 मिलियन यूनिट से अधिक हो गया, जो सालाना आधार पर 4 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है। यह जानकारी मंगलवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। गार्टनर की प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, पीसी मेकर्स ने जून तिमाही में कुल 63,225 मिलियन यूनिट की शिपमेंट की, जो एक वर्ष पहले इसी तिमाही में 60,541 मिलियन यूनिट की तुलना में 4.4 प्रतिशत अधिक है। गार्टनर के रिसर्च प्रमुख ऋषि पाधी ने कहा, "2025 की दूसरी तिमाही में, एंटरप्राइज की मांग उपभोक्ता मांग से आगे निकल गई, जिसका आधार विंडोज 11 माइग्रेशन और महामारी के दौर में डेस्कटॉप रिन्यूबल था, जबकि खरीदारों द्वारा खरीदारी टालने के कारण कंज्यूमर रिफ्रेश धीमा हो गया। ग्लोबल शिपमेंट में मात्रा के मामले में लेनोवो सबसे आगे रहा, जिसकी बाजार हिस्सेदारी 26.9 प्रतिशत थी, उसके बाद एचपी इंक की हिस्सेदारी 22.3 प्रतिशत, डेल की हिस्सेदारी 15.6 प्रतिशत और एप्पल की हिस्सेदार 9 प्रतिशत रही। रिपोर्ट में कहा गया है, "2025 की दूसरी तिमाही में दुनिया भर में टॉप पांच विक्रेता रैंकिंग में कोई बड़ा बदलाव नहीं आया।

# केंद्रीय मंत्री ने जापान के कपड़ा इंडस्ट्री लीडर्स से भारत में निवेश करने का किया आग्रह

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने जापान की अपनी आधिकारिक यात्रा शुरू की और स्थानीय उद्योग प्रमुखों के साथ महत्वपूर्ण बैठकें कीं। यह जानकारी मंगलवार को एक आधिकारिक बयान में दी गई। उन्होंने जापान के प्रमुख कपड़ा और परिधान उद्योगों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ एक इंटरेक्टिव राउंडटेबल की अध्यक्षता की और उनसे घरेलू और वैश्विक दोनों बाजारों के लिए भारत में तकनीकी वस्त्र, रेशा उत्पादन और मशीनरी क्षेत्रों में निवेश करने पर विचार करने का आग्रह किया। कपड़ा मंत्रालय ने




एक बयान में कहा कि केंद्रीय मंत्री ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी अर्पित की और गांधीजी के सत्य, अहिंसा और करुणा के आदर्शों की स्थायी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।

गिरिराज सिंह ने टोक्यो स्थित भारतीय दूतावास का दौरा किया और राजदूत सिबी जॉर्ज द्वारा भारत-जापान संबंधों और कपड़ा क्षेत्र में अवसरों पर एक संक्षिप्त बैठक की अध्यक्षता की। बाद में दुनिया की अग्रणी परिधान खुदरा कंपनियों में से एक, फास्ट रिटेलिंग कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष, अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, तदाशी यानाई के साथ एक रणनीतिक बैठक हुई।

### डीडीसी ने मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय लातेहार में किया पौधरोपण, कहा-

# पौधा लगाने के साथ-साथ उसके संरक्षण पर भी दें ध्यान

**नवीन मेल संवाददाता**




**लातेहार।** एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत मंगलवार को उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद के ने मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय लातेहार के परिसर में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सबकी समान रूप से जिम्मेवारी है। उन्होंने सभी को कहा कि एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाएं। विद्यालय परिसर से लेकर अपने घर में एक पेड़ मां को समर्पित करें। उन्होंने कहा कि पौधा लगाने के साथ-साथ उसके संरक्षण करने की भी आवश्यकता है। पौधे को बड़ा होने तक पौधे की देखभाल भी करें। आगे उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। यह न सिर्फ हमें जीवनदायक ऑक्सीजन देता हैं, बल्कि कई प्रकार से हमें लाभ पहुंचाते हैं। प्राकृतिक संपदाओं का हमें संकल्पित होकर सुरक्षा के लिए प्रयास करना चाहिए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम कुमार साहू ने कहा कि मौसम की बदलते परिवेश में हम सभी को इको सिस्टम के लिए काम करने की जरूरत है। इन्होंने कहा कि विद्यालय में इको क्लब के द्वारा उल्लेखनीय कार्य किया जा रहे हैं। विद्यालय परिसर के साथ-साथ समुदाय स्तर पर भी पर्यावरण संरक्षण के लिए मिलकर प्रयास करने की जरूरत है।

एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण सतत प्रयास का हिस्सा है। खाली पड़े भूमि पर विद्यालय परिसर में पेड़ लगाए, वृक्ष मां के समान है। मां हमेशा निस्वार्थ रूप से हमलोगों की सेवा में लगी रहती है।

मौक पर विद्यालय के शिक्षक, क्षेत्रीय परियोजना समन्वयक संजीत कुमार, एथल किस्पोट्टा, एशिया इंस्टिट्यूट ऑफ सस्टेनेबल डेवलपमेंट के प्रतिनिधि मुकेश कुमार, आयुष सिंह विद्यालय की प्रभारी तृप्ति भारती, नरेंद्र कुमार पांडे एवं यूनिसेफ टीम शामिल रही।

## आयुष मेला में 220 मरीजों का हुआ उपचार



**चंदवा।** स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की पहल परआयुष समिति चंदवा के बैनर तले तिलैयाटांड़ स्थित मदरसा खैरुल उलूम परिसर में आयुष मेला का आयोजन किया गया। आयुष मेला में डॉ. अमित राज मिश्रा, सुनीता कुमारी, डॉ. वीरेंद्र कुमार, डॉ. अली अकबर, डॉ. शशिकांत द्विवेदी की टीम ने करीब 220 मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच किया। जांचोपरांत चिकित्सकीय परामर्श एवं दवा का भी वितरण किया गया। डॉ. अमित राज मिश्रा ने बताया कि आयुष मंत्रालय के पहल पर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में आयुष मेला का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य लोगों के स्वास्थ्य को बेहतर करते हुए निरोगी बनाना है। उन्होंने आगे बताया कि 22 जुलाई को अलौदिया पंचायत अंतर्गत शुक्रबाजार टांड़ में आयुष मेला का आयोजन किया जाएगा। इन्होंने लोगों से शिविर का लाभ उठाने की अपील भी की। शिविर के मौके पर आयुष विभाग के कर्मी समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## पलामू डीआईजी नौशाद आलम ने सूदना शिव मंदिर में दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** निगम क्षेत्र अंतर्गत सुदना शिव मंदिर में डीआईजी नौशाद आलम ने पूजा कर प्रसाद ग्रहण किया और मंदिर का निरक्षण भी किया। इस अवसर पर डीआईजी पलामू ने कहा कि सावन का पावन महीना अभी प्रारंभ हुआ है और अभी हम सभी ने मुहर्रम को आपसी भाई चारे से मनाया है। उन्होंने पलामूवासियों को सावन की शुभकामनाएं दी, आगे कहा कि जैसे हम लोगों का रमजान एक महीना चलता है वैसे ही सावन का पावन महीना पूरे एक महीना चलेगा, इस महीने में श्रद्धा, प्रेम का बयार बहा रहता है। जितने भी श्रद्धालु रोड पर मंदिर में शिवालियों में भगवा कपड़ों के साथ चलते हैं उनमें श्रद्धा और प्रेम की भावना अपार बहती है। उन्होंने रमजान तथा सावन के महीन का व्याख्यान करते हुए कहा कि दोनों महीनों में शरीर पूरी तरह से स्वस्थ हो जाता है। वर्तमान समय में हम सभी को विचलित नहीं होना है शास्त्र में लिखी बातों को अमल में लाना है, कन्हीं की बातों में आने वाले नहीं है। सभी समुदाय के लोग आपस में मिलकर भाईचारे की बयार बहा रहे हैं। पुलिस पूरी तरह से तैयार है अब जनता के हित के लिए पुलिस के द्वारा ई-साक्ष्य की भी सुविधा उपलब्ध करा दी गई है आगे उन्होंने कहा कि मंदिर के श्लोक तुमही से, मस्जिद की आजान हो तुम, तेरी इबादत में मेरा सजदा, गीता और कुरान तुम हो ये संदेश है और यह हम लोगों को मनाना चाहिए।

आगे पूछे गए सवाल पर डीआईजी पलामू ने कहा कि सोमवार के शिव मंदिर पर पुलिस बल उपस्थिति रहेगी। मौके पर पुलिसकर्मी सिविल ड्रेस में भी जगह-जगह पर उपस्थित रहेंगे। इसके लिए संबंधित जिले के पुलिस कप्तान को कहा गया है।

## तीन दिवसीय विशेष गहन पुनरीक्षण प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2026 के क्रियान्वयन को लेकर अंतिम दिन प्रशिक्षण में सभी बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षकों ने भाग लिया। सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद की अध्यक्षता में प्रशिक्षण में बीएलओ के कर्तव्य,प् ुनरीक्षण कार्यक्रम में बीएलओ को आवश्यक कागजात, गणना प्रपत्र आदि की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस प्रशिक्षण में विल्सन लकड़ा गौतम कुमार, मनीष पांडेय,विद्या रानी, मीणा देवी, सुकृता देवी, सुषमा, उषा समेत सभी बीएलओ शामिल थे।

## मंगलवार को भी शहरी क्षेत्र में जमकर हुई बारिश, 24 घंटे में 90.5 एमएम वर्षा दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** मानसून के शुरू होने के बाद शुरू हुई बरसात लगातार जारी है। जिले में बरसात के शुरू हुए लगभग तीसरा महीना पूरा होनेवाला है। इतने दिनों में किसी भी दिन लोगों ने खुल कर धूप नहीं देखा है। हर दिन झमाझम बारिश हो रही है। मंगलवार को भी सुबह से ही शुरूआत से ही बारिश हुई। मेदिनीनगर के शहरी तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में पूरे दिन कई बार तो काफी तेज बारिश हुई। सोमवार को हुए बारिश के बाद शहर के कई इलाकों में जलजमाव जारी है। शहर के रांची रोड, गायत्री मंदिर रोड में नाला बन गया। वहीं नदी किनारे के कई हिस्से में जगह-जगह पर पानी लोगों के घरों में घुस गया। लोगों ने कहा कि शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। पानी की निकासी का उचित प्रबंध नहीं होने के कारण यह परेशानी हो रही है। लगातार बारिश के बाद कोयल अमानत व मलय नदियां फिर एक बार उफान पर हैं, वहीं खेत, तालाब और कुआं में पानी लबालब भर गये हैं। लगातार बारिश से शहर में ऑफिस स्कूल समेत सभी कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को जहां 21.2 मिलीमीटर वर्षा हुई थी, वहीं मंगलवार को 25.5 मिलीमीटर वर्षा हुई। वहीं बीते 24 घंटे में 90.5 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई। आगामी कुछ दिनों के लिए मौसम विभाग में पलामू जिले को लेकर येलो येलो जारी किया है। इस दौरान वर्ष के साथ-साथ वज्रपात की भी संभावना जताई गई है।

## माई भारत संगठन ने किया पौधरोपण



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** माई भारत द्वारा पूरे देश भर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पलामू जिला अंतर्गत जनता शिवरात्रि महाविद्यालय मेदिनीनगर में प्राचार्य डॉ. अजय पासवान द्वारा पौधरोपण कर अभियान की शुरूआत की गई। पर्यावरण संरक्षण एवं पौधरोपण के महत्व को बताते हुए डॉ. अजय पासवान ने कहा कि पौधरोपण के माध्यम से ही पर्यावरण की रक्षा की जा सकती है। वहीं एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी जय प्रकाश राम ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर में प्रतीकात्मक रूप से पौधरोपण कर लोगों में जागरूकता फैलाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने इस अभियान को सफल बनाने हेतु लोगों से आग्रह किया। पलामू के सभी प्रखंडों में इस अभियान के तहत वृक्षारोपण किया जाएगा। इस कार्यक्रम में उत्कर्ष तिवारी, प्रकाश रॉय, कमलेश पांडे सहित महाविद्याय के शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**लापरवाही** | बार-बार विभाग की जानकारी में मामला लाने के बाद भी इस तरफ ध्यान नहीं

# खेतों में झुके बिजली के तार दे रहे हादसों को न्योता

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** वार्ड संख्या 2 में बजराहा से लेकर सिंगरा से गुजरे दर्जनों बिजली के खंभे खेतों में झुके होने के कारण हादसों को आमंत्रण दे रहे हैं। इन खंभों में लटक रहा तार जमीन से मात्र चार-पांच फुट की ऊंचाई पर ही गुजर रही है। बार-बार विभाग की जानकारी में मामला लाने के बाद भी इस तरफ ध्यान नहीं दिए जाने से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि शायद विभाग किसी हादसे इंतजार में है। गांव के किसानों ने झुके हुए तारों को दुरुस्त करवाने तथा जर्जर पोल की जगह नए पोल लगवाने की मांग की है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस बारे में वे विभाग को कई बार लिखित व मौखिक रूप से अवगत करवा करवा चुके हैं, लेकिन आज तक बिजली के तारों को ठीक नहीं करवाया गया है।

### बिजली विभाग कर रहा आनाकानी

स्थानीय निवासी प्रकाश शुक्ल ने बताया दो साल से बिजली विभाग के अधिकारियों को शिकायत दी जा चुकी है। लेकिन विभाग के कर्मचारी तारों को ठीक करने की बजाए, आनाकानी कर रहे है। इस क्षेत्र में खेती करने वाले किसानों का कहना है कि 11 हजार के झूलते तारों के बीच में चाह कर भी बरसात के दिनों में खेती नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि खड़ी फसल के दौरान करंट लगने से जमीन से छू तारों में उलझ कर दो-तीन नीलगाय घायल हो गई। किसानों व खेत मालिक ने विभाग के उच्च अधिकारियों से इस समस्या का निदान करने की मांग की है।

## उपायुक्त ने आमजनों की सुनी समस्या, पदाधिकारियों को समस्या का समधाना करने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा।

जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जांच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। जन शिकायत निवारण में मुख्य रूप से भूमि अधिग्रहण, जमीन विवाद, रास्ता बंद कर दिए जाने के संबंध में, पीसीसी, गार्डवाल में निम्न स्तर के मैटेरियल उपयोग के संबधित जुड़े आवेदन आये। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्यायें को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े शब्दों में निदेशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए, समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करें।

उपायुक्त के निर्देशानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को जन शिकायत निवारण का आयोजन किया जाता है।

## चोरी के इन्वर्टर व बैटरी के साथ एक गिरफ्तार



**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के टीओपी-2 क्षेत्र में 12 जुलाई को पशुपालन विभाग के पेट क्लीनिक, मेदिनीनगर का कार्यालय बंद था। दिनांक 14 जुलाई को जब क्लीनिक खोला गया, तो पाया गया कि कार्यालय की सीढ़ी के नीचे रखा माईकोटेक इन्वर्टर और बैटरी चोरी हो गया है। इस संबंध में शहर थाना में एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई जिस पर पुलिस ने संज्ञान लेते हुए टीओपी-2 प्रभारी राकेश कुमार एवं टाइगर मोबाइल टीम के सहयोग से रात्रि में ही रेलवे ओवरब्रिज के पास से विशाल कुमार उर्फ विशाल कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में विशाल कुमार जो शाहपुर का रहने वाला है ने स्वीकार किया कि वह अपने साथी के साथ दिनांक 13 जुलाई की रात्रि पेट क्लीनिक से इन्वर्टर और बैटरी चोरी कर ले जा रहा था। लेकिन रास्ते में टाइगर मोबाइल के जवानों को गश्ती पर देख डर के कारण उसने चोरी का सामान लकड़ी टाल रोड के पास झाड़ियों में छुपा दिया।

## मनरेगा योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक में महिलाओं को रोजगार देने पर दिया गया बल



**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर में मंगलवार को मनरेगा योजनाओं को लेकर बीपीओ केतन गुप्ता की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक किया गया। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के सभी संचालित योजनाओं को समीक्षा की गई एवं कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। सामुदायिक योजना में कृषि से आधारित योजनाओं जैसे आम बागवानी में जल्द से जल्द गड्ढा भराई करने का निर्देश दिया गया। अबुआ आवास, पीएम आवास योजना में 95 मानव दिवस पर बल दिया गया। साथ ही कार्य में अधिक से अधिक महिलाओं को रोजगार देने के लिए प्रथमिकता देने की बात कहीं गई। मौके पर रोजगार सेवक सुरेंद्र यादव, रवि कुमार यादव सहित प्रखंडकर्मी मौजूद थे।

## पीसीसी पथ निर्माण को लेकर बीडीओ का निरीक्षण




**नवीन मेल संवाददाता**

**कुंदा (चतरा)।** नवादा पंचायत के ग्राम सिंदरी में सरजू गंझू के घर से करीमन भारती के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कराने को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा ने कच्ची सड़क का निरीक्षण किया। बीडीओ ने सड़क का निरीक्षण कर पीसीसी पथ निर्माण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने सड़क की स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक सुधार लाने की बात कही। निरीक्षण के बाद बीडीओ ने बताया कि पीसीसी पथ निर्माण का कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। इससे ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी और उनकी परेशानियां दूर होंगी।

## पेज एक के शेष

### भारत के गर्व...

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह और कई अधिकारी मौजूद थे। उतरने के करीब एक घंटे बाद जैसे ही ड्रैगन कैप्सूल का हैच खुला, सबसे पहले अमेरिका की अनुभवी अंतरिक्ष यात्री पेगी व्हिटसन बाहर निकलीं। कुछ मिनट बाद शुभांशु शुक्ला मुस्कुराते हुए बाहर आए। अगले एक सप्ताह तक शुभांशु और अन्य एस्ट्रोनॉट्स को क्वारंटाइन रखा जाएगा। अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहने के कारण शरीर की हड्डियों, मांसपेशियों और संतुलन प्रणाली को फिर से अनुकूल बनाना जरूरी होता है। विशेषज्ञों की टीम लगातार उनके स्वास्थ्य मापदंडों की निगरानी कर रही है, ताकि किसी प्रकार की जटिलता से बचा जा सके। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में 18 दिनों की यात्रा के दौरान एक्सिओम 4 मिशन के चार अंतरिक्ष यात्रियों ने 31 देशों के 60 वैज्ञानिक प्रयोगों को अंजाम दिया। इनका मकसद स्पेस साइंस और हेल्थ टेक्नोलॉजी जैसे कई क्षेत्रों में नई जानकारी जुटाना था। यही डाटा और साइंटिफिक मैटेरियल आज धरती पर वापस लाया गया है। ज्ञात हो कि 25 जून 2025 को फ्लोरिडा के कैनेडी अंतरिक्ष स्टेशन से स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट के जरिए यह मिशन सफलतापूर्वक लांच हुआ। 26 जून को अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पहुंच गए और उन्होंने वहां 18 दिनों का अपना सफर शुरू किया।

### नामकुम के ग्रिड...

इधर, इस घटना के बाद न केवल बिजली विभाग की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं, बल्कि पुलिस की गश्ती और निगरानी व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। नामकुम थाने की पुलिस ने कहा कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### उपाधि प्रमाणपत्र नहीं...

नए भारत की बदलती तस्वीर है बेटियों को अधिक संख्या में गोल्ड मेडल मिलना : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि झारखंड के युवाओं में निहित ऊर्जा, प्रतिभा और कुछ कर दिखाने का जज्बा देखकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता होती है। विशेष रूप से ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले छात्र-छात्राएं आज न केवल उच्च शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं, बल्कि शैक्षणिक प्रदर्शन में भी उत्कृष्टता का परिचय दे रहे हैं। राज्यपाल ने भी उल्लेख किया कि विभिन्न दीक्षांत समारोहों में उन्होंने यह देखा है कि बेटियां अपेक्षाकृत अधिक संख्या में गोल्ड मेडल प्राप्त कर रही हैं, जो नए भारत की बदलती तस्वीर को दर्शाता है।

**जीवन में केवल डिग्री नहीं दिशा और दृष्टि भी आवश्यक :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने विद्यार्थियों से आत्मविश्वास, विनम्रता और सेवा भावना के साथ आगे बढ़ने का आह्वान करते हुए कहा कि जीवन में केवल डिग्री नहीं, दिशा और दृष्टि भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि आप अपने लक्ष्य के प्रति निष्ठा और समर्पण बनाए रखेंगे, तो सफलता निश्चित रूप से आपके चरण चूमेगी।

### जेजेएमपी के सबजोनल...

नक्सलियों को सरकार की पुनर्वास नीति के तहत सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। एसपी कुमार गौरव ने कहा कि लवलेश पर लातेहार समेत आसपास के अन्य जिलों में लगभग 50 से अधिक हिंसक मामले दर्ज है। इस पर पांच लाख रुपए का इनाम भी घोषित है। उन्होंने कहा कि पुलिस नक्सलियों एवं उग्रवादियों के खिलाफ अब निर्णायक कार्रवाई कर रही है। उनके पास अब एक ही विकल्प है कि वे आत्मरक्षा के लिए आत्मसमर्पण कर दें और मुख्य धारा में लौटकर सुखद जीवन व्यतीत करें।

**लोहरा की मौत के बाद लवलेश आखिरी बड़ा उग्रवादी बचा था :** जेजेएमपी का सुप्रीमो पप्पू लोहरा दो माह पहले मुठभेड़ में मारा गया था। उसके बाद लवलेश गंझू ही संगठन का आखिरी बड़ा उग्रवादी बचा था। पुलिस की लगातार सख्त कार्रवाई और दबाव के कारण, वह अब संगठन से अलग होकर भागते-फिरते अंततः आत्मसमर्पण करने को मजबूर हो गया।

### सैनिक भाइयों-बहनों!...

चलने वालों के नापाक मंसूबों पर ऐसा पानी फेरा गया कि दुश्मन थर्रा उठे। 'त्राहिमाम' कहते हुए उसने हाथ ऊपर कर दिए। हमने बता दिया कि 'दुनिया वालों, हम भारतीयों से टकराने से पूर्व, हजार बार सोच लेना। हमारे जांबाज महापराक्रमी, भारत मां के सपूत तुम्हें चीर कर रख देंगे।' यही कारण है कि आज भारत का नाम सुनते ही दुश्मनों के पांव थर-थर कांपने लगते हैं। सैनिक भाइयों-बहनों! आज हम देशवासी आपके जज्बे को नमन, वंदन, अभिनंदन करते हैं। आप पर हमें अभिमान है। आप हमारी शान हैं। आज पूरे विश्व में 'ऑपरेशन सिंदूर' की भूरि-भूरि प्रशंसा है, जो सिर्फ और सिर्फ भारत मां के सपूतों की बदौलत है। अतः आपको, आपके शौर्य को नमन, बार-बार नमन। आपकी जय हो, सर्वत्र जय हो। जय हिंद।

# सीरिया में शिया-सुन्नी की लड़ाई में इजराइल की एंट्री

## सीरियाई टैंकों पर बम गिराए, 2 दिनों में 100 लोगों की मौत



**दमिश्क । एजेंसी**

सीरिया में दो समुदायों के बीच संघर्ष में इजराइल की भी एंट्री हो गई है। इजराइली सेना ने मंगलवार को सीरियाई सैन्य टैंकों पर हमला किया। ये हमला उस समय हुआ जब सीरियाई सरकार के सुरक्षाबल स्वेदा प्रांत में ड्रूज मिलिशिया और बेदोइन जनजातियों के बीच हो रही हिंसक झड़पों को रोकने पहुंचे थे। स्वेदा प्रांत सीरिया के दक्षिण इलाके में है और 13 साल लंबे गृहयुद्ध से तबाह हो चुका है। बीते 2 दिनों में शिया ड्रूज और सुन्नी बेदोइन कबीलों के बीच हुई झड़प में करीब 100 लोगों की मौत हो गई।


**शिया इस्लाम से जुड़े हैं ड्रूज समुदाय :** ड्रूज समुदाय, जो शिया इस्लाम की एक शाखा है। सीरिया, लेबनान और इजराइल में फैला हुआ है। स्वेदा शहर ड्रूज बहुल है और ड्रूज मिलिशिया के नियंत्रण में रहा है। उन्होंने लंबे समय तक सीरियाई सेना के साथ जुड़ने से इनकार किया था। सीरिया इस समय एक नई सुन्नी बहुल सरकार के अधीन है, जिसने बशर अल-असद को सत्ता से हटाकर सत्ता संभाली है। लेकिन इस बदलाव के बाद भी अल्पसंख्यक समुदाय, जैसे ड्रूज, शिया, ईसाई और कुर्द लोग, सरकार पर संदेह करते हैं। इस साल मई में इजराइली सेना ने दमिश्क में राष्ट्रपति भवन के पास एक हमला किया था, जिसे अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा के लिए चेतावनी माना गया। हालांकि, नए राष्ट्रपति ने कहा है कि वे सीरिया के पुनर्निर्माण पर ध्यान देना चाहते हैं और इजराइल के साथ किसी संघर्ष में रुचि नहीं रखते।

**02** दिनों में करीब 100 लोगों की मौत हो चुकी है

**13** साल लंबे गृहयुद्ध से स्वेदा सीरिया प्रभावित है

**ड्रूज समुदाय शिया इस्लाम की एक शाखा से जुड़ा हुआ है**

### नेतन्याहू बोले- ड्रूज समुदाय की हिफाजत करेंगे



सीरियाई सैनिकों पर बेदोइन समुदाय की मदद करने के आरोप लगे। इस पर इजराइल ने नाराजगी जताई और कहा कि सीरियाई सरकार ड्रूज समुदाय पर हमला करने के लिए अपने सैनिकों और हथियारों का इस्तेमाल कर रही है। इसलिए इजराइल ने सुवेदा के आसपास के इलाकों में सीरियाई सरकारी बलों पर बमबारी की है। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बताया कि इस कार्रवाई का मकसद ड्रूज समुदाय की रक्षा करना है, क्योंकि इजराइल और इजराइली क जे वाले गोलान हाइट्स में ड्रूज लोगों से उनके गहरे रिश्ते हैं। सीरिया के गृह मंत्रालय ने इस हिंसा को सांप्रदायिक न मानते हुए कहा कि यह सरकार और अपराधियों के बीच की लड़ाई है, न कि सरकार और किसी खास समुदाय के बीच की। मंत्रालय ने माना कि स्वेदा में अराजकता को रोकने में सरकार नाकाम रही।

## भूकंप के झटकों से दहला फिलीपींस, रिक्टर स्केल पर 5.8 दर्ज की गई तीव्रता




**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

फिलीपींस में मंगलवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.8 दर्ज की गई। हालांकि, अभी तक किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, मंगलवार सुबह उत्तरी फिलीपींस के इलोकोस नॉर्ट प्रांत में 5.8 तीव्रता का एक भूकंप आया, जिसकी जानकारी फिलीपीन इंस्टीट्यूट ऑफ वोल्केनो लॉजी एंड सीस्मोलॉजी ने दी। बताया जा रहा है कि भूकंप के झटके स्थानीय समयानुसार मंगलवार सुबह 10 बजकर 38 मिनट पर महसूस किए गए।, जिसका केंद्र पासुक्विन शहर से लगभग 29 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में 27 किलोमीटर की गहराई पर था। यह टेक्टॉनिक भूकंप था, जिसके कारण कुछ और झटके आ सकते हैं, लेकिन इससे बड़ा नुकसान होने की संभावना कम है। इस भूकंप का असर पड़ोसी प्रांतों कागायन, इलोकोस सुर, इसाबेला और अब्रा में भी महसूस किया गया। फिलीपींस में बार-बार भूकंप आते हैं, क्योंकि यह प्रशांत रिंग ऑफ फायर पर स्थित है। फिलीपींस में अक्सर भूकंप के झटके आते रहते हैं. इनमें ज्यादातर झटके कम तीव्रता के होते हैं। लेकिन पिछले महीने भी फिलीपींस में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए थे। 24 जून को दक्षिणी फिलीपींस में 6.3 तीव्रता का भूकंप आया था। यूएसजीएस के मुताबिक, ये भूकंप दावाओ द्वीप से करीब 374 किमी पूर्व में आया था।

बोइंग व बीमा कंपनियों को बचाने की चाल तो नहीं

## अमेरिकी मीडिया ने की पायलटों पर दोष मढ़ने की कोशिश की

**ब्यूरो**



● वॉयस डेटा रिकॉर्डर से स्पष्ट है कि दोनों पायलटों ने फ्यूल स्विच बंद नहीं किया था

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में एयर इंडिया की उड़ान एआई-171 दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें 270 लोगों की जान चली गई। एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) की शुरुआती रिपोर्ट से पहले ही अमेरिकी मीडिया ने बोइंग व बीमा कंपनियों को बचाने के लिए पायलटों पर दोष मढ़ने की कोशिश की है। मालूम हो कि 12 जून को अहमदाबाद में एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 दुर्घटना में 270 लोगों की मौत हो गई थी। इस दुर्घटना पर एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो की शुरुआती रिपोर्ट आई है। जिसको लेकर कई सवाल उठाए जा रहे हैं। वैसे तो यह प्राथमिक रिपोर्ट है और विस्तृत रिपोर्ट में ही सब कुछ साफ होने की संभावना है।लेकिन अचरज यह है कि रिपोर्ट सार्वजनिक होने से पहले से ही अमेरिकी मीडिया इस हादसे का सारा दोष दिवंगत पायलटों पर डालने की कोशिश शुरू कर चुकी थी। जिसके कारण शक पैदा होता है कि कहीं इसके लिए कोई बड़ी साजिश तो नहीं रची गई है।संभवतया इसमें अरबों रुपये का खेल भी शामिल हो सकता है। यह आशंका एविएशन एक्सपर्ट की ओर से भी जताई जा रही है।एअरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो की प्रारंभिक रिपोर्ट के बाद सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर के फ्यूल स्विच को पायलटों ने जानबूझकर बंद किया? या फिर किसी तकनीकी खराबी के कारण इंजन बंद हो गया? एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो ने इसका सीधा जवाब नहीं दिया है। लेकिन रिपोर्ट में 'ट्रांजिशन' शब्द का इस्तेमाल किया गया है, 'मैनुअल स्विच-ऑफ' का नहीं। वॉयस डेटा रिकॉर्डर में जो दोनों पायलटों के बीच बातचीत का हिस्सा जारी किया गया है, उससे भी जाहिर है कि किसी पायलट ने फ्यूल स्विच बंद कर दिया, इसका कोई सवाल ही नहीं पैदा होता। फिर भी इस बात पर काफी बहस हो रही है। सबसे संदिग्ध सवाल वॉल स्ट्रीट जर्नल जैसी पश्चिमी मीडिया की जल्दबाजी की वजह से पैदा हो रहा है। इस अमेरिकी मीडिया आउटलेट ने एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो की रिपोर्ट आने से कई घंटे पहले ही पायलटों पर दोष डालने की कोशिशें शुरू कर दी थी। इसने 10 जुलाई को ही दावा किया था कि 'जांच में पता चला है कि शायद विमान में कोई खराबी नहीं थी। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, जांच पायलटों पर केंद्रित है। मतलब, जांचकर्ता यह देख रहे हैं कि क्या पायलटों ने कोई गलती की? अभी तक बोइंग 787 ड्रीमलाइनर में कोई समस्या नहीं दिख रही है।' वैसे एयरक्राफ्ट बनाने वाली कंपनी कोई मामूली कंपनी नहीं है। इसमें जिस कंपनी का इंजन लगता है वह भी दुनिया की बड़ी कंपनी है। जिस कंपनी ने इनका बीमा किया है वह भी दुनिया की बड़ी कंपनी है। इनमें अमेरिका व अन्य कई देशों के तमाम अति धनी उद्यमियों , सत्ताधारी नेताओं आदि के मोटे शेयर हैं। इसके मद्देनज़र भी इस घटना की जांच रिपोर्ट आने के पहले ही सारा दोष दो पायलटों पर मढ़ने वाली ख़बरें आना कहीं न कहीं खटकने लगा है। इससे आशंका होने लगी है कि कहीं हवाई जहाज कंपनी अंदर-अंदर अपने बचाव के लिए लॉबिंग तो नहीं शुरू कर दी है। क्योंकि जहाज में गड़बड़ी , इसके पार्ट में गड़बड़ की रिपोर्ट आई तो उसका धंधा बैठ जाएगा। जो अरबों डालर में होगा। इस कंपनी का धंधा बैठेगा तो इसकी बीमा करने वाली कंपनी का बहुत नुकसान होगा।

## जेलेंस्की ने समर्थन करने के लिए ट्रंप का जताया आभार



**कीव (आईएएनएस)।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने यूक्रेन का समर्थन करने और रूस के साथ युद्ध खत्म करने के प्रयासों में योगदान की इच्छा के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का आभार जताया है। जेलेंस्की ने इसे 'बहुत अच्छी बातचीत' बताया और जारी संघर्ष के बीच 'स्थायी और न्यायपूर्ण शांति' हासिल करने में ट्रंप की रुचि का स्वागत किया। जेलेंस्की ने 'एक्स' पोस्ट पर लिखा, "मैंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बात की। यह एक बहुत अच्छी बातचीत थी। यूक्रेन का समर्थन करने और हत्याओं को रोकने व एक स्थायी और न्यायपूर्ण शांति

## न्यूयॉर्क और न्यू जर्सी में बारिश से आई बाढ़, आपातकालीन चेतावनी जारी

**न्यूयॉर्क (आईएएनएस)।** उत्तर-पूर्व और मध्य-अटलांटिक के कुछ हिस्सों में भारी बारिश के कारण न्यूयॉर्क शहर और उत्तरी न्यू जर्सी में बाढ़ आ गई है। स्थिति को देखते हुए आपातकालीन चेतावनियां जारी करी गई है। लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया है। हालात को देखते हुए न्यू जर्सी के गवर्नर फिल मर्फी ने सोमवार देर रात आपातकाल की घोषणा की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा, "मैं राज्य के कुछ हिस्सों में अचानक आई बाढ़ और भारी बारिश को देखते हुए आपातकाल की घोषणा कर रहा हूं। कृपया घर के अंदर रहें और अनावश्यक यात्रा से बचें।

## इमरान खान की रिहाई के लिए पीटीआई करेगी राष्ट्रव्यापी आंदोलन

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान में जल्द ही हालात तेजी से बिगड़ने की संभावनाएं हैं क्योंकि शहबाज शरीफ सरकार और पाकिस्तानी सेना ने मिलकर पूरे विपक्ष को कुचलने का मन बना लिया है। हम आपको बता दें कि पाकिस्तान में हाल के दिनों में जो घटनाक्रम तेजी से सामने आये हैं वह न केवल वहां के राजनीतिक हालात को उजागर कर रहे हैं बल्कि यह भी बता रहे हैं कि सेना और सरकार किस तरह से सत्ता बचाने के लिए "सुरक्षा" के नाम पर कानूनों और संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही हैं। हम आपको बता दें कि इमरान ख़ान की पार्टी पीटीआई की प्रस्तावित राष्ट्रीय आंदोलन की चेतावनी के बीच पाकिस्तान सरकार ने जिस तरह से एक नए केंद्रीय अर्धसैनिक बल 'Federal Constabulary' के गठन की घोषणा की है।

## केरल की नर्स निमिषा प्रिया की फांसी फिलहाल टली, यमन में प्रयास जारी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



यमन में भारतीय नागरिक निमिषा प्रिया की फांसी टल गई है। यह फैसला ऐसे समय में आया है, जब निमिषा की फांसी बुधवार यानी 16 जुलाई को तय थी। मंगलवार को 'सेव निमिषा प्रिया इंटरनेशनल एक्शन काउंसिल' के वकील सुभाष चंद्रन ने निमिषा की फांसी के टलने की जानकारी दी। केरल की रहने वाली नर्स निमिषा प्रिया को यमन में एक हत्याकांड में मौत की सजा सुनाई गई थी। वकील सुभाष चंद्रन ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कहा, "निमिषा की फांसी को फिलहाल टाला गया है। कोई नई तारीख निर्धारित नहीं की गई है।" उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि निमिषा प्रिया को अभी बचाया जा सकता है। सुभाष चंद्रन ने बताया, "अधिकारियों की मौजूदगी में मृतक व्यक्ति के परिवार के साथ लगातार बात हो रही है। फांसी टलने के बाद अब उस परिवार को राजी करने के लिए और समय मिलेगा। वकील सुभाष चंद्रन के मुताबिक, निमिषा प्रिया के मामले में भारत सरकार ने भी सहयोग किया है। अटॉर्नी जनरल ने बताया है कि वे अपने चैनल्स के जरिए यमन के अधिकारियों से बातचीत कर रहे हैं। सुभाष चंद्रन ने बताया कि निमिषा प्रिया के मामले में कुछ अन्य संगठनों का भी सहयोग है। केरल के एक मरकज प्रमुख ने अपने स्तर पर यमन के लोगों से बातचीत की है, जो वहां निमिषा प्रिया के मामले में मृतक व्यक्ति के परिवार को राजी करने में मदद कर रहे हैं। नर्स निमिषा प्रिया 2008 से यमन में रह रही थीं। उन्होंने एक क्लीनिक शुरू किया था, लेकिन स्थानीय कानून का पालन करने के लिए यमन के नागरिक तलाल अब्दुल मेहदी को साझेदार बनाना पड़ा।

## विदेश मंत्री जयशंकर ने राष्ट्रपति जिनपिंग से की मुलाकात, भारत-चीन संबंधों पर हुई चर्चा



**बीजिंग।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को बीजिंग में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों की प्रगति पर चर्चा की। जयशंकर ने इस मुलाकात के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से चीनी राष्ट्रपति को शुभकामनाएं दीं। यह बातचीत शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक के हिस्से के रूप में हुई।


## चीन के मुद्दे पर कांग्रेस ने मानसून सत्र में की है बातचीत की मांग

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** दलाई लामा मामला व पाकिस्तान को हर तरह से मदद देने वाले चीन के मुद्दे पर कांग्रेस ने 21 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र में चर्चा की मांग की गई है। कांग्रेस ने विदेश मंत्री एस जयशंकर के चीन के दौरे का हवाला देते हुए कहा कि पड़ोसी देश से जुड़ी चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की जरूरत है और उम्मीद है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 जुलाई से आरंभ हो रहे संसद के मानसून सत्र में इसके लिए सहमति देंगे।पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सवाल किया कि जब 1962 के युद्ध के समय संसद में खुली चर्चा हो सकती है तो फिर आज क्यों नहीं हो सकती? रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, '14 जुलाई, 2025 को चीन के उपराष्ट्रपति हान झेंग के साथ अपनी बैठक में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत-चीन द्विपक्षीय संबंध 'पिछले साल अक्टूबर में कजान में पीएम मोदी व राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात के बाद से लगातार सुधर रहे हैं' और यह भी कहा कि 'हमारे संबंधों का निरंतर सामान्य होना दोनों देशों के लिए लाभदायक हो सकता है।' उन्होंने कहा कि शायद विदेश मंत्री को याद दिलाना जरूरी है कि प्रधानमंत्री की राष्ट्रपति शी जिनपिंग से हुई पिछली मुलाकात के बाद भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों में क्या-क्या घटनाक्रम हुए हैं। जयराम रमेश ने दावा किया कि चीन ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान को पूरा समर्थन दिया तथा पाकिस्तान ने इस ऑपरेशन को नेटवर्क-केंद्रित युद्ध प्रणाली और जे-10सी लड़ाकू विमान, पीएल-15ई एयर-टू-एयर मिसाइल और ड्रोन जैसे हथियारों के लिए टेस्टिंग ग्राउंड की तरह इस्तेमाल किया।जयराम ने कहा, 'भारतीय सेना के उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर. सिंह ने स्पष्ट रूप से कहा कि भारत ऑपरेशन सिंदूर में तीन दुश्मनों से लड़ा-जिनमें चीन भी शामिल था, जिसने पाकिस्तान को खुफिया जानकारी मुहैया कराई।

उत्तराखंड में 150 मीटर गहरी खाई में गिरी टैक्सी

## पिथौरागढ़ में 13 सवार में से 8 की मौत, रेस्क्यू जारी



**पिथौरागढ़ । एजेंसी**

उत्तराखंड में मंगलवार शाम पिथौरागढ़ जिले में एक मैक्स गाड़ी बेकाबू होकर 150 मीटर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई। हादसा सोनी पुल के पास हुआ। मैक्स मुवानी से बकटा जा रही थी। इसमें 13 लोग सवार थे। सूचना पाकर प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच है। रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। गाड़ी के खाई में गिरने के कारणों का भी पता लगाया जा रहा है। पिथौरागढ़ की एसएसपी रेखा यादव ने बताया, गाड़ी मुवानी से बोकटा की तरफ जा रहा थी कि अचानक नियंत्रण बिगड़ गया। इससे गाड़ी नदी में जा गिरी। इस घटना में मौके पर ही 8 लोगों की मौत हो गई है।

कहानी फिल्म जगत की

*कबीर बाहिया ने इंस्टाग्राम स्टोरीज़ पर अपनी गर्लफ्रेंड कृति सनेन की एक दिल छू लेने वाली तस्वीर शेयर की। अपनी गहरी मुस्कान बिखेरते हुए, कथित प्रेमी जोड़े बेहद खुश नज़र आ रहे थे*



## कबीर के साथ शुभमन की कप्तानी का आनंद ले रही कृति सेनन...

### बॉयफ्रेंड ने शेयर की तस्वीर

बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन को लॉर्ड्स क्रिकेट मैदान पर शुभम गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम का उत्साहवर्धन करते देखा गया। मैच देखने के दौरान वह अकेली नहीं थीं। उनके साथ उनके कथित बॉयफ्रेंड कबीर बाहिया भी थे। खेल का आनंद लेने के अलावा, अरबपति कुलजिंदर बाहिया के बेटे के साथ बिताए उनके भावुक पल ने प्रशंसकों का ध्यान खींचा। कबीर बाहिया ने इंस्टाग्राम स्टोरीज़ पर अपनी गर्लफ्रेंड कृति सनेन की एक दिल छू लेने वाली तस्वीर शेयर की। अपनी गहरी मुस्कान बिखेरते हुए, कथित प्रेमी जोड़े बेहद खुश नज़र आ रहे थे। इसके अलावा, वे बेज और सफ़ेद रंगों में ट्विनिंग कर रहे थे, जो एक कपल गोल्स साबित हो रहा था। सेनन और बाहिया को पहले भी डिनर आउटिंग के दौरान देखा गया है, जिससे अक्सर शादी की अटकलें लगाई जाती रही हैं।

